# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 27 सितम्बर, 2026 | वर्ष -01 | अंक-218 | पृष्ठ-16 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### राहुल बोले-बीजेपी ने ज्ञानेश कुमार से चुनावों में फिक्सिंग कराई

**नई दिल्ली/कोलकाता।** एसआईआर विवाद और चुनाव आयोग में आयुक्तों के बीच मतभेद के सामने आने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त लगातार विपक्ष के निशाने पर हैं।राहुल गांधी ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा कि ज्ञानेश कुमार का इस्तेमाल भाजपा के लिए भर्ती करने में किया गया। फिर मोदी और शाह ने उन्हें अंपायर बनाकर भारत के चुनावों में मैच फिक्सिंग का जिम्मा सौंप दिया। वहीं, पूर्व बंगाल सीएम ममता बनर्जी ने उन्हें वैनिश कुमार तक कह दिया है। उन्होंने उन पर एसआईआर के दौरान वोटर लिस्ट से वोटरों के नाम 'गायब' करने का आरोप लगाया। हुगली में शनिवार को पार्टी की रैली के दौरान ममता ने मांग की है कि ज्ञानेश को जाना होगा, जब तक यह मुद्दा हल नहीं हो जाता, पार्टी विरोध करती रहेगी।

### महाराष्ट्रः पालघर में लगे भूकंप के झटके

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में शनिवार रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.6 मापी गई। भूकंप रात 10 बजकर 33 मिनट 46 सेकंड पर आया। इसका केंद्र जमीन से लगभग 5 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। एनसीएस के मुताबिक, भूकंप का केंद्र 20.047 अक्षांश और 72.974 देशांतर पर दर्ज किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भूकंप से किसी प्रकार के जानमाल को नुकसान होने की सूचना नहीं है।

### हादसे में टिकट न मिलने पर भी मुआवजा मिलेगा : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हादसे में जान गंवाने वाले किसी यात्री के पास से ट्रेन टिकट नहीं मिलने से मुआवजे का दावा खारिज नहीं हो जाता है। अदालत ने गुजरात में चलती ट्रेन से गिरकर मरने वाले यात्री के माता-पिता को 30 दिनों के भीतर आठ लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और एएस चंदुरकर की पीठ ने शुक्रवार को गुजरात हाई कोर्ट के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें हादसे के शिकार महेशभाई के माता-पिता को मुआवजा देने से इन्कार कर दिया गया था। महेशभाई 27 सितंबर, 2017 को अहमदाबाद होते हुए सूरत जा रहे थे। रास्ते में झटका लगने से जनरल डिब्बे से गिरकर उनकी मौत हो गई थी।

# आगे बढ़ना है तो मोबाइल छोड़ना होगा : मुख्यमंत्री

## दानापुर में जेन अल्फा से सीएम सम्राट ने की बातचीत



**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को जेन अल्फा से बातचीत की। वो दानापुर के रामजीचक स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में आयोजित पीटीएम और पेंटिंग कॉम्पिटिशन में शामिल हुए। यहां उन्होंने छात्रों से उनकी पेंटिंग पर बात की, पढ़ाई और स्कूल की सुविधाओं पर बात की। सीएम ने छात्राओं से कहा, अगर पढ़ाई करनी है, आगे बढ़ना है तो मोबाइल तो छोड़ना होगा। सीएम ने बच्चों के अभिभावकों से भी बात की। साथ ही पेंटिंग करते नजर आए। वो सूरज की फोटो में कलर भरते दिखे। इस दौरान शिक्षा मंत्री

**पीटीएम और पेंटिंग कॉम्पिटिशन में भी शामिल**

मिथिलेश यादव के साथ-साथ रामकृपाल यादव भी मौजूद रहे।

सीएम ने एक छात्रा के अभिभावक से पूछा कि बच्ची की पढ़ाई कैसी चल रही है और स्कूल में क्या सुविधाएं मिल रही हैं। अभिभावक ने बताया कि स्कूल में निजी स्कूल जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने छात्रा से उसके अंक पूछे। 300 में 189 अंक आने की जानकारी पर उन्होंने कहा कि प्रदर्शन में और सुधार करना होगा। उन्होंने छात्रा को कम से कम 280 अंक लाने का लक्ष्य रखने की सलाह दी। पीटीएम के दौरान सीएम ने दूसरे बच्चों से भी उनके अंक और उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। एक छात्र के 179 अंक आने पर उन्होंने कहा कि अभी काफी सुधार की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने बच्चों से मोबाइल के इस्तेमाल को लेकर भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के समय मोबाइल से दूरी बनानी होगी। मोबाइल का इस्तेमाल करना हो तो उसे सही तरीके से कैसे किया जाए, इस पर ध्यान देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बच्चों के प्रदर्शन पर नजर रखें और जहां कमी दिखे, वहां शिक्षक के साथ मिलकर सुधार की कोशिश करें। जीवन में आगे बढ़ने और अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए शिक्षा जरूरी है। अगले कुछ वर्षों की पढ़ाई ही भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### 58 नए राजमार्ग गश्ती वाहनों को सीएम ने दिखायी हरी झंडी



**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज गृह विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग सुरक्षा एवं निर्बाध यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु 58 राजमार्ग गश्ती वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री सचिवालय संवाद के सामने आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में अपर पुलिस महानिदेशक (यातायात) सुधांशु कुमार ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। यह पहल भारत सरकार के विजन-2030 के तहत सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को 50 प्रतिशत तक कम करने के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राजमार्ग गश्ती योजना के प्रथम चरण में विभिन्न अत्याधुनिक उपकरणों से लैस 61 राजमार्ग गश्ती वाहनों की प्रतिनियुक्ति राज्य के सर्वाधिक दुर्घटना वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के करीब 3,000 किमी क्षेत्र में की गई है। इन वाहनों को प्रत्येक 50 किलोमीटर पर तैनात किया गया है। राजमार्ग गश्ती वाहनों को डायल-112 से भी इंटीग्रेट किया गया है। दुर्घटना की स्थिति में ये वाहन फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में कार्य करेंगे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी व बिजेंद्र प्रसाद यादव, मंत्री कुमार शैलेन्द्र, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा, गृह विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### ओपीआरएमसी सड़क अनुरक्षण व्यवस्था को देगा मजबूती : सीएम

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में 10590.5328 करोड़ रुपए की लागत से कुल 13033 किलोमीटर राज्य उच्च पथों एवं वृहद जिला पथों का 66 पैकेजों में दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियां अनुरक्षण संविदा प्रणाली (ओपीआरएमसी) के तृतीय चरण में वर्ष 2026 से 2033 तक (7 वर्षों) संधारण कार्य का रिमोट के माध्यम से शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ओपीआरएमसी फेज-3 में आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इससे सड़कों की निगरानी और प्रभावी ढंग से हो सकेगी। ओवरलोड वाहन किसी भी पुल पर न चले, इसे सुनिश्चित करें। ग्रामीण सड़कों पर भी ओवरलोड वाहन न चलायी जाये, इसके लिये ग्रामीण कार्य विभाग को भी कहा गया है। सभी सड़कों के मेंटेनेंस को लेकर मासिक रिपोर्ट उपलब्ध रखें।

# भारत की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी है : सीएम सम्राट



**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में भारत-नेपाल सीमा से जुड़े विभिन्न विषयों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय एवं उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी भी शामिल हुये। बैठक में सीमा सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, सीमावर्ती क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था तथा अवैध गतिविधियों की रोकथाम से संबंधित विषयों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया।

**सीमावर्ती क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिये भारत एवं बिहार सरकार मिलकर करेगी काम**

समीक्षा बैठक के दौरान सीएम ने कहा कि भारत की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी है। भारत-नेपाल सीमा की संवेदनशीलता को देखते हुए सीमा सुरक्षा एवं प्रबंधन व्यवस्था को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिये एसएसबी, बिहार पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ, फर्जी दस्तावेजों, नकली मुद्रा, मादक पदार्थों की तस्करी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखा जाए। सीमावर्ती बैंकों में नकली नोटों की पहचान के लिए आवश्यक मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ संदिग्ध वित्तीय लेन-देन एवं फर्जी अथवा संदिग्ध बैंक खातों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई हो। केंद्र सरकार के नशा मुक्त भारत 2029 के लक्ष्य के अनुरूप मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। सीएम ने कहा कि सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों की केंद्रीय सुरक्षा एवं जांच एजेंसियों के साथ नियमित मासिक समन्वय बैठक हो।

# फुलवारी में मां व दो बेटों को सांप ने डंसा, तीनों की मौत



**फुलवारीशरीफ (एनएसबी)।** लगातार बारिश के बीच सकरैचा पंचायत के सोताचक मुसहरी में शनिवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। घर में सो रही मां और उसके दो बेटों को जहरीले सांप ने डस लिया। आनन-फानन में तीनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन दोनों बेटों की जान नहीं बच सकी। मां की हालत भी गंभीर बनी हुई है और वह वेंटिलेटर पर है। बताया जाता है कि मजदूरी कर परिवार चलाने वाले बबलू मांझी का परिवार शुक्रवार रात बारिश के बीच घर में सो रहा था। शनिवार सुबह करीब पांच बजे घर में सांप निकल आया। उस समय 35 वर्षीय शकुंतला देवी अपने दोनों बेटों मोहित कुमार और वेधु राज के साथ सो रही थीं।

**पूर्व विधायक ने डॉक्टरों से की बातचीत**

**पटना में एक ही रात उजड़ गया परिवार**

# बिहार के डीजीपी विनय कुमार ने लिया वीआरएस



**पटना (एनएसबी)।** बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने भारतीय पुलिस सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) ले ली है। बिहार सरकार के गृह विभाग ने उनके आवेदन को स्वीकार करते हुए तत्काल प्रभाव से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की मंजूरी दे दी है। उपलब्ध रिपोर्ट के मुताबिक, विनय कुमार 1991 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हैं। विनय कुमार ने 25 सितंबर 2026 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन दिया था। इसके बाद गृह विभाग (आरक्षी शाखा) ने उनके आवेदन पर कार्रवाई करते हुए वीआरएस को तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया। जारी आदेश के मुताबिक, अखिल भारतीय सेवा (मृत्यु-सह-सेवानिवृत्ति लाभ) नियमावली, 1958 के नियम 16(2) के तहत सामान्य तौर पर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए तीन महीने पहले नोटिस देना होता है। हालांकि, विनय कुमार के मामले में इस अवधि की शर्त को माफ करते हुए तत्काल प्रभाव से सेवानिवृत्ति स्वीकार की गई है। सरकार की ओर से आदेश प्रधान सचिव पंकज कुमार द्वारा जारी किया गया है।

**सरकार ने तत्काल प्रभाव से दी मंजूरी**

### गोलीकांड : पूर्व पार्षद अनिल यादव हत्या केस में 4 आरोपी गिरफ्तार

**पटना (एनएसबी)।** बुद्धा कालोनी थाना क्षेत्र अंतर्गत चकारम स्थित एक अपार्टमेंट के बेसमेंट में वार्ड संख्या 24 की पार्षद ज्ञानवती देवी के पति पूर्व पार्षद अनिल कुमार यादव को गोली मारने के मामले में एसआइटी ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के बाद पुलिस ने घटना में शामिल सभी के बारे में पता लगा लिया है। वहीं, मुख्य साजिशकर्ता शंकर राय की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर पुलिस की लगातार दबिश जारी है। पुलिस की अब तक की तफ्तीश में यह बात पूरी तरह से साफ हो चुकी है कि इस खूनी खेल के पीछे पुरानी राजनीतिक और पारिवारिक रंजिश मुख्य वजह है।

**CEC ज्ञानेश कुमार के सपोर्ट में उतरा जदयू**

# देश से माफी मांगे विपक्ष, SIR पर फैला रहा भ्रम : संजय झा



**पटना (एनएसबी)।** जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने शनिवार को कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की नई दिल्ली में हुए बैठक में लिए गए फैसले और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार व निर्वाचन आयुक्त एसएस संधू और विवेक जोशी द्वारा जारी सर्वसम्मत स्पष्टीकरण ने संवैधानिक संस्थाओं के संबंध में फैलाई जा रही भ्रांतियों को बेबुनियाद साबित कर दिया है। इससे पुनः स्पष्ट हुआ है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जैसे निर्णय सामूहिक रूप से और संस्थागत प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन करते हुए लिए जाते हैं। संजय ने कहा क्वि विपक्ष द्वारा यह भ्रम फैलाया जा रहा था कि एसआईआर पर आयोग के भीतर सहमति नहीं थी और कैबिनेट सचिव को हस्तक्षेप करना पड़ा। आधिकारिक रिकॉर्ड ऐसे दावों को पूरी तरह खारिज करते हैं। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि कैबिनेट सचिव के साथ हुई बैठक किसी नीतिगत मामले या आईटी विभाग से संबंधित नहीं थी; बल्कि इसका उद्देश्य केवल प्रतिनियुक्ति पर आए एक अधिकारी पर चर्चा करना था। इसके साथ ही, बैठक में लिए गए फैसले दशार्ते हैं कि आयोग एसआईआर में निष्पक्षता के साथ-साथ जन-सुविधा के लिए भी प्रतिबद्ध है।

### अररिया में धमाके से दहल उठा इलाका मकान के उड़े परखच्चे

**अररिया (एनएसबी)।** बीते शुक्रवार की रात भरगामा थाना से महज कुछ ही दुरी पर स्थित भरगामा पंचायत वार्ड आठ मुस्लिम टोला में अचानक तेज धमाका की आवाज से आस पास के क्षेत्र दहल उठा। धमाका इतनी तेज थी की भरगामा पंचायत मुस्लिम टोला निवासी नूर अहमद का पुत्र मोहम्मद अख्तर का ईंट का घर के छत का परखच्चा उड़ गया। मकान की दीवार ढह गई। धमाका इतनी तेज थी की भरगामा थाना सहित ब्लौक चौक, ब्राह्मण टोला, शर्मा टोला, पासवान टोला, राम टोला सहित लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित दर्जनो गांव के लोग सहम गए। धमाका के कारण आस पड़ोस के लोग भयभीत होकर रात भर जगे रहे।

# SIR में नाम कटा, तो घर जाकर दस्तावेज लेंगे अफसर

## विवाद के बाद चुनाव आयोग का फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मतभेद की खबरों के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक




जोशी ने दिल्ली में बैठक की। चुनाव आयोग के मुताबिक, जिन लोगों के एसआईआर में नाम काटे गए हैं, उनके दावे और आपत्तियों की समय सीमा बढ़ाई गई है। जिन लोगों को नाम मैप नहीं होने या रिकॉर्ड में गड़बड़ी के कारण नोटिस भेजा गया है, बीएलओ उनके घर जाकर जरूरी दस्तावेज जमा करेंगे और चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करेंगे। इन पर रीजनल इलेक्टोरल अफसर फैसला लेगा।

**अब तक 30 राज्य-यूटी में 13.37 करोड़ नाम कटे**

एसआईआर के दौरान अब तक 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से 13.37 करोड़ नाम कम हुए हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक देश में कुल 96.88 करोड़ से ज्यादा मतदाता हैं, यानी करीब 14.1% वोटर्स के नाम स्क्रूमें काटे गए। यह बैठक तब हुई जब ज्ञानेश कुमार और दोनों चुनाव आयुक्तों के बीच चुनाव आयोग के फैसलों पर मतभेद का दावा किया जा रहा है। रिपोर्ट सामने आने के बाद कांग्रेस और कॉकरोच जनता पार्टी ने आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की।

### एशियन गेम्सः जापानी शटलर को 21-9, 21-13 से मात देकर सिंधु क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

**इचिनोमिया (एजेंसी)।** पीवी सिंधु ने शनिवार को 'राउंड ऑफ 16' में जापान की टोमोका मियाजाकी को 21-9, 21-13 से मात दी। इसी के साथ भारत की स्टार शटलर ने 'एशियन गेम्स 2026' के विमेंस सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार एशियन गेम्स में मेडल जीत सिंधु पिछले एशियन गेम्स में विमेंस सिंगल्स के क्वार्टर-फाइनल में बाहर हो गई थीं। अब वह एशियन गेम्स में एक और मेडल जीतने की कोशिश में क्वार्टर-फाइनल में अपना सफर जारी रखने की उम्मीद करेंगी।




इचिनोमिया सिटी म्युनिसिपल जिम्नेजियम में खेले गए मुकाबले में सिंधु ने शुरूआत से ही दबदबा बनाए रखा। एशियन गेम्स में दो बार मेडल जीत चुकीं सिंधु ने अपने अनुभव और कोर्ट पर बेहतरीन मूवमेंट का इस्तेमाल करते हुए पहले गेम में जल्दी ही बढ़त बना ली। इसी के साथ जापानी शटलर पर दबाव नजर आने लगा। सिंधु तेजी से आगे बढ़ीं और 13-7 की बढ़त बनाने के बाद आसानी से पहला गेम 21-9 से जीत लिया। मियाजाकी ने दूसरे गेम में लंबी रैलियों के जरिए सिंधु पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय शटलर अपने आक्रामक खेल से प्वाइंट्स हासिल करती रहीं।

### अमित शाह आज देश की पहली एलएनजी संचालित ट्रेन का करेंगे शुभारंभ




**अहमदाबाद (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह को 27 सितंबर यानी रविवार को साबरमती स्टेशन से देश की पहली एलएनजी संचालित ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। यह भारतीय रेल की किफायती रेल परिचालन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह पहल भारतीय रेलवे में ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देने तथा पारंपरिक डीजल ईंधन पर निर्भरता कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय रेलवे में पहली बार ट्रेन के ड्राइविंग पावर कार (डीपीसी) में लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) आधारित फ्यूल प्रणाली को सफलतापूर्वक अपनाया गया है। इस तकनीक के माध्यम से एक ही इंजन में एलएनजी और डीजल दोनों ईंधनों का उपयोग किया जा सकता है।

# भारत आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करेगा : जयशंकर



**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा के अपने अधिकार का प्रयोग करेगा। उन्होंने एक दिन पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक अज्ञात देश पर तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया।

जयशंकर ने आम बहस में कहा कि कल, लगातार आतंकवाद की गतिविधियों में शामिल रहने वाले एक व्यक्ति ने इस महासभा के समक्ष तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया। आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा के अपने अधिकार का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने अपने बयान में देश का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को सामान्य बनाने और इसके परिणामों से छूट का दावा करने के तर्क दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह स्वीकार्य नहीं है। जयशंकर ने सीमा पार उद्देश्य से राज्य प्रायोजित आतंकवाद को वैश्विक व्यवस्था के लिए एक सीधी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों में शामिल सरकारों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण को उजागर करके उसका मुकाबला किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोस्ती और सद्भावना आतंकवाद के साथ नहीं रह सकते। उन्होंने आगे कहा कि आतंकवाद के अपराधियों को अपना तरीका बदलना होगा। उन्होंने आतंकवाद के प्रति 'जीरो टोलरेंस' की नीति जारी रखने का आह्वान किया। यह चेतावनी शांति, विकास और गरीब देशों पर पड़ रहे दबावों पर दिए गए उनके व्यापक भाषण का एक हिस्सा थी। जयशंकर ने कहा कि दुनिया वित्त और बाजार पहुंच से लेकर आपूर्ति श्रृंखलाओं और प्रौद्योगिकी तक, हर चीज के 'हथियारीकरण' का सामना कर रही है।

# 45 दिवसीय अभियान की सफलता के लिए फील्ड में उतर कर काम करें अधिकारी : डा दिलीप कुमार जायसवाल

**मृत जमाबंदी धारकों की पहचान में पंचायत प्रतिनिधियों की ली जाएगी मदद, राजस्व कर्मचारियों को रोज मौजा में भेजें : जय सिंह**

**सुबह-शाम अभियान की मॉनिटरिंग करें भूमि सुधार उप समाहर्ता, मिसिंग जमाबंदियों की सूची के हर खाली स्थान को भरने का लक्ष्य**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में भूमि सुधार उप समाहर्ताओं के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सचिव जय सिंह एवं सचिव श्रीमती सीमा त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लंबित राजस्व एवं भूमि मामलों, अभियान बसेरा, न्यायालयीन तथा जमाबंदी सुधार एवं उत्तराधिकार नामांतरण के लिए चल रहे 45 दिवसीय विशेष अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि जमाबंदी सुधार एवं उत्तराधिकार नामांतरण का यह अभियान रैयतों के बीच विभाग का विश्वास मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान होने वाला प्रत्येक कार्य ऐसा हो, जिससे आमजन संतुष्ट हों और अधिकारियों को भी अपने काम पर संतुष्टि मिले। इसके लिए अधिकारियों को केवल कार्यालय में बैठकर समीक्षा करने के बजाय फील्ड में उतरकर काम की स्थिति देखनी होगी।

मंत्री ने अधिकारियों को सुबह-शाम अभियान की मॉनिटरिंग करने, अंचल कार्यालयों का नियमित निरीक्षण करने तथा कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया।



राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में भूमि सुधार उप समाहर्ताओं के कार्यों की समीक्षा बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल, सचिव जय सिंह व अन्य।

उन्होंने कार्यों की समीक्षा के क्रम में दो साल से अधिक पुराने मामलों के निष्पादन, 'तारीख पर तारीख' की प्रवृत्ति खत्म करने, आदेशों को तत्काल अपलोड करने और डिस्पोजल की गुणवत्ता बेहतर करने पर जोर दिया। लंबित प्रतिवेदनों पर तत्काल जवाबदेही तय करने और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने का भी निर्देश दिया गया।

**पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पहचान करें : जय सिंह**

सचिव जय सिंह ने कहा कि जमाबंदी अपडेट करने की जिम्मेवारी अब रैयत की नहीं, बल्कि विभाग की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 45 दिवसीय विशेष अभियान के दौरान जमाबंदी सुधार के लिए रैयतों से किसी प्रकार का आवेदन नहीं लिया जाना है। उपलब्ध अभिलेखों और विभागीय सिस्टम के आधार पर स्वयं पहल करते हुए जमाबंदी में सुधार किया जाएगा।

उन्होंने भूमि सुधार उप समाहर्ताओं को निर्देश दिया कि मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य एवं पंचों के साथ बैठक कर मृत जमाबंदी धारकों की पहचान कराई जाए। राजस्व कर्मचारियों को प्रतिदिन मौजा में भेजकर जमाबंदी एवं उत्तराधिकार से संबंधित मामलों की जांच कराई जाए तथा उनके कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए। सचिव ने कहा कि सभी अंचल अधिकारियों को मिसिंग जमाबंदियों की सूची उपलब्ध करा दी गई है। सूची में मौजूद प्रत्येक खाली स्थान को भरना अभियान का लक्ष्य है। उन्होंने अभियान की वर्तमान गति पर नाराजगी जताते हुए तत्काल तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस अभियान को हर हाल में परिणाम तक पहुंचाना चाहती है और इसमें किसी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

**एक साल से पुराने सभी न्यायालयीन मामले समाप्त करने का निर्देश**

आरसीएमएस पोर्टल पर न्यायालयीन मामलों की समीक्षा के दौरान सचिव जय सिंह ने एक साल से अधिक पुराने सभी मामलों को समाप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगली समीक्षा में पुराने मामलों का लंबित रहना स्वीकार्य नहीं होगा। अधिकारियों को लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। न्यायालयीन कार्यों को पूरी तरह ऑनलाइन एवं व्यवस्थित करने पर भी जोर दिया गया। ऑफलाइन सर्टिफाइड कॉपी की व्यवस्था समाप्त कर भू-अभिलेख पोर्टल के माध्यम से ही प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। आरसीएमएस पोर्टल के माध्यम से ही मामलों से संबंधित कागजात प्राप्त करने तथा ऑफलाइन कागजात लेने की व्यवस्था समाप्त करने का निर्देश दिया गया।

## खबरें : खास-खास

### साहित्य सम्मेलन के नवनियुक्त प्रधानमंत्री ने पद-भार ग्रहण किया

**पटना, (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के नवनियुक्त प्रधानमंत्री डा उपेंद्रनाथ पाण्डेय ने शनिवार को अपना पद-भार ग्रहण किया। उनके साथ सम्मेलन के प्रबंधमंत्री कृष्ण रंजन सिंह, संगठन मंत्री ई अशोक कुमार तथा भवन अभिरक्षक-सह परिसर विकास मंत्री प्रवीर कुमार पंकज ने भी सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ के समक्ष अपने-अपने पद-भार ग्रहण किए। सम्मेलन के प्रशासी पदाधिकारी सुबेदार नन्दन कुमार मीत ने सभी पदाधिकारियों को पुष्प भेंटकर स्वागत किया। पद-ग्रहण के पश्चात डा पाण्डेय ने सभी कर्मियों से परिचय प्राप्त किया तथा अध्यक्ष की स्वीति प्राप्त कर, सम्मेलन की पुनर्गठित कार्यसमिति की प्रथम बैठक की अधिसूचना निर्गत की। निर्गत अधिसूचना के अनुसार कार्यसमिति की बैठक आगामी अक्टूबर को पूर्वाहन - बजे सम्मेलन-सभागार में आहूत होगी। इसके पूर्व सितम्बर को सम्मेलन के नव-नियुक्त सभी पदाधिकारियों की एक बैठक संपन्न होगी, जिसमें उन्हें उनके कर्तव्यों और अधिकारों से परिचित कराया जाएगा। पदभार-ग्रहण करने से पूर्व सम्मेलन अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री समेत चारों मंत्रियों को पद और मर्यादा की शपथ दिलायी। अन्य मंत्रियों और अधिकारियों को सितम्बर को आहूत बैठक में शपथ दिलायी जाएगी।



साहित्य सम्मेलन के नवनियुक्त प्रधानमंत्री ने पद-भार ग्रहण किया।

## खबरें : एक नजर में

### पीएमसीएच चिकित्सकीय परामर्श की प्रक्रिया नियमित रूप से संचालित हो रही

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ओ पी डी सेवा बंद होने और जूनियर डॉक्टरों द्वारा कार्य रोके जाने से सेवाएं प्रभावित होने संबंधी प्रकाशित प्रसारित खबर के संदर्भ में अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उक्त खबर भ्रामक है और तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। अधीक्षक डा. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि ओपीडी सेवा में केवल लगभग 10 मिनट के लिए समस्या उत्पन्न हुई थी, जिसके बाद व्यवस्था को तत्काल सुचारू कर दिया गया। ओपीडी में मरीजों के उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श की प्रक्रिया नियमित रूप से संचालित हो रही है। अधीक्षक ने बताया कि 26 सितंबर को दोपहर 2 बजे तक पीएमसीएच के ओपीडी में 1,285 से अधिक मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार प्रदान किया जा चुका है। अस्पताल के अन्य विभागों में मरीजों की जांच एवं उपचार की प्रक्रिया सामान्य रूप से जारी रही। अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ओपीडी सेवा बंद होने या लंबे समय तक बाधित रहने की खबर तथ्यात्मक नहीं है। मरीजों को नियमित रूप से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है तथा अस्पताल की सभी प्रमुख सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है।

### स्केटिंग मैराथन के माध्यम से रोड सेफ्टी का महत्व

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** ट्रैफिक एसपी सागर कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब तक हम अक्सर कार रैली, बाइक रैली, साइकिल रैली और फुट मार्च के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करते रहे हैं, लेकिन इस बार हम स्केटिंग मैराथन के माध्यम से रोड सेफ्टी का महत्व बताने जा रहे हैं। ट्रैफिक एसपी के मुताबिक इसका मुख्य उद्देश्य समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना। यातायात नियमों के प्रति लोगों को प्रेरित करना । रोड सेफ्टी जन-जागरूकता अभियान पटनाः स्केटिंग मैराथन 27 सितम्बर सुबह 5 बजे से 8 बजे तक मैराथन उत्तरी फ्लैंक, मरीन ड्राइव गोलंबर से एलसीटी घाट तक आयोजित किया गया है। कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क है (पहले आओ, पहले पाओ आधार पर है।)।

### भगवान सिंह कुशवाहा को मंत्री पद से बर्खास्त करें : भाई अरुण

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व महासचिव भाई अरुण कुमार ने कहा की कैबिनेट मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने जिस प्रकार एक जाति विशेष का नाम लेकर जो टिप्पणियां की है वह संविधान की शपथ लेते वक्त जो उन्होंने कहा था कि वह जाति और धर्म से ऊपर उठकर संविधान की रक्षा के लिए काम करेंगे का उल्लंघन किया है या यू कहे कि उन्होंने जो कैबिनेट मंत्री के रूप में जो शपथ लिया है उसका खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन कर रहे हैं ऐसी स्थिति में वह बिहार कैबिनेट के मंत्री कैसे रह सकते हैं बिहार के राज्यपाल को अपनी प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए लिए गए शपथ का उल्लंघन के लिए उन्हें मंत्री पद से बर्खास्त कर देना चाहिए ।

### जदयू युवा जिलाध्यक्ष के माता पिता के पावन स्मृति में नि शुल्क सेवा शिविर का उद्घाटन सूचना जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने किया

**गया जी (दैनिक नवसंदेश)।** गया जिला जदयू युवा जिलाध्यक्ष सह नगर प्रखंड उप प्रमुख सतिश पटेल ने अपने माता पिता के स्मृति में नि शुल्क सेवा शिविर का शुभारंभ बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री एवं सुचना जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने किया है। वही गया जिला जदयू अध्यक्ष ई अजय कुशवाहा द्वारा पितृपक्ष महासंगम मेला में जदयू का निःशुल्क सेवा शिविर शुरू, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने उद्घाटन किया गया है।पितृपक्ष महासंगम मेला 2026 में आने वाले श्रद्धालुओं एवं तीर्थयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गया जिला जनता दल (यू) की ओर से 'अतिथि देवो भवः' की भावना के साथ निःशुल्क सेवा शिविर की शुरुआत की गई है। विष्णुपद पार्किंग के समीप लगाए गए इस शिविर में श्रद्धालुओं को पेयजल, चाय एवं बिस्कुट की निःशुल्क सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। सेवा शिविर का विधिवत उद्घाटन



ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने फीता काटकर किया है। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं की सेवा के लिए लगाए गए शिविर की सराहना की तथा पितृपक्ष महासंगम मेला में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं से सहयोग की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया है।

# सिर्फ स्कूल भेज देने से अभिभावकों की ड्यूटी खत्म नहीं होती : मिथिलेश तिवारी

**अभिभावकों से सीधी बात में बोले- बच्चों की पढ़ाई और सीखने की प्रक्रिया में नियमित सहभागी बनें**

**प्रदर्शनी का किया अवलोकन, बच्चों की कलाकृतियों को सराहा**



शनिवार को दानापुर के रामजीचक स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में 'मेरे सपनों का भारत : सेवा चित्र' राज्यव्यापी अभियान और अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी के बाद शिक्षा मंत्री ने विद्यालय पहुंचे अभिभावकों से सीधी बात की।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने अभिभावकों से कहा कि सिर्फ बच्चों को स्कूल भेज देने से आपकी ड्यूटी खत्म नहीं हो जाती। बच्चों की सीखने की प्रक्रिया में अभिभावकों की नियमित भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभिभावक बच्चों की पढ़ाई पर नजर रखें, उनसे संवाद करें और उनकी समस्याओं को समझें। स्कूल और परिवार के बीच बेहतर तालमेल से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है।

शनिवार को दानापुर के रामजीचक स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में 'मेरे सपनों का भारत : सेवा चित्र' राज्यव्यापी अभियान और अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी के बाद शिक्षा मंत्री ने विद्यालय पहुंचे अभिभावकों से सीधी बात की। उन्होंने एक-एक कर उनकी समस्याओं को जाना और समाधान का भरोसा दिया।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि अभिभावक बच्चों की पढ़ाई को स्कूल की जिम्मेदारी न समझें। घर में भी बच्चों के सीखने के लिए सकारात्मक माहौल बनाएं। बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में बात करें और किसी तरह की परेशानी होने पर शिक्षकों से संवाद करें।

शिक्षा मंत्री ने विद्यालय में लगी 'मेरे सपनों का भारत : सेवा चित्र' प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई विभिन्न कलाकृतियों को देखा और उनकी रचनात्मकता की सराहना की। उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों की कल्पनाशक्ति, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को मजबूत करती हैं।

कार्यक्रम के दौरान श्री तिवारी ने बच्चियों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आदमपुर में मंत्री रामकृपाल यादव ने किया पटना राइडर्स यामाहा शोरूम का उद्घाटन



**पटना, (दैनिक नवसंदेश)।** राजधानी पटना के दानापुर-खगौल क्षेत्र में यामाहा बाइक प्रेमियों के लिए एक नई सौगात के रूप में पटना राइडर्स यामाहा शोरूम का भव्य उद्घाटन शनिवार को सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने किया । यह नया अत्याधुनिक शोरूम पिलर नंबर-2, स्टेशन रोड, आदमपुर, खगौल (दानापुर) स्थित है। उद्घाटन समारोह के अवसर पर मंत्री श्री यादव ने कहा कि युवाओं में आर 15 की लोकप्रियता को देखते हुए यहां शोरुम खोला गया ताकि ग्राहकों को पटना जाने की जरुरत नहीं हो। शोरूम के संचालक रविंदर सिंह, सुभाशीष मोहंती एवं संदीप यादव के साथ समारोह में शहर के गणमान्य नागरिकों, वाहन प्रेमियों एवं यामाहा ग्राहकों को आमंत्रित किया गया । शोरूम में ग्राहकों को यामाहा की नवीनतम मोटरसाइकिलों के साथ-साथ सेल्स, सर्विस, स्पेयर्स एवं एक्सेसरीज की आधुनिक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। संचालकों ने बताया कि इस नए शोरूम के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर सेवा एवं विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करने का प्रयास किया गया है।

## 11 जिलों के 22 अंचलों में औचक निरीक्षण, दूसरे शनिवार को भी फील्ड में उतरे मुख्यालय के वरीय अधिकारी

**जमाबंदी सुधार एवं उत्तराधिकार नामांतरण अभियान,**

**ऑनलाइन सेवाओं, अभिलेखागार, अभियान बसेरा की हुई सघन समीक्षा**

**अभियान की सचिव जय सिंह की सख्त मनिटरिंग, लंबित मामलों के निष्पादन और राजस्व कार्यो में लापरवाही पर जवाबदेही तय करने के निर्देश**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा चलाए जा रहे 45 दिवसीय जमाबंदी सुधार एवं उत्तराधिकार नामांतरण अभियान की लगातार मॉनिटरिंग और अंचल स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए दूसरे शनिवार को भी मुख्यालय के वरीय अधिकारियों की टीम फील्ड में उतरी। सचिव जय सिंह के निर्देश पर विभागीय पदाधिकारियों ने राज्य के 11 जिलों के 22 अंचल कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ऑनलाइन राजस्व सेवाओं, अभिलेखागार और अभियान बसेरा की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

सचिव जय सिंह की लगातार मनिटरिंग के तहत विभाग द्वारा अंचल कार्यालयों के अभियान के दौरान कामकाज की जमीनी स्थिति की जांच की जा रही है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सिर्फ कार्यालयी रिकर्ड की समीक्षा नहीं की, बल्कि लंबित मामलों, अभिलेखों के रखरखाव और अनलाइन सेवाओं के वास्तविक निष्पादन की स्थिति भी देखी।

**11 पदाधिकारियों ने 22 अंचलों का किया निरीक्षण**

विभाग द्वारा 11 पदाधिकारियों को मुजफ्फरपुर, बक्सर, औरंगाबाद, बेगूसराय, शिवहर, लखीसराय, सीतामढ़ी, बांका, भागलपुर, पश्चिम चंपारण और खगड़िया जिले के संबंधित अंचलों की जिम्मेदारी दी गई थी।

कमलेश कुमार सिंह, निदेशक, भू-अर्जन ने मुजफ्फरपुर के मीनापुर एवं कांटी, डा. महेन्द्र पाल, अपर सचिव ने बक्सर सदर एवं इटाढ़ी, आजीव वत्सराज, अपर सचिव ने औरंगाबाद के गोह एवं हसपुरा, डा सुनील कुमार, संयुक्त सचिव ने बेगूसराय के भगवानपुर एवं वीरपुर तथा संजय कुमार सिंह, संयुक्त सचिव ने शिवहर के शिवहर एवं पिपराही अंचल का निरीक्षण किया।

इसी क्रम में मणि भूषण किशोर, विशेष कार्य पदाधिकारी ने लखीसराय एवं हलसी, श्रीमती मोना झा, उप निदेशक, सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग ने सीतामढ़ी के डुमरा एवं रीगा, मो़ नवाजिश अख्तर, विशेष कार्य पदाधिकारी ने बांका एवं बाराहाट, अविनाश कुमार, उप सचिव ने भागलपुर के नाथनगर एवं सबौर, अशोक कुमार शर्मा, उप निदेशक, कृषि गणना ने पश्चिमी चंपारण के बैरिया एवं बेतिया तथा सुमित कुमार आनंद, सहायक निदेशक, कृषि गणना ने खगड़िया सदर एवं गोगरी अंचल का निरीक्षण किया।

## तेजस्वी प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर असिस्टेंट प्रोफेसरों के पदों पर नियुक्ति शीघ्र शुरू किए जाने की मांग की

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बिहार के विभिन्न प्रखंडों में स्थापित 211 नए डिग्री कॉलेजों में शिक्षण व्यवस्था को सुचारु एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति अत्यंत आवश्यक है। इन महाविद्यालयों में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। विशेष रूप से उर्दू, फारसी, अरबी, मैथिली एवं संस्कृत विषयों के असिस्टेंट प्रोफेसरों के पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शीघ्र शुरू किया जाना आवश्यक है। इन विषयों में शिक्षकों की उपलब्धता के बिना विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना संभव नहीं होगा।

211 नए डिग्री कॉलेजों में उर्दू, फारसी, अरबी, मैथिली एवं संस्कृत विषयों की आवश्यकता के अनुसार विषयवार असिस्टेंट प्रोफेसरों के पदों का निर्धारण एवं स्वीकृति की जाए।

' निर्धारित एवं स्वीकृत पदों के संबंध में अविलंब आधिकारिक अधिसूचना जारी की जाए, ताकि नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ सके।

' स्वीकृत पदों पर असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियमित नियुक्ति हेतु भर्ती प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जाए और इसे पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।

' नियमित नियुक्ति होने तक संबंधित विषयों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए उचित अंतरिम शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उर्दू, फारसी, अरबी, मैथिली एवं संस्कृत विषय बिहार की भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता के महत्वपूर्ण अंग हैं। इन विषयों में शिक्षकों की नियुक्ति रोजगार के साथ-साथ विद्यार्थियों के शैक्षिक अधिकार, भाषाई संरक्षण, गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा एवं सांस्कृतिक विविधता से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रश्न है। नए डिग्री कलेजों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना विद्यार्थियों की शैक्षिक आवश्यकताओं के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिए भी आवश्यक है।

## ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस की ग्लोबल वर्किंग कमिटी में देश-विदेश के पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

**पटना, (दैनिक नवसंदेश)।** ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस (जीकेसी) ने संगठन को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से अपनी ग्लोबल वर्किंग कमिटी की घोषणा की है।



जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कमिटी की पूरी सूची जारी करते हुए भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ अमेरिका, ब्रिटेन, यूएई, नेपाल, अस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, ब्राजील और अफ्रीका समेत विभिन्न देशों में पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि ग्लोबल वर्किंग कमिटी के गठन से संगठन की गतिविधियों को विभिन्न देशों और क्षेत्रों में बेहतर समन्वय के साथ आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कमिटी में संगठनात्मक दायित्वों के साथ विभिन्न क्षेत्रों के लिए अलग-अलग सेल और क्षेत्रीय जिम्मेदारियां निर्धारित की गयी हैं, ताकि संगठन के कार्यो का प्रभावी संचालन किया जा सके।

संगठन की प्रबंध न्यासी श्रीमती रागिनी रंजन को संगठन के प्रबंधन और विभिन्न गतिविधियों के संचालन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। ग्लोबल स्तर पर गठित कमिटी में उन्हें शामिल किये जाने से बिहार को भी संगठन के शीर्ष स्तर पर प्रतिनिधित्व मिला है।

रागिनी रंजन ने कहा कि ग्लोबल वर्किंग कमिटी के माध्यम से देश और विदेश में रहने वाले कायस्थ समाज के लोगों के बीच बेहतर संपर्क और समन्वय स्थापित करने की दिशा में काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि संगठन की जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से निभाने के लिए सभी पदाधिकारियों के बीच समन्वय जरूरी है। विभिन्न देशों में जिम्मेदारी मिलने से स्थानीय स्तर पर समाज के लोगों को संगठन से जोड़ने और उनकी भागीदारी बढ़ाने के अवसर भी मजबूत होंगे।

जारी सूची के अनुसार, रागिनी रंजन (पटना, बिहार) को मैनेजिंग ट्रस्टी, नवीन कुमार (महाराष्ट्र) को अध्यक्ष-सीसीसीआई, जबकि आलोक कुमार सिन्हा (न्यू जर्सी, अमेरिका), कुमार शिशिर सिन्हा (मुंबई, महाराष्ट्र), आलोक अविरल (महाराष्ट्र) और दीपक अभिषेक (पटना, बिहार) को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

निष्का रंजन (मुंबई, महाराष्ट्र) को सीएफओ, गौतम कुमार (दुबई, यूएई) को सचिव तथा शुभ्रांशु श्रीवास्तव (नोएडा, उत्तर प्रदेश) को संगठन सचिव की जिम्मेदारी दी गयी है। मेजर जनरल अनुज माथुर (जयपुर, राजस्थान) को वेटेरंस सेल का अध्यक्ष और अंजन श्रीवास्तव (मुंबई, महाराष्ट्र) को आर्ट एंड कल्चर सेल का अध्यक्ष बनाया गया है।

इसी तरह पवन सक्सेना (ग्वालियर, मध्यप्रदेश) को महासचिव (कला एवं संस्ति प्रकोष्ठ), अवनीश श्रीवास्तव (दिल्ली) को लीगल एंड करपोरेट सेल का अध्यक्ष, मितेश कर्ण (यूएई) को ग्लोबल कोअर्डिनेटर तथा सौरभ श्रीवास्तव (दिल्ली) को डिजिटल टेक्नेलजी का महासचिव बनाया गया है।

जीकेसी ने विदेशों में संगठन के विस्तार और संचालन के लिए विभिन्न देशों एवं क्षेत्रों में अध्यक्षों की भी नियुक्ति की है। डा राजय नारायण (लंदन, यूके) को यूरोप का अध्यक्ष बनाया गया है। आलोक कुमार सिन्हा (न्यू जर्सी, अमेरिका) को अमेरिका तथा देविका माथुर (फ्लोरिडा) को फ्लोरिडा का अध्यक्ष बनाया गया है।

मतेश कर्ण (दुबई, यूएई) को यूएई, ड़ पूनम कर्ण (काठमांडू, नेपाल) को नेपाल तथा अवधेश माथुर (ब्राजील) को लैटिन अमेरिका का अध्यक्ष बनाया गया है। ज्योति कुमार माथुर को अस्ट्रेलिया, ड़ा आस्था माथुर को जर्मनी, रितेश कुमार (टोरंटो, कनाडा) को कनाडा तथा अभिषेक श्रीवास्तव को घाना (अफ्रीका) का अध्यक्ष बनाया गया है।

राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि ग्लोबल वर्किंग कमिटी में विभिन्न क्षेत्रों के लिए जिम्मेदारियां तय करने का उद्देश्य संगठनात्मक ढांचे को और व्यवस्थित करना है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग देशों में नियुक्त पदाधिकारी वहां रहने वाले कायस्थ समाज के लोगों के साथ संपर्क स्थापित कर संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।उन्होंने कहा कि कमिटी में संगठन के प्रबंधन से लेकर वित्त, संगठन, कानूनी एवं करपोरेट मामलों, डिजिटल टेक्नेलजी, कला एवं संस्ति और वेटेरंस से जुड़े कार्यो के लिए भी अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गयी हैं। इससे संगठन की विभिन्न गतिविधियों के संचालन में समन्वय स्थापित करने में मदद मिलेगी।

जीकेसी की नयी ग्लोबल वर्किंग कमिटी में बिहार, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश और दिल्ली समेत देश के विभिन्न हिस्सों का प्रतिनिधित्व है। वहीं अमेरिका, यूरोप, यूएई, नेपाल, अस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, लैटिन अमेरिका और अफ्रीका में भी संगठन की क्षेत्रीय जिम्मेदारियां निर्धारित की गयी हैं।

राजीव रंजन प्रसाद ने नयी कमिटी के सभी पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं और संगठन के कार्यो को समन्वित तरीके से आगे बढ़ाने की अपेक्षा जतायी है।

## पितृपक्ष मेले में अर्श हस्पिटल का निःशुल्क चिकित्सा शिविर और एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ



**गयाजी (दैनिक नवसंदेश)।** विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला में देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आर्षेय हरिहंत फाउंडेशन के तत्वावधान में एपी कॉलोनी स्थित अर्श सुपर मल्टी स्पेशलिटी हस्पिटल की ओर से विष्णुपद मंदिर के समीप निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया है। शिविर में पितृपक्ष मेला के दौरान आने वाले तीर्थयात्रियों को चिकित्सीय परामर्श एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही तीर्थयात्रियों के लिए निःशुल्क एंबुलेंस सेवा भी उपलब्ध रहेगी। निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन शनिवार को गया नगर निगम के मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, नगर आयुक्त डा. गगन कुमार, पूर्व डिप्टी मेयर सह सशक्त स्थायी समिति के सदस्य अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, शांति निकेतन एकेडमी के निदेशक हरि प्रपन्ना उर्फ पप्पू जी, चौंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रमोद भदानी एवं अर्श हस्पिटल के चेयरमैन डा. नवनीत निश्चल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

## शांति निकेतन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में ओरिएंटेशन कार्यक्रम में आयोजित

**शिक्षा के क्षेत्र में एक नया आयाम शांति निकेतन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी**



शांति निकेतन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में ओरिएंटेशन कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री, डॉक्टर संतोष कुमार सुमन व अन्य।

**गया, (दैनिक नवसंदेश)।** शांति निकेतन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गोविंदपुरम, रौना चाकंद के प्रांगण में नए इंजीनियरिंग और डिप्लोमा छात्रों के स्वागत के लिए एक अत्यंत भव्य और प्रेरणादायक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉक्टर संतोष कुमार सुमन कैबिनेट मंत्री, बेलागंज विधायक मनोरमा देवी सहित उपस्थित अतिथियों के द्वारा कॉलेज के प्रांगण मे पौधारोपण एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ हुआ है । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के लघु जल संसाधन मंत्री एवं हम सेक्युलर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संतोष कुमार सुमन ने शिरकत करते हुए युवाओं को तकनीकी नेतृत्व और शिक्षा के महत्व पर अपने विचार रखे और शिक्षा व जन कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराईय वहीं गेस्ट अफ अनर के रूप में बेलागंज की विधायक मनोरमा देवी ने समाज कल्याण, महिला सशक्तिकरण एवं जमीनी स्तर पर विकास के प्रेरणादायक संदेश साझा किए हैं। संस्थान के चेयरमैन हरि प्रपन्न ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्लेग्रुप से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन तक की संपूर्ण एवं निर्बाध शिक्षा प्रणाली और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के अपने विजन को रेखांकित किया है। एवं पलिटेक्नि कॉलेज के छात्रों को आश्वस्त किया अगर आप लोग रेगुलर क्लास मे उपस्थित रहकर पढ़ाई करेंगें तो नौकरी की गारंटी है। इस गरिमामयी समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित गया कलेज के शिक्षा विभागाध्यक्ष डा धनंजय धीरज ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों पर बल दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन



**आरा/संदेश (दैनिक नवसंदेश)।** 'सेवा, समर्पण, योगदान कार्यक्रम' के अंतर्गत आगामी को विभिन्न जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में पूर्व मंत्री एवं विधान परिषद सदस्य संतोष कुमार सिंह मुख्य रूप से भाग लेंगे।

### किशोर की हालत गंभीर

**आरा(दैनिक नवसंदेश)।** नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा हाउसिंग मोहल्ले में शनिवार के दोपहर विषैले सांप के डंसने से एक किशोर की हालत काफी गंभीर हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार उक्त किशोर नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा हाउसिंग मोहल्ला निवासी प्रमोद कुमार यादव का 17 वर्षीय पुत्र रौशन है।

### मशाल 2026 प्रखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मशाल 2026 प्रखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राजकीय कन्या .2 उच्च विद्यालय आरा में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन हेमंत कुमार प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सह समन्वयक प्रखण्ड संसाधन केंद्र आरा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार सिंह प्रखंड लेखापाल, डॉ ज्ञान प्रकाश, अरुण कुमार सिंह, संजय कुमार, विद्या कुमारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आगे होने ओलम्पिक खेलों के लिए अधिक से अधिक छात्रों को प्रोत्साहित करना है ताकि वे अपनी प्रतिभा को दिखा सके हर गांव के विद्यालय से छात्रों को प्रोत्साहित करें और उनकी क्षमता के अनुसार उसे खेलने का अवसर प्रदान करें ताकि वह अपने अपने पंचायत के सीआरसी से चयनित होते हुए प्रखण्ड स्तर/जिला स्तर पर खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य में अपना स्थान प्राप्त करें और ओलम्पिक खेलों में शामिल होने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रशिक्षक अटल बिहारी और अविनाश भास्कर सभी प्रखंड के आए हुए मध्य विद्यालय/उच्च विद्यालय/उच्च माध्यमिक विद्यालय के शारीरिक शिक्षक/नामित शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया और विद्यालय से अधिक से अधिक छात्रों को खेल के प्रति जागरूक करते हुए उनका बैटरी टेस्ट करना होगा और उनकी क्षमता के अनुसार आकलन कर खेल कूद में शामिल करवाना है।



### मादक पदार्थ व नगद रुपए के साथ गुमटी संचालक गिरफ्तार

**95.95 ग्राम गांजा, 7,250 रुपये एवं 55 गोगो पैकेट**

**आरा/चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** चरपोखरी थाना पुलिस ने शुक्रवार को गड़हनी बागर मोड़ स्थित गुमटी में छापेमारी की। इस मादक पदार्थ व नगद रुपये के साथ संचालक को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान गुमटी से 55.55 ग्राम गांजा, 7,250 रुपये नगद, 21 चिलम एवं 55 गोगो का पैकेट बरामद किया। गिरफ्तार चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव निवासी दुखीत साह का पुत्र दीनदयाल प्रसाद है। वह गुमटी में सिगरेट एवं गुटखा सहित अन्य सामान बेचता है। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। उन्होंने बताया कि चरपोखरी थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की गड़हनी बागर मोड़ स्थित गुमटी में संचालक द्वारा मादक पदार्थ रखकर उसकी खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस वहां पहुंची और मादक पदार्थ व नगद रुपए के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दीनदयाल प्रसाद की पत्नी को भी पुलिस ने पिछले वर्ष 5 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया था।

### देशी शराब के साथ सगी बहनें गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाना पुलिस द्वारा देशी शराब के साथ सगी बहनों को गिरफ्तार किया गया। उनकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव से की गयी। उनके पास से 55 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव निवासी राजकिशोर चैधरी की पत्नी ललिता देवी राज एवं बृज किशोर चैधरी की पत्नी सोमारी देवी शामिल है। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि सारंगपुर गांव में देशी शराब की खरीद-बिक्री की जा रही है।

### चोरी की बाइक के नंबर प्लेट में छेड़छाड़ कर उपयोग करने वाले गिरफ्तार

**आरा/जगदीशपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जगदीशपुर थाना पुलिस की टीम ने चोरी की बाइक के नंबर प्लेट में छेड़छाड़ कर उपयोग करने के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, उनके पास से एक चोरी की बाइक बरामद हुई। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने दी। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा चोरी की गई मोटरसाइकिल के मूल नंबर प्लेट में छेड़छाड़ कर उसके स्थान पर अपना नंबर प्लेट लगाकर वाहन का उपयोग किया जाता था। गिरपत्तार अभियुक्तों में धनगाई थाना क्षेत्र के डुमरांव टोला निवासी श्रवण कुमार का पुत्र गुड्डू कुमार एवं जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रामदास टोला निवासी हरी नारायण सिंह का पुत्र अजय कुमार है।

### हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**आरा/जगदीशपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जगदीशपुर थाना पुलिस ने हत्या के मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार किया। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के बौलीपुर गांव से शुक्रवार को की गयी। वह जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बौलीपुर गांव निवासी वीरेंद्र सिंह का पुत्र विवेक कुमार है। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। बता दे ण्कि बीते 8 जनवरी की रात जब जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बौलीपुर गांव वार्ड नंबर-11 निवासी कामेश्वर सिंह उर्फ साधु अपने बेटे सुधन कुमार एवं सुमंत कुमार कुशवाहा के साथ बौलीपुर दलित टोला स्थित अपना किराना व मोबाइल दुकान बंद कर वापस घर लौट रहे थे। उसी दौरान हथियारबंद बदमाशों द्वारा गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक के बेटे सुधन कुमार के द्वारा जमीनी विवाद को लेकर विवेक कुमार सहित अन्य लोगों के विरुद्ध अपने पिता की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उसी समय से उक्त आरोपित फरार चल रहा था।

### दीपंकर भट्टाचार्य की गिरफ्तारी कायरतापूर्ण - माले

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित नागरिकों के विरोध प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने भाकपा माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य सहित सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। भोजपुर जिला सचिव अभ्युदय ने पार्टी महासचिव की गिरफ्तारी को मोदी सरकार की कायरतापूर्ण कार्यवाही करार दिया है।

### बिजली की चपेट में आकर दो मौतों पर मुआवजे की मांग

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पूर्व विधायक मुन्नी देवी ने एक अन्य पत्र के माध्यम से शाहपुर प्रखंड के रमदत्तही गांव निवासी खुशबू कुमारी के पिता शंभुनाथ ठाकुर की सर्पदंश से मौत तथा पांडेपुर निवासी रामवती देवी के पति स्व. बबलू यादव की बाढ़ के पानी में बिजली के पोल के समीप करंट की चपेट में आने से हुई मौत का मामला उठाया है। उन्होंने दोनों पीड़ित परिवारों को सरकार की ओर से देय मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि दोनों घटनाओं में परिवार के सदस्यों की मौत के बाद भी अब तक सरकारी सहायता राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है। पूर्व विधायक ने जिला प्रशासन से संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश देकर पीड़ित परिवारों को नियमानुसार मुआवजा दिलाने का आग्रह किया है।

### भूमि विवाद के छह मामलों में पांच का हुआ निष्पादन

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को शाहपुर अंचल कार्यालय में भूमि विवाद के मामलों के निपटारे को लेकर जनता दरबार लगाया गया। इसमें भूमि विवाद से जुड़े छह मामले सुनवाई के लिए प्रस्तुत किए गए।अंचलाधिकारी आनंद प्रकाश ने बताया कि सुनवाई के बाद पांच मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। वहीं एक मामले में दोनों पक्षों को संबंधित कागजात के साथ अगली सुनवाई में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

# मादक पदार्थ के साथ किराना दुकानदार गिरफ्तार

**8.760 ग्राम गांजा, 1 डिजिटल तराजू एवं 1 मोबाइल बरामद**



**आरा/पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थ की बरामदगी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पीरो थाना पुलिस को एक सफलता हाथ आई है। इसी कड़ी में पीरो थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के मनैनी छलका स्थित एक किराना दुकान में छापेमारी कर मादक पदार्थ के साथ दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके दुकान से 8 किलो 760 ग्राम गांजा, 1 डिजिटल तराजू एवं 1 मोबाइल बरामद हुआ। गिरफ्तार तस्कर सिकरहटा थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव निवासी श्रीराम ठाकुर का पुत्र अमित ठाकुर है। इसकी जानकारी पीरो एसडीपीओ कन्हैया कुमार ने प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र के मनैनी छलका स्थित किराना दुकान में दुकानदार अमित ठाकुर के द्वारा मादक पदार्थ छुपा कर व रखकर उसकी खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन उपरांत एसपी अवधेश दीक्षित के निर्देश पर पीरो एसडीपीओ कन्हैया कुमार के नेतृत्व में पीरो अंचलाधिकारी एवं पुलिस सशस्त्र बल के द्वारा मनैनी छलका स्थित अमित ठाकुर के किराना दुकान पर छापेमारी की गई। इस दौरान उनके दुकान से 8 किलो 760 ग्राम गांजा, 1 डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक तराजू एवं 1 मोबाइल बरामद कर अमित ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान अमित ठाकुर द्वारा बताया गया कि वह सिकरहटा थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी व्यक्ति से गांजा लेकर खरीद-बिक्री का कार्य करीब दो वर्ष से कर रहा है। इसके पश्चात पीरो थाना में अमित ठाकुर एवं फतेहपुर निवासी व्यक्ति के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है बता दे कि बीते 28 जुलाई को पीरो थाना पुलिस द्वारा मनैनी छलका स्थित किराना दुकान पर छापेमारी कर 380 ग्राम गांजे के साथ अमित ठाकुर के पिता श्रीराम ठाकुर को भी गिरफ्तार कर किया गया था।

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित, छात्रों को मिला परिणाम पत्रक

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य शिक्षा शोध व प्रशिक्षण परिषद द्वारा सरकारी प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में आयोजित अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी के दौरान घोषित किया गया। इसके लिए विभागीय निदेर्शानुसार सभी सरकारी प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का विधिवत आयोजन किया गया था। गोष्ठी के दौरान अभिभावकों की मौजूदगी में छात्र-छात्राओं को परिणाम-पत्रक प्रदान किया गया। इस दौरान अभिभावकों को उनके बच्चों के शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक व शिक्षकों ने उनसे विद्यालय में आवश्यक सुधार के लिए सुझाव प्राप्त किया गया। साथ ही अभिभावकों को नियमित रूप से अपने बच्चों को विद्यालय भेजने, प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को आयोजित होने वाले शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी में शामिल होने, घर में बच्चों पर ध्यान देने आदि का सुझाव दिया गया। शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी के क्रम में अभिभावकों के समक्ष मिशन निपुण से संबंधित गतिविधियों का प्रदर्शन भी किया गया। प्राथमिक विद्यालय दुसाधीबधार में प्रधान शिक्षक बबलू कुमार की देखरेख में आयोजित शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी में मौजूद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज सिंह ने खुद अभिभावकों के साथ संवाद किया और उनसे विद्यालय के बेहतर तरीके से संचालन में सहयोग की अपील की।



## वर्षा एवं मौसम की स्थिति के मद्देनजर सतत निगरानी




**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) एवं बिहार मौसम सेवा केंद्र द्वारा जारी पूवार्नुमान के अनुसार 28 सितम्बर 2026 तक भोजपुर जिले में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है। जिला पदाधिकारी, भोजपुर श्री मनेश कुमार मीणा के निदेर्शानुसार भोजपुर जिले में हो रही वर्षा एवं मौसम की स्थिति को देखते हुए सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सतत निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। जिले के कुछ क्षेत्रों में वर्षा एवं तेज हवा के कारण गिरे पेड़ों को विद्युत विभाग एवं वन विभाग द्वारा समन्वय के साथ हटाने की कार्रवाई की गई है, जिससे आवागमन एवं विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहायता मिली है। फ्लड कंट्रोल डिवीजन द्वारा संवेदनशील एवं तटबंधीय क्षेत्रों में पेट्रोलिंग एवं सतत निगरानी की जा रही है। आवश्यकता वाले स्थानों पर बाढ़ निरोधात्मक कार्य (बाढ़ से बचाव) भी से कराया जा रहा है। जल निकासी एवं सड़क व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु आरसीडी एवं आरडब्ल्यूडी द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम क्षेत्र में भी जल निकासी एवं साफ-सफाई व्यवस्था पर कार्रवाई की जा रही है। वर्षा के मद्देनजर जलजनित बीमारियों की रोकथाम एवं स्वच्छता व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आवश्यकता वाले क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जा रहा है तथा हैलोजन टैबलेट की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ की टीमें अलर्ट मोड में रखी गई हैं। साथ ही, मौसम पूवार्नुमान एवं आवश्यक सूचनाओं का नियमित रूप से प्रसार करते हुए आमजन को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। जिला आपातकालीन संचालन केंद्र सक्रिय है। किसी भी आपात स्थिति में नागरिक 9472398730 एवं 06182-221233 पर संपर्क कर सकते हैं।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने लिया स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध एसबी कॉलेज, आरा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-2 की ओर से एनएसएस स्थापना दिवस पर महाविद्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयंसेवकों को सामाजिक सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण के प्रति



जागरूक करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मीना कुमारी, एनएसएस इकाई-2 की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. मनीषा कुमारी और भूगोल विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. दिव्या ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने स्वच्छता की शपथ ली और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों की ओर से पिछले एक वर्ष में किए गए सामाजिक और जागरूकता कार्यों की झलक भी प्रस्तुत की गई। इसके लिए फोटोग्राफ, समाचार-पत्रों की कटिंग और विभिन्न गतिविधियों से संबंधित सामग्री को बैनर व नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का अनावरण प्राचार्या एवं उपस्थित शिक्षकों की मौजूदगी में किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से स्वयंसेवकों ने वर्षभर की अपनी सामाजिक सहभागिता और सेवा गतिविधियों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सुंदरम, पवन, अंकुश, खुशी, राहुल, शिवम, सचिन, सोनल, सृष्टि, किरण, अंजलि, निधि, नेहा, निखिल, सोनू, हर्ष, भारती, विकास, रूपक, मनीष, आदित्य, अंचला, शबनम, श्रुति और निशांत कुमार सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों को समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

### बाढ़ प्रभावितों को राहत राशि नहीं मिलने पर पूर्व विधायक ने डीएम को सौंपा पत्र

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ प्रभावित परिवारों को आपदा राहत राशि नहीं मिलने का मामला अब प्रशासन के समक्ष पहुंच गया है। शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक मुन्नी देवी ने जिला पदाधिकारी, भोजपुर को पत्र देकर बाढ़ से प्रभावित कई पंचायतों के पात्र परिवारों को राहत राशि से वंचित रखने की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए वंचित परिवारों को तत्काल राहत राशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। पूर्व विधायक ने पत्र में कहा है कि शाहपुर प्रखंड के कई पंचायतों में बाढ़ का पानी प्रवेश करने के बाद बड़ी संख्या में परिवार प्रभावित हुए। इसके बावजूद कुछ पंचायतों के कई वार्डों में पात्र परिवारों को आपदा राहत राशि नहीं मिल सकी है। उन्होंने इसे गंभीर मामला बताते हुए पूरे प्रकरण की जांच कराने की मांग की है। पत्र में शाहपुर प्रखंड की नगर पंचायत शाहपुर के वार्ड संख्या सात (गोपालपुर) तथा वार्ड छह के कुछ हिस्से, खुटहा पंचायत के वार्ड संख्या 13, 14, 15 व 16 तथा देवमलपुर पंचायत के वार्ड संख्या 15 का उल्लेख किया गया है। इसी तरह बिहिया प्रखंड की पिपरा जगदीश पंचायत के वार्ड 11, 12 व 13 तथा वार्ड दो (भेड़िया) और रानीसागर पंचायत के वार्ड 15, 16 तथा बिहिया के वार्ड 1, 2, 3, 4 व 5 को भी प्रभावित क्षेत्रों में बताया गया है। पूर्व विधायक ने कहा कि जिन क्षेत्रों में बाढ़ का पानी पहुंचा और परिवार प्रभावित हुए, वहां राहत राशि से वंचित रह जाना गंभीर प्रशासनिक चूक है।

## भगवान कुशवाहा सीधे माफी मांगें



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** यादव समाज को लेकर दिए गए अपने बयान पर अब भगवान कुशवाहा तरह-तरह की सफाई दे रहे हैं और कह रहे हैं कि ह्लमैंने ऐसा नहीं कहा, यूट्यूबर ने बढ़ाने के लिए प्रसारित कर दिया। अगर वास्तव में उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है और किसी यूट्यूबर ने गलत तरीके से उनके नाम से बयान प्रसारित किया है, तो उन्हें उस यूट्यूबर के खिलाफ थ्स् दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए और पूरे समाज के सामने तथ्य स्पष्ट करना चाहिए। लेकिन केवल गोल-गोल बातें करने और जिम्मेदारी से बचने से यादव समाज अपने अपमान को भूलने वाला नहीं है।मेरी मांग स्पष्ट है

### साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को सफलतापूर्वक वापस कराई गई राशि




**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर साइबर थाना ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के शिकार हुए एक पीड़ित व्यक्ति की 45 हजार 300 रुपये की राशि सफलतापूर्वक वापस कराई। उक्त कार्रवाई एसडीई नंबर-410/26 के माध्यम से सुनिश्चित की गई। इस दौरान साइबर डीएसपी ने पीड़ित व्यक्ति को राशि से संबंधित कागजात सौंपा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 डायल करें। सजग और सुरक्षित रहें।

### बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच हिन्दू पुत्र संगठन ने बांटा सूखा राशन

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए हिन्दू पुत्र संगठन की ओर से राहत अभियान चलाया गया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने शाहपुर प्रखंड के जवइनिया बांध और बड़हरा प्रखंड के पिपरपाती गांव में बाढ़ से विस्थापित करीब 400 परिवारों के बीच सूखा राशन वितरित किया। जलजमाव के कारण कई इलाकों में राहत सामग्री पहुंचाना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। ऐसे में संगठन के कार्यकर्ताओं ने नाव और पैदल पहुंचकर प्रभावित परिवारों तक राशन किट पहुंचाई। संगठन के अनुसार, वितरित राशन से परिवारों को करीब एक सप्ताह तक भोजन की समस्या से राहत मिलेगी। अभियान का नेतृत्व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश सम्राट ने किया। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों तक समय पर भोजन और जरूरी सामग्री पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता है। सेवा और मानवता के संकल्प के साथ कार्यकर्ता अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाने में जुटे हैं। राहत वितरण में रिंटू गिरी, विशाल, धीरज पांडे, रवि ओबराय, रमेश कुमार सुदामा, राजा ठाकुर, साहिल, रवि कुमार, आशुतोष कुमार और अविनाश सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।



## चक्रवाती तूफान के कारण लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित





**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** चक्रवाती तूफान के असर के कारण लगातार बारिश हो रही है। लगातार हो रही बारिश से जहां जनजीवन प्रभावित हुआ है, वहीं आरा शहर में कई जगहों पर पेड़ गिरने से बिजली व्यवस्था भी बाधित हो गई। आरा के विद्या भवन और रेडक्रॉस सोसाइटी मुख्य मार्ग पर एक बड़ा पेड़ बिजली के तार पर गिर गया, जिसके कारण कई घंटे तक बिजली सेवा प्रभावित रही। पेड़ गिरने से सड़क पर आवागमन भी बाधित हुआ और लोगों को वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ा। आरा शहर में शनिवार को लगातार बारिश के बीच कई इलाकों में पेड़ और डालियां गिरने की सूचना सामने आई। विद्या भवन से रेडक्रॉस सोसाइटी जाने वाले मुख्य मार्ग पर बड़ा पेड़ गिरने से सड़क का एक हिस्सा बाधित हो गया। पेड़ के बिजली के तार पर गिरने के कारण आसपास के क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई। बारिश के बीच बिजली गुल होने से स्थानीय लोगों और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान आरा शहर में बिजली व्यवस्था अक्सर प्रभावित होती है। पेड़ों की नियमित छंटाई और कमजोर पेड़ों की पहचान कर उन्हें हटाने की व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर की सड़कों के किनारे बड़ी संख्या में यूकेलिप्टस समेत पुराने और ऊंचे पेड़ मौजूद हैं। तेज हवा और बारिश के दौरान इन पेड़ों की शाखाएं टूटने या पेड़ गिरने का खतरा बना रहता है। पूर्व में भी वन विभाग और जिला प्रशासन से कमजोर एवं खतरनाक पेड़ों को हटाने तथा उनकी जगह नए पौधे लगाने की मांग की जाती रही है। लोगों की मांग है कि वन विभाग, नगर निगम और बिजली विभाग आपसी समन्वय बनाकर शहर में सड़कों एवं बिजली लाइनों के आसपास मौजूद कमजोर और खतरनाक पेड़ों का सर्वे कराएं। जरूरत के अनुसार उनकी छंटाई या सुरक्षित तरीके से हटाने की कार्रवाई की जाए, ताकि बारिश और तेज हवा के दौरान बिजली आपूर्ति तथा यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो।

### चलती ऑटो में स्नातक की छात्रा से छेड़खानी, चालक गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुली एवं बलुआ गांव के बीच चलती ऑटो में चालक द्वारा स्नातक की छात्रा के साथ छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना शनिवार की दोपहर की बताई जा रही है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चालक मुफ्फसिल थाना के बखरिया गांव निवासी विजय कुमार उर्फ चैरसिया उर्फ मस्तो है। बताया जाता है कि पीड़िता धोबहां थाना क्षेत्र के धोबहा बाजार से क्लास कर ऑटो द्वारा वापस घर लौट रही थी। उसी दौरान महुली एवं बलुआ गांव के बीच चालक द्वारा चलती ऑटो में छात्रा साथ छेड़खानी की गयी। इस दौरान छात्रा किसी तरह ऑटो से कूद भागी और घर जाकर अपनी आपबीती परिजनों को बताई। इसके पश्चात पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार ऑटो चालक के विरुद्ध मुफस्सिल थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### संभावित बाढ़ को देखते हुए जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में नेपाल में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर संभावित बाढ़ की स्थिति एवं तैयारियों की समीक्षा बिरौल अनुमंडल के पदाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिरौल अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर), संबंधित अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष सहित संबंधित पदाधिकारी जुड़े। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बिरौल अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जलस्तर की वर्तमान स्थिति, संभावित बाढ़ के मद्देनजर की गई तैयारियों तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों से विस्तृत फीडबैक लिया।उन्होंने अधिकारियों को स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने तथा जलस्तर में होने वाले परिवर्तन की नियमित रूप से निगरानी करने का निर्देश दिया। संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सभी संबंधित विभाग एवं पदाधिकारी पूर्व से पूरी तैयारी रखें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने बिरौल के अनुमंडल पदाधिकारी को बाढ़ से संबंधित सभी तैयारियों एवं राहत कार्यों का नियमित अनुश्रवण एवं समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन सलीम अख्तर, सहायक निदेशक, आपदा प्रबंधन प्रणव राज सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल में रखा 5 लाख रुपया निकालकर अपराधी हुआ फरार

**बेनीपुर (एनएसबी)।** नेहरा थाना क्षेत्र में बैंक से रुपये निकालकर घर लौट रहे एक व्यक्ति के मोटरसाइकिल के डिक्की तोड़कर 5 लाख रुपए लेकर अज्ञात व्यक्ति भाग गया । पीड़ित ने नेहरा थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में बहेड़ा थाना क्षेत्र के अमौठी पंचायत के निमैंठी निवासी सुबोध दास ने बताया कि 25 मार्च को दोपहर करीब 3 बजे वे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सकरी शाखा स्थित अपने खाता से 5 लाख रुपये की निकासी कर अपनी मोटरसाइकिल की डिक्की में रखकर घर जा रहे थे। इसी बीच मोटरसाइकिल ठीक करने के लिए नेहरा बालू चौक के नजदीक एक गैराज में लगाकर बगल में पेशाब करने चले गए। लौटेने पर देखा कि मोटरसाइकिल का डिक्की टूटा हुआ है और जिसमें 5 लाख रुपए,पासबुक, चेक बुक सब के गायब है। इधर-उधर खोज किया परंतु नहीं मिला। किसी अज्ञात अपराधी ने डिक्की से रुपये से भरा बैग निकाल कर फरार हो गया। अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है तथा रुपये बरामद कराने की गुहार लगाई है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### मिथिला विश्वविद्यालय में अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी व अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद् के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालय किक-बॉक्सिंग, जूडो, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, कराटे एवं वुशु, पुरुष/महिला, प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के खेल प्रभारी अमृत कुमार झा ने नारियल फोड़कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 157 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें 80 पुरुष एवं 77 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। यह प्रतियोगिता आज एवं कल, अर्थात 26 व 27 सितंबर, 2026 को आयोजित की जा रही है। उद्घाटन के अवसर पर खेल प्रभारी अमृत कुमार झा ने कहा कि किक-बॉक्सिंग, जूडो, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, कराटे एवं वुशु जैसे कॉम्बैट खेल खिलाड़ियों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं मानसिक दृढ़ता का विकास करते हैं। दो दिनों में प्रदर्शन के आधार पर तथा व्यक्तिगत ट्रायल के जरिए चयनित खिलाड़ियों को आगामी अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं के लिए विश्वविद्यालय टीम में शामिल किया जाएगा। स्नातकोत्तर क्रीड़ा परिषद् की अध्यक्ष डॉ प्रियंका राय ने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि खिलाड़ियों के स्वस्थ भविष्य एवं दीर्घकालिक खेल कैरियर की नींव तैयार करने का भी एक सशक्त मंच है। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन के कारण ही विश्वविद्यालय में खेल गतिविधियों को नई ऊर्जा और दिशा मिल रही है। उन्होंने खेल निदेशालय के निदेशक प्रो अजय नाथ झा के प्रति भी विशेष आभार जताया। चयनकर्ता के रूप में रूपेश कुमार, एस.बी.एस.एस. कॉलेज, बेगूसराय, संजीव कुमार, वुशु संघ, दरभंगा, सुनील कुमार चौधरी, एम.एल.एस.एम. कॉलेज, दरभंगा, पवन साहनी, के.एस.डी.एस.यू., दरभंगा, मुकेश कुमार मिश्रा, बिहार कराटे संघ, पटना, फुलेश्वर कुमार मंडल, के.एस. कॉलेज, दरभंगा, दिलीप कुमार, पूर्व विश्वविद्यालय खिलाड़ी एवं संतोष कुमार शामिल रहे। प्रतियोगिता में मनीष राज, खेल एवं संस्कृति विभाग, तकनीकी सदस्य के रूप में उपस्थित रहे।

### मारवाड़ी कॉलेज के भौतिकी विभाग के शोधार्थी ने नेट जेआरएफ में सफलता प्राप्त की



नितीश कुमार भारती (फाइल फोटो)।

**दरभंगा (एनएसबी)।** महाविद्यालय के भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अमित कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में शोध कार्य कर रहे शोधार्थी नितीश कुमार भारती ने फिजिकल साइंस विषय में नेट जेआरएफ में सफलता प्राप्त की। नितीश भारती का ऑल इंडिया रैंक 218 है। महाविद्यालय के शोधार्थी नितीश भारती के इस उपलब्धि पर महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ प्रो एल पी जायसवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ अरविंद झा, बर्सर डॉ सुभाष कुमार सुमन, आइ क्यू ए सी चेयरमैन डॉ अमित कुमार सिंह मीडिया प्रभारी डॉ श्रवण कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ संजय कुमार, डॉ गजेंद्र भारद्वाज, डॉ अनिरुद्ध सिंह, डॉ शकील अख्तर, डॉ विष्णुदेव मोची, डॉ प्रियानंदन, डॉ राजीव रंजन, डॉ सोनी कुमारी, डॉ राकेश रंजन, डॉ रिंकी कुमारी, डॉ गुरुदेव शिल्पी, डॉ शैलजा, डॉ चंदन भारद्वाज, डॉ हिना गौहर, डॉ अनिल बिहारी वर्मा, डॉ अनीता सिन्हा, डॉ संजय कुमार, डॉ ललन कुमार, डॉ मुकेश प्रसाद, डॉ अनीता कुमारी परमानंद, डॉ आशुतोष कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी (सामान्य शाखा) विजय कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी (लेखा शाखा) आनन्द शंकर, सहायक अभिव्रत बिहारी वर्मा, सौरभ सुमन सहित अन्य कर्मियों ने शोधार्थी नितीश कुमार भारती को शुभकामनाएं दी हैं और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### दरभंगा जिला, प्रमंडल तथा राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 29 सितंबर से शुरू



खेल पदाधिकारी से जानकारी लेते जिलाधिकारी।

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में जिला, प्रमंडल तथा राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिताओं 2026-27 के सफल आयोजन को लेकर उनके कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रतियोगिता के आयोजन, खेल स्थलों, प्रतिभागियों की सहभागिता, चयन प्रक्रिया तथा आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दरभंगा जिला, प्रमंडल तथा राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिताओं 2026-27 का आयोजन 29 सितंबर 2026 से 02 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न निर्धारित खेल स्थलों पर कराया जाएगा। प्रतियोगिताओं का आयोजन नेहरू स्टेडियम, लहेरियासराय, दरभंगा खेल भवन सह- व्यायामशाला, दरभंगा; इंडोर स्टेडियम; किलकारी बाल भवन, दरभंगा तथा होली मैरी इंटरनेशनल स्कूल के बास्केटबॉल कोर्ट पर किया जाएगा। विभिन्न खेल विधाओं का विस्तृत कार्यक्रम, जिसमें आयोजन स्थल, तिथि एवं समय का निर्धारण शामिल है, जिला खेल पदाधिकारी, दरभंगा द्वारा तैयार किया जाएगा। जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रिकेट (बालक) अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा। बेस्ट खिलाड़ियों को शामिल करते हुए दरभंगा जिला क्रिकेट टीम का गठन किया जाएगा।

# स्वास्थ्य के प्रति सभी लोगों को जागरूक रहना चाहिए : जीवेश

## कटका मे सेवा संकल्प अभियान के तहत लगा स्वास्थ्य शिविर

**■ प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ मृदुल कुमार शुक्ला ने दिया चिकित्सीय परामर्श**




कार्यक्रम में विधायक जीवेश कुमार, चिकित्सक डॉ. मृदुल कुमार शुक्ला व अन्य।

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** कटका पंचायत के दहशील गांव मे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करते हुए स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री जीवेश कुमार ने कहा स्वास्थ्य के प्रति सभी लोगों को जागरूक रहना चाहिए।

स्वास्थ्य जैसी बुनियादी आवश्यकता से जुड़े ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए काफी उपयोगी हैं। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. प्रेमचंद की देखरेख में आयोजित शिविर में 260 लोगों का उपचार किया गया। मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई एवं दवा उपलब्ध कराया गया। शिविर मे प्रसिद्ध चिकित्सक डा. मृदुल कुमार शुक्ला ने क्षेत्रवासियों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। शिविर में मुखिया कुमार किसलय, मंडल अध्यक्ष भोला राय, रमेश प्रसाद कुशवाहा,पंसस राजा पासवान, कौशलेंद्र झा, विकास सदा,राधेश्याम साह,रामभरोस साह,शिवशंकर साह आदि मौजूद थे।

## पेट में पथरी सहित अन्य बीमारियों का इलाज हुआ अब आसान

**■ बाबा कुशेश्वरनाथ स्वस्थ सेवा सदन में आयुष्मान भारत योजना का मिल रहा लाभ**



डा. रोहन कुमार रौशन।

**कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)।** कुशेश्वरस्थान में खुला पहला आयुष्मान भारत से रजिस्टर्ड संस्थान बाबा कुशेश्वर नाथ स्वस्थ सेवा सदन, जिसमें आम जनमानस के हितों कि सुरक्षा और असाध्य रोगों के ईलाज के लिए और वैसे मरीज जिनके पेट में पथरी कि शिकायत हो या अन्य किसी बीमारी से परेशान हो जिन्हें ऑपरेशन की जरूरत पड़े तो उनका ईलाज आधुनिक लेप्रोस्कोपिक मशीनों के द्वारा ईलाज किया जाऐगा। ईस ईलाज में आयुष्मान कार्ड के द्वारा आसानी से ईलाज किया जा सकता है।

संस्थान में डा. रोहन कुमार रौशन जो लेप्रोस्कोपिक सर्जन डीएनबी के द्वारा अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा बड़ा से बड़ा ऑपरेशन कर पित, बडी आंत या छोटी आंत में पथड़ी हो उसे आसानी से निकाल दिया जाता है। यह संस्थान सूदुरवर्ती इलाके का पहला संस्था है जो जटिल बीमारियों का ईलाज कि सुबिधा दे रही है और इमरजेंसी में भी कई लोगों का ईलाज किया है। हाल फिलहाल में कई ऐसा आप्रेशन कर पित से पथरी निकाला है। मरीज आशा देवी पति शशि कांत शर्मा शिवनगर कोरथू निवासी और मौसम कुमारी पति विपीन कुमार पासवान रामपुर राउत कुशेश्वरस्थान निवासी हैं जिसका लेप्रोस्कोपिक मशीन के द्वारा डा. रोहन कुमार रौशन ने पित के थैली से पथली को निकाला है। इस संस्थान में नर्सेस, कम्पाउन्डर, ड्रेसर, सभी प्रशिक्षित है जिनके द्वारा सफल ईलाज किया जाता है । जहां बाबा कुशेश्वरनाथ स्वास्थ सेवा सदन के व्यवस्थापक डा. सुरेन्द्र पासवान ने बताया कि हम आम जनमानस के सुरक्षा सुविधा और कम पैसे में बेहतर ईलाज करने कि सुबिधा देने कि कोशिश कर रहा हूं। इस अस्पताल में डा आनंद कृष्णा, डा. ओसामा अहमद, डा. संजय कुमार सिंह अपनी सेवा दे रहे हैं।

## पीएम मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से मछली उत्पादन को मिलेगा नया आयाम : डॉ. गोपाल जी ठाकुर



जिला मत्स्य पदाधिकारी के साथ बैठक करते सांसद।

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा बाढ़ प्रभावित जिला है। यहां कोशी कमला गंडक अधवारा समूह की नदियों तथा भारी संख्या में मौजूद तालाबों के रहने के कारण मछली उत्पादन तथा व्यवसाय को रोजगार का माध्यम बनाने के लिए केंद्र तथा राज्य की एनडीए सरकार के द्वारा अनेकों पहल की जा रही है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना आने वाले समय में मछली उत्पादन करने वालो के लिए वरदान साबित होगा।

स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने बलभद्रपुर लहेरियासराय स्थित संसदीय कार्यालय में जिला मत्स्य पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक करने के बाद उपरोक्त बातों की जानकारी दी है। बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने, मत्स्य उत्पादन बढ़ाने, तालाबों के विकास तथा मत्स्यपालकों की आय में वृद्धि के लिए आवश्यक कदमों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों को सशक्त बनाने की दिशा में हो रहे प्रयासों का लाभ दरभंगा के मत्स्यपालकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की पहल में तेजी लाने की आवश्यकता है तथा इसमें उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों को चिन्हित कर दंडित किए जाएंगे।

## हक की लड़ाई अब सड़क पर लोकतांत्रिक हुंकार से होगी : डॉ. मुन्ना खान



कार्यक्रम में कांग्रेस नेता डॉ मुन्ना खान व अन्य ।

**दरभंगा (एनएसबी)।** कांग्रेस नेता डॉ. मुन्ना खान ने कहा कि देश के नागरिकों के संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए अब आम जनता को एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता मालिक है और उसके अधिकारों से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें मतदान का अधिकार दिया है। यदि मतदाता सूची, मतदान प्रक्रिया या वोट के अधिकार से जुड़े किसी भी स्तर पर अनियमितता की आशंका हो, तो उसकी निष्पक्ष जांच और पारदर्शिता सुनिश्चित करना लोकतंत्र की जिम्मेदारी है। आम जनता अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं कर सकती। कांग्रेस नेता डॉ. मुन्ना खान ने कहा कि हमें अपने संविधान की रक्षा के लिए,किसानों को एम एस पी का कानूनी अधिकार दिलाने के लिए,युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए,छात्रों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए,आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए,जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए,और सबसे महत्वपूर्ण, अपने मतदान के अधिकार की रक्षा के लिएआवाज उठानी होगी और लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि अब चुप्पी विकल्प नहीं है और सवाल पूछना जनता का अधिकार है।

## नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म व अपहरण का आरोपी निकला रिश्तेदार

**■ पुलिस ने कहा प्रेम प्रसंग का मामला, दरभंगा जंक्शन से जीआरपी ने किया था गिरफ्तार**

**बिरौल (एनएसबी)।** बिरौल थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आया है कि पीड़िता और आरोपी पक्ष आपस में रिश्तेदार हैं और पूरा मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी, उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही आरोपी एक किशोर से भी जानकारी ली है। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और मोबाइल भी जब्त किया गया है।

इस संबंध में बिरौल एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि बिरौल थाना कांड संख्या 681/2026 मे अनुसंधान के दौरान खुलासा हुआ कि 24 सितंबर की दोपहर करीब 3 बजे पीड़िता विद्यालय से परीक्षा देकर घर लौटने के दौरान , अभियुक्त और उसका एक सहयोगी मोटरसाइकिल से बिरौल थाना क्षेत्र से भाग कर दरभंगा रेलवे स्टेशन पहुंचे थे. दरभंगा स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने तीनों को संदिग्ध अवस्था में देखकर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया और जीआरपी थाना ले आई। जीआरपी थानाध्यक्ष द्वारा दोनों पक्षों के परिजनों को फोन पर सूचना दी गई। परिजनों के दरभंगा पहुंचने के बाद जीआरपी ने बॉन्ड भरवाकर सभी को अभिरक्षा से मुक्त कर दिया और थाना दैनिकी में इसकी प्रविष्टि की। इसी सूचना के आधार पर बिरौल पुलिस को मामले की जानकारी मिली और कार्रवाई शुरू की गई। मुख्य आरोपी मजरगाही निवासी प्रवीन्द्र मांझी उर्फ प्रवीण मांझी पर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप है। उसके सहयोगी एक किशोर से भी पुलिस ने जानकारी लिया है। उसके पिता जामुन मांझी को भी गिरफ्तार किया गया है. जामुन मांझी पर आरोप है कि उसने पुलिस पदाधिकारी के सामने ही पीड़िता के परिजनों को धमकी दी और उनके साथ मारपीट की। गिरफ्तार आरोपी मजरगाही, थाना बिरौल के रहने वाले हैं. एसडीपीओ ने बताया कि पीड़िता को पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल जांच के लिए डीएमसीएच भेजा रहा है। बताया जाता है कि पीड़िता मुख्य आरोपी प्रविंद्र माझी के बड़े भाई के चचेरी साली है। इस छापेमारी अभियान में एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक सह परिचारी पदाधिकारी अमृत लाल वर्मन, थानाध्यक्ष चंद्रमणि, अपर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, अनुसंधानकर्ता एसआई मुन्नी कुमारी, एसआई अनिल कुमार तिवारी सहित बिरौल थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगे युवा : धर्मशीला गुप्ता




कार्यक्रम का उद्घाटन करती राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता।

**दरभंगा (एनएसबी)।** राजकीय मध्य विद्यालय, अलफगंज में आयोजित ह्यसेवा संकल्प अभियानङ्क कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डॉ धर्मशीला गुप्ता ने विद्यार्थियों को विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प देश के सामने रखा है। इस संकल्प को साकार करने में देश के युवाओं और विद्यार्थियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। ह्यविकसित भारत 2047ङ्क का सपना केवल सरकार का नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक का संकल्प है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद नन्हे चित्रकारों, लेखकों और वक्ताओं को ह्यकल के भारत का शिल्पकारङ्क बताते हुए कहा कि बच्चों के सपनों में ही भविष्य के भारत की तस्वीर छिपी है।

### अपनी रुचि, क्षमता, कौशल व कैरियर लक्ष्य को पहचान कर आगे बढ़े छात्र : प्रो. बी बी एल दास

**■ बदलते रोजगार परिदृश्य के अनुरूप कौशल विकास जरूरी**

**दरभंगा (एनएसबी)।** वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता, कौशल एवं कैरियर लक्ष्य को पहचानकर सही दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में वाणिज्य के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो बी० बी० एल० दास ने बतौर मुख्य वक्ता ये बातें कही।उन्होंने विद्यार्थियों को कैरियर चयन में स्पष्ट दृष्टिकोण रखने तथा बदलते रोजगार परिदृश्य के अनुरूप अपने कौशल को विकसित करने की सलाह दी। विभागीय शिक्षक श्याम कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। विभागाध्यक्ष सह निदेशक डॉ राज कुमार साह ने छात्रों को बदलते दौर की मांग, कॉर्पोरेट ट्रेंड्स और भविष्य में उपलब्ध विभिन्न रोजगार के अवसरों से जुड़े मुद्दों पर मार्गदर्शन किया। विभाग के शिक्षक डॉ संजय कुमार ठाकुर के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मंच का संचालन सीनियर रिसर्च फेलो पायल कुमारी ने किया।

# नगर पंचायत सिंहवाड़ा के विस्तार प्रस्ताव का हुआ विरोध

## बाबा बटेश्वर नाथ मंदिर परिसर मे आम सभा कर जताया विरोध



आम सभा मे मौजूद स्थानीय जनप्रतिनिधि वअन्य।

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** नगर पंचायत सिंहवाड़ा के विस्तार प्रस्ताव को लेकर शनिवार को बाबा बटेश्वरनाथ मंदिर परिसर में ग्रामीणो ने आमसभा के माध्यम से आक्रोश व्यक्त किया। पूर्व मुखिया अविनाश उर्फ मोहन सहनी की अध्यक्षता एवं वार्ड पार्षद देवनाथ चौपाल के संचालन में हुई सभा में वक्ताओं ने नगर पंचायत सिंहवाड़ा के विस्तार प्रस्ताव पर विरोध प्रकट करते हुए कहा कि यह पुरी तरह मनमानी है।

सिंहवाड़ा नगर पंचायत में संपूर्ण रामपुरा पंचायत को जोड़ा जा रहा है जो कहीं से उपयुक्त नहीं है। नगर पंचायत की सीमा रामपुरा पंचायत में वर्तमान में कोई मार्केट हाट बाजार नहीं है। इसके जगह यदि ग्राम पंचायत राज कटासा सम्पूर्ण का विलय या समायोजन इसमें किया जाय तो यह बेहतर होगा। यदि रामपुरा को इस नगर पंचायत में जोड़ा जाता है तो इससे सटा ग्राम सिमरी को भी लेना आवश्यक होगा। जहां मार्केट, थाना एवं स्टेडियम इत्यादि भी है तथा यह राष्ट्रीय राजमार्ग 27 से भी जुड़ा हुआ है। रामपुरा पंचायत एवं सिमरी पंचायत को जोड़कर एक नए नगर निकाय का गठन करना सबसे उपयुक्त होगा। ऐसे महत्वपूर्ण निर्णय विभागीय किसी भी पत्र की विधिवत सूचना एवं प्रतिलिपि निर्वाचित पार्षदगण, मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद तक को क्यो नहीं दी गई है। वक्ताओं ने मांग की है कि आम सभा की बैठक आहुत करवाते हुए इस कार्य हेतु न्यूनतम प्रत्येक वार्ड से एक प्रबुद्ध जन का चयन करवाते हुए नगर पंचायत के आम सभा द्वारा प्रस्ताव को पारित करवाने के उपरांत ही अन्य ग्राम को जोड़ने की अधिकारी को निर्देश देने का कष्ट किया जाय। वक्ताओं ने नगर पंचायत के विस्तार में स्थानीय विधायक जीवेश कुमार द्वारा हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। मांग पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है। बताया गया है की नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा नगर निकायों के विस्तार के लिए मांगे गए प्रस्ताव के आलोक में नपं के विस्तार का प्रस्ताव जिला में भेजा गया है।सभा को मुख्य पार्षद प्रेम भगत, बीस सूत्री सह भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला राय आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रारंभिक विद्यालयों में संगोष्ठी का किया गया आयोजन



**बिस्फी।** प्रखंड क्षेत्र के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में शनिवार को अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी कि अध्यक्षता प्रधानाध्यापक शत्रुघ्न राय, राजेश कुमार झा, अशोक साफी, विनोद कुमार झा, हरिशंकर प्रसाद दास, मनोज कुमार मंडल, हेमंत कुमार मिश्रा,कामोद साफी,कौशलेंद्र कुमार सिंह, जयंत कुमार चौधरी, राजेश रंजन, मीनाक्षी कुमारी, विभा कुमारी, ललिता कुमारी, मनोज कुमार, महेश प्रसाद शाह, सुशील साहू, देवनारायण चौधरी, महाराणा प्रताप,मो शमीम ने अपने-अपने विद्यालय पर किया जाएंगे. संगोष्ठी के दौरान निपुण पथ पढ़ना, लिखना व गणना रहेगा. इसमें बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, स्वास्थ्य पोषण स्वच्छता सहित अन्य विषयों पर अभिभावकों के साथ संवाद किया गया. बच्चों की उपलब्धियां और प्रतिभाओं को भी साझा की गई. अभिभावको को नियमित उपस्थिति और घर पर पढ़ाई का अनुकूल माहौल बनाने के लिए भी जागरूक किया गया. वर्गवार पेरेंट ऑफ द मंथ और एक छात्र-छात्रा को स्टूडेंट ऑफ द मंथ के रूप में सम्मानित भी किया गया.

### अंचल कार्यालय में जनता दरबार का किया गया आयोजन



**बिस्फी।** अंचल कार्यालय के सभागार में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया. अध्यक्षता राजस्व पदाधिकारी सविता कुमारी ने किया.आयोजित जनता दरबार में जमीनी विवाद ,दाखिल खारिज, परिमार्जन, सहीत कई प्रमाण पत्र से संबंधित एक दर्जन से अधिक मामलों की सुनवाई की गई. जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए राजस्व पदाधिकारी और थाना अध्यक्ष ने संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए आवश्यक कार्रवाई करते हुए तत्काल कई आवेदन को निष्पादन कर दिया.इस अवसर पर राजस्व पदाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण समाधान करना है। उन्होंने लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी विवाद की स्थिति में प्रशासन का पूर्ण सहयोग लेने की अपील की. जनता दरबार में आए सभी मामलों के शीघ्र निष्पादन का भरोसा भी दिया गया. इस मौके पर थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार पतौना थाना अध्यक्ष अनुराग कुमार, सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

### अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी सह अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन 2026 के परिणाम विवरण कार्यक्रम



**खजौली।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेंता ककरघट्टी में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी सह अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन 2026 के परिणाम विवरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभागीय निर्देश के तहत संगोष्ठी का थीम ह्लनिपुण : पढ़ना, लिखना और गणनाह्ल रखा गया था। कार्यक्रम में शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के साथ उनके गृहकार्य की जानकारी लेने और पढ़ाई की नियमित निगरानी करने की अपील की.प्रधानाध्यापक सतीश कुमार ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी उनकी भागीदारी जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई के प्रति सजग रहने की अपील की। संगोष्ठी के दौरान अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन 2026 का परिणाम और प्रगति पत्रक भी बच्चों के बीच वितरित किया गया।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने झिझिया, जट-जटिन और देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख कुमारी उषा ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की। उन्होंने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। मौके पर सरपंच रामानंद ठाकुर, अभिभावक नथुनी सिंह, रामप्रीत साह, राम उदगार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, रासलाल पासवान सहित शिक्षक तनवीर असरफ, मो. कमालुद्दीन, मो. महफूज, अर्जुन दास, सुनीता देवी, दुर्गी कुमारी, आमना खातून, संतोष कुमार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व ग्रामीण मौजूद थे।

### कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम को लेकर कार्यशाला आयोजित



**मधुबनी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मधुबनी एवं महिला एवं बाल विकास निगम, मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सिविल कोर्ट परिसर, मधुबनी में कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम, 2013 (पीओएसएच अधिनियम) को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मधुबनी पवन कुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यशाला में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सह पीओएसएच समिति की अध्यक्ष रचना राज ने अधिनियम के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रावधानों, कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम तथा शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समेकित बाल विकास सेवा ललिता कुमारी ने पीओएसएच अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों एवं विषयों की जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास निगम के जिला परियोजना प्रबंधक हेमंत कुमार मंडल ने आंतरिक समिति एवं स्थानीय समिति की संरचना, भूमिका और दायित्वों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने एसएचई-बॉक्स के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण एवं शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी। साथ ही महिला एवं बाल विकास निगम की वेबसाइट के माध्यम से पीओएसएच अधिनियम से संबंधित ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया से प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों एवं पदाधिकारियों ने अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों पर व्यावहारिक एवं संवादात्मक तरीके से चर्चा की। प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों और जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक एवं लैंगिक उत्पीड़न से मुक्त वातावरण सुनिश्चित करना तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पीओएसएच अधिनियम के प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, मधुबनी जय किशोर दुबे, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सचिन कुमार, पीओएसएच समिति की सदस्य रिचा भारद्वाज, सदस्य एवं अधिवक्ता बबीता कुमारी, सदस्य एवं अधिवक्ता सपना, बार एसोसिएशन मधुबनी के अध्यक्ष एवं सचिव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। अंत में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सचिन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी अतिथियों, विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही कार्यशाला का समापन हुआ।

# सभी उपभोक्ताओं को समयबद्ध, पारदर्शी व गुणवत्तपूर्ण खाद्यान्न का वितरण करें सुनिश्चित : जिलाधिकारी

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी, मधुबनी श्री आनंद शर्मा की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक शनिवार को सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में जिले में खाद्यान्न वितरण, राशन कार्ड निर्माण एवं अद्यतन, अपात्र राशन कार्डधारियों के कार्डों की समीक्षा, जन वितरण प्रणाली दुकानों की निगरानी, अनुश्रवण समिति की बैठक सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान राशन कार्ड निर्माण की प्रगति की प्रखंडवार समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि कुछ प्रखंडों में राशन कार्ड निर्माण के कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध जवाबदेही निर्धारित करने का निर्देश दिया। राशन कार्ड निर्माण में खराब प्रदर्शन पाये जाने पर पंडौल, घोघरडीहा एवं खजौली प्रखंडों के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों का वेतन स्थगित करते हुए उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि राशन कार्ड निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अपेक्षित प्रगति



सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि माह के अंत तक अपेक्षित प्रगति नहीं करने वाले प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के विरुद्ध प्रपत्र 'क' गठित करने की कार्रवाई की जाएगी। सभी संबंधित पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र में लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया।

**प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर पर अनुश्रवण समिति की नियमित बैठक करने पर जोर**

बैठक में आपूर्ति व्यवस्था के अनुश्रवण को और प्रभावी बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर पर अनुश्रवण समिति की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित कराई जाए। उन्होंने कहा कि अनुश्रवण समितियों की बैठक मे प्राप्त शिकायतों, राशन कार्ड से संबंधित मामलों तथा जन वितरण प्रणाली दुकानों की स्थिति तथा खाद्यान्न वितरण की वास्तविक समीक्षा की जाय।

**सितंबर माह का खाद्यान्न 30 सितंबर तक वितरित करने का सख्त निर्देश**

खाद्यान्न वितरण की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को 30 सितंबर तक सितंबर माह के खाद्यान्न का शत-प्रतिशत वितरण लाभुकों के बीच सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि पात्र लाभुकों को निर्धारित मात्रा में समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस कार्य में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी अनुमंडल पदाधिकारी को अपने-अपने अनुमंडल में खाद्यान्न वितरण की नियमित समीक्षा एवं निगरानी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अपात्र राशन कार्डधारियों की भी समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पात्र लाभुकों को सरकारी खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ उपलब्ध कराने के साथ-साथ अपात्र व्यक्तियों के नाम पर बने राशन कार्डों की पहचान एवं सत्यापन की कार्रवाई नियमानुसार की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि अपात्र राशन कार्डधारियों को नियमानुसार नोटिस देने के उपरांत उनका राशन कार्ड रद्द करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस प्रक्रिया में निर्धारित नियमों एवं प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। जन वितरण प्रणाली दुकानों की नियमित एवं निगरानी को लेकर जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को नियमित क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी क्षेत्र में भ्रमण कर जन वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण करें तथा दुकानों के संचालन, खाद्यान्न की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था एवं लाभुकों को मिलने वाली सुविधाओं की सतत निगरानी रखें। उन्होंने निर्देश दिया कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी दुकान पर अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित डीलर के विरुद्ध नियमानुसार विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जन वितरण प्रणाली के माध्यम से सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे खाद्यान्न का लाभ पात्र लाभुकों तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचना चाहिए। किसी भी स्तर पर अनियमितता, कालाबाजारी, खाद्यान्न वितरण में लापरवाही अथवा लाभुकों को अनावश्यक परेशानी की शिकायत मिलने पर त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारी को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि आपूर्ति व्यवस्था से संबंधित कार्यों में किसी भी परिस्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य में शिथिलता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों से आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक निर्धारित समय सीमा में पहुंचाने की अपेक्षा की। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा आपूर्ति विभाग से संबंधित अन्य पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

### मध्य विद्यालय दुधौल में चित्रकला व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**बिस्फी।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय दुधौल रघौली के परिसर में शुक्रवार को मेरे सपनों का भारत सेवा चित्र अभियान के तहत चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाध्यापक अखिलेश्वर ठाकुर ने की. इस दौरान विकसित भारत की संकल्पना, मेरे सपनों का भारत कैसे हो इस पर कई पेंटिंग छात्राओं के द्वारा बनाए गए। रंगों का भारत, हरित भारत, समृद्धि भारत सार्थक भारत जैसे कई बिंदुओं पर चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता किया गया. इसमें विद्यालय के सभी छात्राओं ने भाग लिया. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागी को विद्यालय परिवार की ओर से डायरी, पेन, बुक सहित कई सामान देकर पुरस्कार दिए गए. जिसमें काजल कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, मनीषा कुमारी, शिवानी कुमारी, स्वाति कुमारी, कंचन कुमारी, नंदनी कुमारी ,शालिनी कुमारी शामिल है. प्रधानाध्यापक अखिलेश्वर ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थियों में सेवा भावना, जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना मुख्य उद्देश्य है इस मौके पर रेखा कुमारी, गीतांजली कुमारी, जितेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मुख्य चुनाव आयुक्त को बर्खास्त किया जाए : वामदल

**मधुबनी।** शनिवार को भारतीय की कम्यूनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी माले,भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला सचिव मिथिलेश कुमार झा, ध्रुव नारायण कर्ण, मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में महासंघ कार्यालय गेट से जुलूस निकालकर मुख्य सड़क होते हुए प्रतिरोध मार्च थाना चौक पर जोरदार नारेबाजी के साथ,हाथ में लाल झंडा थामे प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया।वामदल के नेताओं सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को अविलंब बर्खास्त करने की मांग नेताओं ने किया, नेताओं ने कहा कि एस आई आर को रोकने,गलत तरीके से काटे गए लोगों को वोटिंग अधिकार वहाल करने, भारतीय चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पुरी तरह समाप्त हो गया है, चुनाव आयोग द्वारा डेटाबेस को केंद्रीयकरण करना यह लोकतंत्र को समाप्त करने की बड़ी साज़िश है, वक्ताओं ने कहा भारतीय चुनाव



आयोग की पारदर्शिता और जनतांत्रिक कामकाज और सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार के बुनियादी जनतांत्रिक सिद्धांत के सुरक्षा का सवाल है ,ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र में अपराध किया है और उनको तुरंत पद से हट जाना चाहिए, भारतीय चुनाव आयोग को स्वतंत्रता और जनतांत्रिक अधिकार के तहत काम करना चाहिए, जिनके इशारों पर इस तरह का काम किया है उनको भी देश के जनता माफ नहीं करेगा, वक्ताओं ने कहा बिहार, बंगाल का चुनाव दुबारा कराने की मांग किया , चुनाव आयोग सभी नियम कानून को दरकिनार कर मनमर्जी फैसला लेते रहे, जबकि सामुहिक एकरुपता फैसला से चुनाव आयोग को काम करना चाहिए,यह आर एस एस और भाजपा के इसारे पर लोकतंत्र का गला घोंटा गया है, जबकि दो चुनाव आयुक्त के 10 महिने में 14 बार आपत्ति अपने नोट बुक में दर्ज किया लेकिन मुख्य आयुक्त ने सभी बातों को दरकिनार कर फॉर्म 6 लाकर कानून स्वयं बना डाला जबकि 6 फॉर्म में बदलाव के लिए लोकसभा से कानून पारित करना होता है,उधर मोदी जी 23 में कानून इजात कर मुख्य चुनाव आयुक्त को गिरफ्तार करने पर रोक लगा दिया यह जनतंत्र के लिए घातक है,साथ ही कहा कि यह आंदोलन आज से शुरू हुआ और ज्ञानेश कुमार के बर्खास्तगी तक जारी रहेगा। वक्ताओं में मनोज मिश्र, लक्ष्मण चौधरी, माले के श्याम पंडित, विशंभर कामत, माकपा रामजी यादव, दिलीप झा, भाकपा मोती लाल, संतोष कुमार, माले के मंयक कुमार,पुरणेंदु कुमार, माकपा शशिभूषण प्रसाद, बाबूलाल महतो, भाकपा के सत्यनारायण राय,जुबैर अंसारी, गणेश झा,माले के अजित ठाकुर,मो ईमरान,शैनी शाह साफी साह नबीशी खातुन ,बेबी खातून, माकपा के बिन्दु यादव, अरुण यादव,उषा देवी कैलाश पासवान, रेखा देवी, मुन्नी खातून सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया जबकि अध्यक्षता वामदल के संयुक्त रुप से मिथिलेश कुमार झा, ध्रुव नारायण कर्ण, मनोज कुमार यादव ने किया।

## नेपाल के तराई क्षेत्र में अत्यधिक वर्षापात के मद्देनजर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर

**मधुबनी।** नेपाल के तराई क्षेत्र में अत्यधिक वषार्पात की संभावना एवं इसके फलस्वरूप कोशी नदी के जलस्तर में संभावित वृद्धि को देखते हुए जिला पदाधिकारी, मधुबनी श्री आनंद शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई।

बैठक मे जिलाधिकारी ने बाढ़ पूर्व तैयारियों एवं आपदा प्रबंधन की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारियों को पूर्णतः अलर्ट मोड में रहते हुए सभी आवश्यक तैयारी सुदृढ रखने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि कोशी नदी से प्रभावित होने वाले संभावित पंचायतों में प्रशासनिक एवं राहत व्यवस्था की पूरी तरह तैयार रखा जाए। वास्तविक बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर प्रभावित लोगों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने हेतु सामुदायिक रसोई केन्द्रों एवं बाढ़ राहत शिविरों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से पूर्ण रूप से तैयार रखने का निर्देश दिया गया। बाढ़ नियंत्रण एवं तटबंध सुरक्षा के संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को अपने सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंताओं के साथ क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहने तथा तटबंधों की सतत निगरानी एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, फ्हऊके संपर्क पथ के क्षतिग्रस्त/भंग होने की स्थिति में तत्काल मरम्मती कार्य प्रारंभ करने हेतु आवश्यक तैयारी रखने को कहा गया। विद्युत आपूर्ति से संबंधित किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु विद्युत विभाग को आवश्यक मानवबल एवं संसाधनों के साथ तत्पर रहने तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार हर घर नल का जल योजना के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या के त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभाग को पूरी तरह तैयार रहने को कहा गया।

## वीडियो में लड़की के साथ मार-पीट करते दिख रहे चारों अभियुक्तों की पहचान कर हो रही है कार्रवाई

**मधुबनी।** वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि सोशल मीडिया सेल, मधुबनी द्वारा मॉनिटरिंग के दौरान आज एक वीडियो प्राप्त हुआ है। जिसमे यह देखा गया है की एक लड़की के साथ कुछ व्यक्तियों द्वारा खेत में मार-पीट किया जा रहा है।

वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी द्वारा उक्त वीडियो को गंभीरता से लेते हुए लड़की के परिजन से मिलकर सभी जानकारी प्राप्त की गई है तथा पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), मधुबनी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जयनगर को विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जयनगर द्वारा उक्त वीडियो के सत्यापन के क्रम में पीड़िता के घर जा कर जांच किया गया तो पीड़िता के परिजन एवं आस-पास के लोगों द्वारा बताया गया की वीडियो में दिख रही पीड़िता का यह विडियो एक माह पूर्व का ही है। यह लड़की अपने ही एक पड़ोसी से प्रेम प्रसंग करते हुए संदिग्ध स्थिति में खेत में पाई गई। जिससे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उस लड़की को पकड़कर उसके परिजन के समक्ष हीं मार-पीट किया जा रहा है। परिजन द्वारा यह भी बताया गया की उसी दिन उसी लड़का से जिसके साथ इस लड़की का प्रेम प्रसंग था स्थानीय लोगों द्वारा उन दोनों की शादी उनकी राजी-खुशी से करा दी गई। अब वह लड़की अपनी ससूराल नेपाल में रह रही है। वीडियो में लड़की के साथ मार-पीट करते दिख रहे चारों अभियुक्तों की पहचान कर ली गई है।

# दरभंगा स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन की तैयारी को लेकर डीईओ ने की बैठक

■ 23 अक्टूबर को मतदान व 27 अक्टूबर को होगी मतगणना

**मधुबनी।** बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन की तैयारियों को लेकर जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी, मधुबनी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तर पर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक समाहरणालय मे की गई। बैठक में स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने के उद्देश्य से अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में अवगत कराया गया कि बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन के लिए 23 अक्टूबर को मतदान तथा 27 अक्टूबर को मतगणना निर्धारित है। निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला स्तर पर कुल 12 कोषांगों का गठन किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों को




निर्वाचन विभाग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मानकों के अनुरूप अपने-अपने दायित्वों का ससमय एवं पूरी तत्परता के साथ निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में निर्वाचन क्षेत्रवार मतदान केंद्र एवं मतदाताओं की संख्या की भी जानकारी दी गई। दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए जिले में कुल 32 मतदान केंद्र निर्धारित हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में कुल 29,093 मतदाता हैं, जिनमें 21,523 पुरुष तथा 7,570 महिला मतदाता शामिल हैं। वहीं, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 23 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1,707 मतदाता हैं, जिनमें 1,463 पुरुष एवं 244 महिला मतदाता शामिल हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्मिक प्रबंधन कोषांग की समीक्षा करते हुए निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त किए जाने वाले कार्मिकों का अद्यतन एवं त्रुटिरहित डाटाबेस तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान दलों के लिए ढ-1, ढ-2 एवं ढ-3 कार्मिकों का डाटा तैयार करने, प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए आवश्यक कार्मिकों की संख्या का आकलन करने तथा सुरक्षित कार्मिकों का भी पर्याप्त डाटा तैयार करने को कहा। साथ ही, माइक्रो ऑब्जर्वर के लिए भी आवश्यक डाटाबेस तैयार करने का निर्देश दिया गया, ताकि निर्वाचन कार्य के दौरान कार्मिकों की प्रतिनियुक्ति में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। प्रशिक्षण प्रबंधन कोषांग को प्रशिक्षण से संबंधित विस्तृत कैलेंडर तैयार करने तथा मतदान कर्मियों के प्रथम एवं द्वितीय प्रशिक्षण के लिए तिथियां निर्धारित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने मास्टर ट्रेनरों को चिह्नित कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने, प्रशिक्षण स्थल का चयन कर उसे अधिग्रहित करने तथा प्रशिक्षण के लिए आवश्यक सामग्री की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने प्रशिक्षण को व्यावहारिक एवं निर्वाचन विभाग के निर्धारित मानकों के अनुरूप आयोजित करने पर विशेष जोर दिया। सामग्री प्रबंधन कोषांग की समीक्षा के दौरान मतदान से संबंधित सभी आवश्यक सामग्रियों की सूची तैयार करने, उपलब्ध सामग्रियों का आकलन करने तथा आवश्यकता के अनुरूप समय रहते अधियाचना करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त होने वाली किसी भी सामग्री की कमी के कारण अंतिम समय में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अन्य कोषांगों के कार्यों की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन कार्य में सभी कोषांगों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को नियमित रूप से तैयारियों की समीक्षा करने तथा किसी भी प्रकार की कठिनाई अथवा समस्या की स्थिति में तत्काल वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने कहा कि दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्वाचन विभाग द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए पूरी जिम्मेदारी एवं समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

## बीएसएपी के एडीजी नैय्यर हसनैन खान पहुंचे मुजफ्फरपुर, पुलिस के आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश

# तस्करी–माफियागिरी पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति सख्ती से रहेगी लागू : नैयर हसनैन

**मुजफ्फरपुर/कांटी(एनएसबी)।** बिहार पुलिस के बीएसएपी एडीजी व जिले के नोडल प्रभारी नैय्यर हसनैन खान शुक्रवार को दिनभर मुजफ्फरपुर में रहते हुए एसएसपी कार्यालय में प्रभारी डीआईजी, एसएसपी और जिले के तमाम वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ घंटों लंबी समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद देर शाम उन्होंने एसडीपीओ पश्चिमी वन तथा सरैया एसडीपीओ ऑफिस का औचक निरीक्षण भी किया एवं कई आवश्यक निर्देश दिए।

देर शाम प्रेस मीडिया के प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने कहा कि बैठक में अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, अनुसंधान और सक्रिय अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान

**एसडीपीओ पश्चिम वन एवं सरैया एसडीपीओ ऑफिस का भी किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश**

की समीक्षा की गई है। साथ ही आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस को अभी से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि विधि-व्यवस्था बनी रहे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी पर्व संपन्न हों। एडीजी ने महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए मुजफ्फरपुर पुलिस को तत्काल कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थानों और भीड़भाड़ वाले संवेदनशील इलाकों (हॉटस्पॉट) को



अपने कार्यालय मे एडीजी नैयर का स्वागत करती एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी।

चिह्नित किया जाए। इन क्षेत्रों में विजिबल (दृश्य) और इनविजिबल (समान्य वेशभूषा में) दोनों तरह की पुलिसिंग तैनात की जाए। गश्ती और चेकिंग के



जिलास्तरीय शीर्ष पुलिस अधिकारियो के साथ हुई बैठक और दिए गए निर्देश के संबंध में जानकारी देते एडीजी नैयर हसनैन खान।

लिए सर्विलांस व आधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हो। रात, सुबह और दोपहर के समय प्रभावी पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए तथा जिले की सीमाओं और प्रवेश मार्गों पर कड़ी नाकाबंदी रहे। राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति लागू रहेगी। भूमाफिया, संगठित अपराध में शामिल तत्वों और उन्हें संरक्षण देने वाले सफेदपोशों को बेनकाब कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा साइबर धोखाधड़ी, अफवाह फैलाने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पुलिसिंग के स्तर को बेहतर बनाने के लिए थाना, अनुमंडल और जिला स्तर पर लंबित मामले के निष्पादन और ट्रायल का टारगेट फिक्स किया जाएगा। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में सुधार हुआ है, लेकिन जहां शिथिलता पाई जाएगी, वहां ढीले-ढाले अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने एसएसपी को निर्देश दिए कि पुलिस की छवि जनता के बीच बेदाग होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ शिकायत मिलने पर जांच होगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अच्छा काम करने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा, जबकि अनुशासनहीनता और गलत आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर प्रभारी डीआईजी, मुजफ्फरपुर एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा, सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी, ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर, एसडीओपी पश्चिमी वन सुचित्रा कुमारी, सरैया एसडीपीओ अभिजीत कौर समेत कई अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### शराबबंदी वाले प्रदेश के एक गांव की झोपड़ी से 9 लाख की शराब जब्त

#### छिपाकर रखी थी 89 कार्टन बिदेशी शराब की बड़ी खेप

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान गायघाट थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक झोपड़ी से करीब 9 लाख रुपये मूल्य की 89 कार्टन विदेशी शराब बरामद कर जब्त की है। हालांकि छापेमारी के दौरान किसी तस्कर की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पुलिस अब बरामद शराब



झोपडी में मिली नौ लाख की शराब।

के आधार पर तस्करों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार गायघाट थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के गयासुद्दीनपुर में एक झोपड़ी के भीतर विदेशी शराब की बड़ी खेप छिपाकर रखी गई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने वरीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी और पुलिस टीम के साथ बताए गए स्थान पर छापेमारी की। पुलिस के पहुंचते ही इलाके में हलचल मच गई। तलाशी के दौरान झोपड़ी से 89 कार्टून विदेशी शराब बरामद हुई। हालांकि देर रात हुई कार्रवाई के दौरान झोपड़ी में कोई तस्कर मौजूद नहीं मिला। पुलिस के मुताबिक, कार्रवाई की भनक लगने या मौके पर पहले से मौजूद नहीं होने के कारण आरोपी फरार होने में सफल रहे। अब पुलिस शराब की खेप किसने मंगाई और इसे कहां सप्लाई किया जाना था, इसकी पड़ताल में जुटी है। डीएसपी ईस्ट वन अलय वत्स ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गायघाट थाना पुलिस ने गयासुद्दीनपुर स्थित झोपड़ी में छापेमारी कर 89 कार्टून विदेशी शराब बरामद की है। मौके से किसी तस्कर की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### जयंती पर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को कांग्रेस कार्यकताओं ने दी श्रद्धांजलि

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह एक जाने-माने अर्थशास्त्री और राजनेता के रूप में अपनी विनम्रता, ईमानदारी और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। उक्त बातें कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्रिपाठी ने डॉ. मनमोहन सिंह की 94वीं जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय तिलक मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व डॉ. मनमोहन सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही, जिले के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं मुजफ्फरपुर नगर के सभापति रहे डॉ. मगफूर अहमद एजाजी की पुण्यतिथि पर उन्हें भी श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर वक्ताओ ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने अपनी विनम्रता, ईमानदारी और दूरदर्शिता से देश की अर्थव्यवस्था तथा सामाजिक न्याय को नई दिशा दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक विजेंद्र चौधरी, महिला जिलाध्यक्ष जुही प्रितम, मोजक्कीर रहमान, प्रभात चन्द्र, डॉ. रिजवान अहमद एजाजी, केदार सिंह पटेल, विकास कुमार टुल्लु, मो आमिर, रामप्रवेश पाल, रितेश कुमार सिन्हा, सबिहुल हसन लालबाबू, सीमा सरोज, रौशन तारा, रामश्रय राय, खुर्शीद आलम, डॉ एम राजू नैयर, शिवाजी पासवान, डॉलर प्लाजा, मुस्तफा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस के लोग।

### मुजफ्फरपुर सिविल कोर्ट में जिम और स्पोर्ट्स रूम का उद्घाटन, कानूनी सेवाओं के प्रचार के लिए मिला नया वाहन, ग्रामीण क्षेत्रों में चलेगा जागरूकता अभियान

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से व्यवहार न्यायालय परिसर में कई नई सुविधाओं की शुरूआत की गई है। इसी कड़ी में शनिवार को न्यायिक अधिकारियों के स्वास्थ्य और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए परिसर में जिम और स्पोर्ट्स रूम का उद्घाटन जिला जज श्वेता कुमारी सिंह द्वारा किया गया। इसके साथ ही सेक्स ट्रैफिकिंग जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दे को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के माध्यम से इससे जुड़े कानूनी और सामाजिक पहलुओं पर जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार को कानूनी सेवाओं के प्रचार-प्रसार के लिए एक नया जागरूकता वाहन भी उपलब्ध कराया गया है। इस वाहन का उपयोग विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों तक विधिक सेवाओं और उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी पहुंचाने के लिए किया जाएगा।




जिम एवं स्पोर्ट्स रूम का उद्घाटन करती जिला जज श्वेता कुमारी सिंह।

### पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी को विभाग ने किया निलंबित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** आय के ज्ञात एवं वैध स्त्रोतों से अधिक परिसंपत्तियां अर्जित करने के मामले में बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड पटना के उप निदेशक व पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध आर्थिक अपराध थाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज है। शिक्षा विभाग के निदेशक प्रशासन विजय कुमार पांडेय ने निलंबन आदेश जारी किया है। बताया गया है कि पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार सिंह के विरुद्ध आर्थिक अपराध थाना में पिछले महीने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## नेपाल की बारिश और बंगाल की समुद्री तूफान के असर से बागमती उफान पर, जलस्तर खतरे के पार

# कटरा पीपा पुल फिर बंद, लोगों में दहशत

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बंगाल की खाड़ी मे आए समुद्री तूफान और नेपाल के क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश का असर अब बागमती नदी के जलस्तर पर साफ दिखाई देने लगा है। बंगाल के तूफान और नेपाल में जारी मूसलाधार बारिश के बाद बागमती नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर में खतरे के निशान को पार कर लिया है। जलस्तर में बृद्धि के साथ ही पानी तेजी से निचले इलाकों में फैलने लगा है। इससे नदी किनारे बसे लोगों में संभावित बाढ़ को लेकर बेचैनी और दहशत का माहौल है। बागमती के जलस्तर में हुई बृद्धि के कारण कटरा और बकुची को जोड़ने वाले पीपा पुल पर आवाजाही बंद कर दी गई है पानी के बढ़ते दबाव और संभावित खतरे को देखते हुए पुल को बंद करने का फैसला लिया गया है। पीपा पुल बंद होने से आसपास के चौदह पंचायतों के लोगों की मुश्किलें अचानक बढ़ गई हैं। इस बार तीसरी बार कटरा पीपा पुल पर पानी चढ़ जाने के कारण क्षेत्र के लाखो लोगों को

कटरा प्रखंड मुख्यालय तक जाने के लिए फिर 50 किलोमीटर की दुरी तय करनी पड़ रही है। नौकरी, कारोबार, शिक्षा, इलाज और जरूरी सरकारी कार्य के लिए गांव से निकलना बाहर आने-जाने वाले लोगों के लिए दुरूह कार्य साबित हो रहा है। बागमती के जलस्तर में जारी बृद्धि के साथ हीं नदी का पानी अब आसपास के निचले इलाके में फैलने लगा है। स्थिति को देखते हुए नदी के किनारे बसे गांवों के लोग दहशत में है



औराई और कटरा में उफान पर बागमती।

तथा जान माल सहित अन्य आवश्य सामान और जरूरी संसाधनों को सुरक्षित करने में जुटे हैं। ग्रामीणों की निगाहें लगातार नदी के जलस्तर पर टिकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पानी अगर इसी तरह बढ़ता रहा तो कई और इलाकों में बाढ़ का संकट गहरा सकता है। उधर, नेपाल में जारी और बिहार मे रुक रुक कर हो रही तूफानी वर्षा तथा बागमती के जलस्तर में हो रही बृद्धि जारी रहने कि स्थिति के मद्देनजर मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन भी सतर्क है। नदी के बढ़ते पानी ने संभावित बाढ़ की आशंका को बढ़ा दिया है। वही निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के बीच भय का माहौल बनने लगा है। लोगों को आशंका है कि जलस्तर में और वृद्धि हुई तो खेतों के साथ-साथ आबादी वाले इलाकों में भी पानी प्रवेश कर सकता है।

प्रशासन की ओर से स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। नेपाल में बारिश और बागमती नदी के जलस्तर में होने वाले बदलाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने अलर्ट मोड में निगरानी बढ़ा दी है। नदी के जलस्तर, निचले इलाकों की स्थिति और आवागमन पर पड़ रहे असर की जानकारी जुटाई जा रही है।

बागमती के जलस्तर मे लगातार हो रही बृद्धि अब सिर्फ नदी किनारे बसे इलाकों की चिंता नहीं, बल्कि मुजफ्फरपुर के बड़े भू-भाग के लिए संभावित बाढ़ की चेतावनी बनता दिख रहा है। वही स्थिति कि नजाकत को भाँपते हुए जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड़ मे आने लगी है।

# चर्चित गोविंद शर्मा हत्याकांड में जांच तेज 3 लोगों को भेजा गया पुलिस का नोटिस

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** शहर के चर्चित गोविंद शर्मा हत्याकांड की जांच में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने तीन लोगों को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा के अनुसार, बड़े अधिकारियों और विशेष टीम की मौजूदगी में पूछताछ होगी। पूरी प्रक्रिया की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई जाएगी।

विशेष टीम ने पूछताछ के लिए लगभग सौ सवालों की सूची तैयार की है। पहले तीनों से अलग-अलग पूछताछ की जाएगी। वहीं बयानों में विरोधाभास मिलने पर उन्हें आमने-सामने बैठाकर भी पूछताछ की जाएगी। जांच के दौरान नए नाम सामने आने पर संबंधित लोगों को भी नोटिस भेजा जाएगा। पुलिस के नोटिस पर प्रदुमन कुमार उर्फ मंटू शर्मा ने पेश होने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। वहीं शक्ति स्वरूप शर्मा उर्फ उद्धव ने पुलिस के सामने पेश होने की बात कही है। कलमबाग चौक निवासी रेलवे कर्मी आशुतोष कुमार उर्फ फुद्दु को दूसरी बार पूछताछ के लिए बुलाया गया

**विशेष टीम करेगी पूछताछ, 100 सवालों की सूची तैयार; मामले में नए नाम जुड़े तो उन्हें भी जाएगी नोटिस**



मृतक शूटर गोविंद शर्मा की फाइल फोटो।

है। पुलिस के अनुसार, 31 मई की रात हत्या से ठीक पहले आशुतोष गोविंद के साथ था। लीची बंटवारे से जुड़ी बात सामने आने के बाद उसकी भूमिका की भी जांच की जा रही है। ज्ञात हो कि 31 मई की देर रात कल्याणी (अमर सिनेमा रोड) स्थित आइकॉन टावर में कुख्यात शूटर गोविंद शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना में गोविंद को 8 गोलियां लगी थीं। हत्या के बाद मौके पर सीढ़ियों पर खून के निशान मिले थे। गोविंद शर्मा के खिलाफ हत्या और रंगदारी समेत करीब 10 गंभीर मामले दर्ज होने की बात सामने आई थी। वह पूर्व मेयर समीर कुमार और उनके ड्राइवर रोहित की हत्या तथा प्रॉपर्टी डीलर आशुतोष शाही और उनके गार्डों की हत्या के मामले में भी नामजद आरोपी बनाया गया था। घटना के बाद गोविंद की पत्नी रीना उर्फ अंजली के बयान पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में पूरक बयान के आधार पर मामले में कई अन्य लोगों के नाम सामने आए थे। पुलिस के अनुसार, मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इनमें गोविंद का प्रॉपर्टी पार्टनर और बेगूसराय का रंजय ओंकार, कुढ़नी का बाबुल चौधरी और पारू इलाके का शूटर सौरभ उपाध्याय शामिल हैं। पुलिस अब नोटिस पाने वाले तीनों लोगों से पूछताछ के जरिए हत्या की साजिश, इसमें शामिल अन्य लोगों और हत्या के पीछे के कारणों की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

## छात्राओं से अभद्र व्यवहार के मामले में प्रधानाध्यापिका एवं शिक्षक निलंबित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** पारू प्रखंड स्थित लालू छपरा मध्य विद्यालय में छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार और गलत तरीके से स्पर्श करने के मामले में शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है।

स्कूल के विशिष्ट शिक्षक रतन लाल सहनी और प्रभारी प्रधानाध्यापिका कलावती कुमारी को विभाग ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शिक्षक रतन लाल सहनी पर छात्राओं को मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने और विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को दूषित करने का आरोप है। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापिका पर आरोप है कि शिक्षक द्वारा अभद्र व्यवहार की शिकायत के बाद भी उन्होंने समय पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की।

इसे उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही माना गया है। दोनों के विरुद्ध आरोप पत्र अलग से जारी किया जाएगा। विभागीय कार्यवाही के दौरान मामले से जुड़े तथ्यों की जांच की जाएगी।

# गरीबों के हक का एक दाना भी कम मिला तो होगी कार्रवाई : अजीत कुमार

**काँटी (एनएसबी)।** मड़वन प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ बैठक कर राशन वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में लाभुकों को समय पर खाद्यान्न

**मड़वन में पीडीएस दुकानदारों के साथ बैठक में राशन वितरण में पारदर्शिता पर जोर, 3200 आवेदनों में 1500 का केवाईसी पूरा**



पीडीएस दुकानदारों एवं विभागीय पदाधिकारी के साथ बैठक करते विधायक अजीत कुमार।

उपलब्ध कराने, ई-पॉश मशीन की समस्या, केवाईसी तथा दुकानदारों के कमीशन समेत कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

प्रखंड के एमओ विवेक कुमार ने बैठक में बताया कि नए राशन कार्ड के लिए कुल 3200 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें करीब 1500 लाभुकों का केवाईसी पूरा हो चुका है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिन लाभुकों का केवाईसी अब तक नहीं हुआ है, वे अपने-अपने पीडीएस दुकानदार के पास जाकर केवाईसी पूरा करा लें, ताकि राशन मिलने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। विधायक ई अजीत कुमार ने कहा कि किसी भी उपभोक्ता को निर्धारित मात्रा से कम अनाज नहीं मिलना चाहिए। गरीबों के हक के राशन में कटौती या किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों को नियमित जांच करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने डीलरों से भी सरकार के नियमों के अनुसार पारदर्शिता के साथ राशन वितरण करने और लाभुकों के साथ उचित व्यवहार करने को कहा। बैठक में पीडीएस दुकानदारों ने समय पर कमीशन नहीं मिलने की समस्या उठाते हुए कहा कि इससे उनके सामने आर्थिक संकट और भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस पर विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम से मिलकर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। दुकानदारों ने वर्षों से खराब ई-पॉश मशीनों को दुरुस्त कराने तथा समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने की मांग भी रखी। मौके पर बीडीओ किशन चंद्रयान, एमओ विवेक कुमार, सहायक गोदाम प्रबंधक संजीव कुमार, गणेश प्र सिंह, अजय ठाकुर, रंजीत सिंह, पप्पू गुप्ता, अरुण सिंह, सुबोध पांडेय, सतेंद्र कुमार सहित विभिन्न पंचायतों के सभी पीडीएस दुकानदार मौजूद थे।

# पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए विश्वविद्यालय स्तरीय चयन शिविर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर-2026 जो दिनांक 21 अक्टूबर 2026 से 30 अक्टूबर 2026 तक भीमराव अम्बेडकर विवि आगरा, उत्तर प्रदेश में होगा, उसके लिए विश्वविद्यालय स्तरीय चयन शिविर का आयोजन तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, झपहां में किया गया। चयन शिविर में विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न महाविद्यालयों से लगभग 80 राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अनुराधा पाठक, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय उपस्थित रहीं। उन्होंने




शिविर में चयनित हुए एनएसएस के कैडेट्स गण।

स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए अनुशासन, शारीरिक दक्षता, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रसेवा की भावना को एनएसएस की महत्वपूर्ण विशेषता बताया। चयन प्रक्रिया के लिए विवि की पांच सदस्यीय चयन समिति द्वारा प्रतिभागियों की शारीरिक दक्षता, परेड कौशल, सांस्कृतिक प्रस्तुति, अनुशासन, व्यक्तित्व एवं अन्य निर्धारित मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया। चयनित स्वयंसेवक आगामी पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर-2026 में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इससे पूर्व विश्वविद्यालय स्तरीय चयन प्रक्रिया में चयनित स्वयंसेवक दिनांक 29 सितंबर 26 को राज्य स्तरीय चयन के लिए ए.एन. कॉलेज ,पटना जायेंगे। आयोजन की मेजबानी तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन द्वारा की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शक्तिवान सिंह ने अतिथियों, चयन समिति के सदस्यों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी एवं जिला नोडल पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर, प्रो रंजन कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने चयन प्रक्रिया के दौरान व्यवस्थाओं का समन्वय करते हुए प्रतिभागी स्वयंसेवकों एवं चयन समिति के बीच समन्वय स्थापित किया। विवि स्तरीय चयन प्रक्रिया में विभिन्न महाविद्यालयों के कार्यक्रम पदाधिकारी एल.एन.डी. कॉलेज के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रविरंजन सिंह,आर एस एस महिला कॉलेज की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ आरती पाण्डेय, एल एन टी कॉलेज से डॉ. संतोष कुमार, एस एन एस कॉलेज के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अमित कुमार के साथ ही बी आर ए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की सांस्कृतिक ईकाई के अध्यक्ष प्रोफेसर इन्दुधर झा के साथ राजकीय डिग्री कॉलेज, औराई के प्राचार्य सह एनसीसी ऑफिसर डॉ रमेश विश्वकर्मा भी उपस्थित रहें। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर के कुलपति ने अपने संदेश में सभी स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए कहा। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई को किसी भी शिक्षण संस्थान की अनिवार्य ईकाई बताते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, अतः एनएसएस स्वयंसेवकों का समर्पण समाज के लिए एक प्रेरणा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की निस्वार्थ सेवा से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा।

# 141 एएसआई बने दारोगा, कंधों पर सजे स्टार

**पिपिंग समारोह**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस केंद्र स्थित आनंद भवन में शनिवार को आयोजित पिपिंग समारोह में सीतामढ़ी जिला पुलिस के 141 सहायक पुलिस अवर निरीक्षकों (एएसआई) को पुलिस अवर निरीक्षक (एसआई) के पद पर प्रोन्नति मिलने के बाद उनके कंधों पर स्टार लगाकर अलंकृत किया गया। समारोह में प्रोन्नत पुलिस पदाधिकारियों के चेहरे पर उत्साह और नई जिम्मेदारी का भाव स्पष्ट दिखाई दिया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने सभी प्रोन्नत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पदोन्नति के साथ उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ी हैं। उन्होंने सभी को पूर्ण निष्ठा, अनुशासन एवं कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। एसपी ने आमजन के प्रति संवेदनशील एवं शालीन व्यवहार बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए पुलिसिंग में जनविश्वास को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विधि-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने तथा गुणवत्तापूर्ण एवं वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने अपेक्षा जताई कि प्रोन्नत पदाधिकारी अपने अनुभव और कार्यकुशलता का उपयोग करते हुए पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाएंगे। समारोह में पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), परिचारी प्रवर सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।



पिपिंग समारोह में पुलिस अधीक्षक के साथ ग्रुप फोटो में पुलिस उपाधीक्षक, प्रोन्नत पुलिस पदाधिकारी व अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मी।

# वैद्यनाथ महतो हत्याकांड में तीन और गिरफ्तार

## अब तक छह आरोपित गिरफ्तार, एक ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** डुमरा थाना क्षेत्र में वैद्यनाथ महतो हत्याकांड के उद्भेदन एवं कांड में शामिल आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए गठित विशेष टीम को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए कांड के मुख्य नामजद आरोपित त्रिभुवन कुमार को 23 सितंबर को गिरफ्तार किया था। पूछताछ एवं अनुसंधान के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने तीन अन्य आरोपितों को भी गिरफ्तार किया है।

**देसी पिस्टल व पांच कारतूस बरामद**

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में डुमरा थाना क्षेत्र के केथरिया निवासी लालजी (27), विकास कुमार उर्फ विक्की (20) तथा सौरभ कुमार उर्फ मिठू (20) शामिल हैं। इससे पूर्व गिरफ्तार मुख्य नामजद आरोपित त्रिभुवन कुमार (21) की निशानदेही पर केथरिया चौर स्थित बताए गए स्थान से एक देसी पिस्टल और पांच कारतूस बरामद किए गए।

जांच में सामने आया कि लालजी, विकास उर्फ विक्की एवं सौरभ उर्फ मिठू ने मृतक वैद्यनाथ महतो की गतिविधियों, लोकेशन की जानकारी एवं अन्य सहयोग उपलब्ध कराया था। पुलिस घटना की पूर्व योजना, आरोपितों के आपसी संपर्क तथा घटना में प्रयुक्त साधनों के संबंध में विस्तृत अनुसंधान कर रही है। पुलिस के मुताबिक कांड में अब तक कुल छह आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि एक अन्य आरोपित ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। शेष संदिग्धों की भूमिका की जांच करते हुए उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।



डुमरा थाना भवन में गिरफ्तार आरोपित व मौजूद पुलिस कर्मी।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकारी भवन में पान-गुटखा खाकर थूकने पर कर्मी के वेतन से 2000 की कटौती का आदेश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने सरकारी भवन में पान/गुटखा खाकर थूकने और निर्धारित कार्यालयी परिधान में कार्यालय नहीं आने के मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रखंड साधन सेवी (एमडीएम) मनोज कुमार, प्रखंड-परसौनी से स्पष्टीकरण मांगा है। डीईओ कार्यालय से 24 सितंबर 2026 को जारी पत्र के अनुसार, उसी दिन दोपहर करीब 12:04 बजे शिक्षा भवन की दूसरी मंजिल के सामने स्थित खिड़की के पास पान/गुटखा आदि खाकर थूका गया पाया गया। पत्र में कहा गया है कि इस संबंध में पूर्व में भी कार्यालय ज्ञापांक 237, दिनांक 18 जनवरी 2026 के माध्यम से चेतावनी दी जा चुकी है तथा दीवार पर सूचना भी प्रकाशित की गई थी कि ऐसा करते पकड़े जाने पर 2000 का जुमार्ना एवं अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। डीईओ ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि संबंधित कर्मी द्वारा सरकारी संपत्ति को गंदा/क्षति पहुंचाना तथा आदेश की अवहेलना करना गंभीर मामला है। साथ ही, निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा जींस पैंट पहनकर कार्यालय में उपस्थित रहने का भी उल्लेख किया गया है, जबकि कार्यालय में औपचारिक परिधान में उपस्थित होने से संबंधित आदेश पूर्व में जारी किया जा चुका है। डीईओ ने संबंधित कर्मी को निर्देश दिया है कि पत्र प्राप्ति के साथ ही उक्त बिंदुओं पर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।

### भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के तहत एमआरडी बालिका उच्च विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के तहत महंत रघुनाथ दास बालिका उच्च विद्यालय सीतामढ़ी में छात्राओं के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री चुनचुन सिंह ने भाग लेकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक भाषण, मैथिली गीत, और चित्र बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों को देखकर उपस्थित लोगों ने उनकी सराहना की। इस अवसर पर श्री सिंह ने छात्राओं से देश के प्रधानमंत्री के संबंध में सवाल किया, जिसका उन्होंने एक स्वर में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों में देश और समाज के प्रति जागरूकता देखकर काफी प्रसन्नता हुई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच पुरस्कार वितरित किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक रानी कुमारी, अभिलाषा कुमारी, रश्मि रेखा, श्याम कुमार, अंशु कुमारी, सुधा चक्रवर्ती, कमरू आलम एवं अन्य शिक्षक मौजूद रहे।



कार्यक्रम में शामिल भाजपा नेता, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक व छात्रायें।

### आचार्य सुदर्शन विद्यापीठ केंद्र पर गरीब बच्चों के बीच निःशुल्क किताब, पेंसिल एवं स्लेट का वितरण

**मेजरगंज/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** हमें भी पढ़ाओ निःशुल्क शिक्षा प्रसार योजना के तहत आचार्य सुदर्शन विद्यापीठ केंद्र पर गरीब बच्चों के बीच निःशुल्क किताब, पेंसिल एवं स्लेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज ने कहा कि गरीब बच्चे भी हमारे ही समाज का हिस्सा हैं। उन्हें शिक्षा की पूरी सुविधा उपलब्ध कराना समाज की जिम्मेदारी है। शिक्षा के समान अवसर से ही समतामूलक समाज की स्थापना संभव है। आचार्य श्री ने कहा कि उन्होंने संकल्प लिया है कि गरीब बस्तियों में ह्यहमें भी पढ़ाओह्ण निःशुल्क विद्यालय की अधिक से अधिक शाखाएं खोली जाएंगी। पिछले 25 वर्षों से वे सैकड़ों शिक्षकों के साथ मिलकर गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के अभियान में जुटे हैं। इसी क्रम में विद्यापीठ केंद्र पर बच्चों के बीच अध्ययन सामग्री का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से वंचित बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना केवल किसी एक संस्था का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के लोगों से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की, ताकि आर्थिक अभाव किसी बच्चे की शिक्षा के रास्ते में बाधा न बने और प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा का प्रकाश पहुंच सके।



आचार्य सुदर्शन जी महाराज एवं स्लेट एवं शैक्षणिक सामग्री के साथ बच्चे।

### माता वैष्णो देवी मंदिर में खिचड़ी भोग वितरण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर, सीतामढ़ी धाम में शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत दोपहर 12 बजे माता श्री की विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के सदस्यों एवं मां भक्तों ने जनकल्याण की कामना के साथ माता श्री से प्रार्थना की। इसके बाद माता श्री को खिचड़ी भोग अर्पित किया गया, जिसे करीब 400 जरूरतमंदों के बीच वितरित किया गया। माता श्री की प्रेरणा से जरूरतमंदों की सेवा वरिष्ठ भाजपा नेता रामाशंकर प्रसाद एवं उनके सुपुत्र, बिहार प्रदेश भाजपा सदस्य तथा शंकर डेयरी एवं शंकर जेम्स एंड ज्वेलरी, चंद्रशेखर टावर लेन, सोनापट्टी, सीतामढ़ी के प्रोपराइटर विशाल कुमार द्वारा की गई। सेवा कार्य में प्रसिद्ध समाजसेवी रोहित कुमार की भी सक्रिय भागीदारी रही। मंदिर सेवा मंडल के सदस्यों ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा मानवता की सच्ची सेवा है और इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

## 'अटल वयो अभ्युदय योजना' के अंतर्गत जिले के बुनियाद केंद्रों पर जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम

# बुजुर्गों को उपहार देकर किया गया सम्मानित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के निर्देश के आलोक में 'अटल वयो अभ्युदय योजना' के अंतर्गत जिले के विभिन्न बुनियाद केंद्रों पर वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सशक्तीकरण एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बुनियाद केंद्र, डुमरा, सीतामढ़ी में आयोजित कार्यक्रम में सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, सीतामढ़ी, सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सीतामढ़ी एवं जिला प्रबंधक, बुनियाद केंद्र, सीतामढ़ी सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान 57 वरिष्ठ नागरिक लाभार्थियों को अटल वयो अभ्युदय योजना के उद्देश्यों, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, स्वास्थ्य, आश्रय, भोजन, सामाजिक सुरक्षा तथा उपलब्ध कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों को उपहार प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

इसी प्रकार दिनांक 26.09.2026 को बुनियाद केंद्र, पुपरी एवं बुनियाद केंद्र, बेलसंड में भी जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोनों केंद्रों पर उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को अटल वयो अभ्युदय योजना के प्रावधानों एवं सरकार द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा प्रत्येक केंद्र पर लाभार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।




बुनियाद केंद्र, पुपरी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

कार्यक्रम के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को गरिमापूर्ण एवं सम्मानजनक जीवन प्रदान करने, उनके स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने तथा समाज में उनके प्रति सम्मान एवं संवेदनशीलता की भावना को और मजबूत करने का संदेश दिया गया।

जिला प्रशासन, सीतामढ़ी एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं सशक्तीकरण के लिए संचालित योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाने हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

# योजना निर्माण कार्यशाला में शिक्षक डॉ सतीश कुमार साथी ने किया विभिन्न सत्रों का संयोजन एवं संचालन

**पटना/मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, एससीईआरटी एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय योजना निर्माण कार्यशाला में उत्क्रमित मध्य विद्यालय शेखोपुर ढढ़िया भगवानपुर के शिक्षक डॉ सतीश कुमार साथी में वैशाली जिले से चयनित होकर शैक्षणिक सत्र 2026-27 में अनुमोदित इक्विटी संभाग से संबंधित कार्यक्रम, गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए योजना तैयार करने में अपना सहयोग दे रहे हैं।

पटना के मौर्या होटल में आयोजित इस तीन दिवसीय योजना निर्माण कार्यशाला में विभिन्न जिलों के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, इक्विटी संभाग प्रभारी एवं राज्यभर से चयनित 18 शिक्षकों को शामिल किया गया है। इक्विटी संभाग प्रभारी के रूप में वैशाली से सरिता कुमारी शामिल है। कार्यशाला में पांच विषयों पर योजना निर्माण किया जा रहा है वो विषय है किशोरावस्था कार्यक्रम स्कूली छात्राओं के लिए, कैरियर गाइडेंस, फाइनेंशियल और डिजिटल लिटरेसी, सेल्फ एस्टीम एंड बॉडी कॉन्फिडेंस और जागरूकता कार्यक्रम। राज्य स्तरीय इस कार्यशाला में शिक्षक डॉ सतीश कुमार साथी द्वारा योजना निर्माण कार्य के साथ विभिन्न सत्रों का संयोजन एवं संचालन भी किया गया। जिसके लिए यूनिसेफ के राज्य सलाहकार मुजतबा हुसैन ने सम्मानित किया।



शिक्षक डॉ सतीश कुमार साथी को सम्मानित करते यूनिसेफ के राज्य सलाहकार मुजतबा हुसैन।

# मदरसा डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन की बैठक में संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान पर चर्चा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मदरसा डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (एमडीओ) के मेहसौल स्थित कार्यालय में शनिवार को प्रदेश प्रवक्ता मो. मनाजेरुल इस्लाम की अध्यक्षता में संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे संगठन के जिम्मेदार सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान संगठन को मजबूत और प्रभावी बनाने के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में आगामी 8 अक्टूबर 2026 को किसान कॉलेज, बरियारपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के दौरान जिला कमेटी के विस्तार को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही संगठन से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान चलाने पर भी सहमति बनाने को लेकर चर्चा हुई। प्रदेश प्रवक्ता मो. मनाजेरुल इस्लाम ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी प्रखंडों में सक्रिय सदस्यों की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने सदस्यों से आपसी समन्वय के साथ संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक के अंत में संगठन के आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने तथा सदस्यता अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए सभी सदस्यों से सक्रिय सहयोग की अपील की गई। बैठक में संगठन के सचिव मो. अजमल, मो. अरमान अली, उपाध्यक्ष मौलाना जाहिद हुसैन, मौलाना जियाउर्रहमान कासमी, मो. मुख्तार अंसारी, शाहिद अशरफ, मो. जलालुद्दीन कुरैशी उर्फ नेहाल, मो. इश्तियाक, मो. फखरूल हसन, मौलाना वसी अहमद,मो. आमिर सोहैल समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।



ऑर्गेनाइजेशन की बैठक में शामिल संगठन के सदस्य।

### शैडो मंत्रिमंडल व शैडो सदन की व्यवस्था बनाने की पहल करे जन सुराज : अरुण शुक्ला

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जन सुराज पार्टी के उम्मीदवारों द्वारा बिहार विधान परिषद चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, 10 हजार की नौकरी उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य विभाग को भ्रष्टाचार-मुक्त बनाने सहित विभिन्न संकल्पों को लेकर अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल स्मृति समारोह समिति के संस्थापक सचिव व वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार शुक्ला ने जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर से एक महत्वपूर्ण पहल करने का आग्रह किया है।उन्होंने कहा कि पार्टी को संपूर्ण बिहार में शैडो बिहार मंत्रिमंडल तथा शैडो बिहार विधानसभा/विधान परिषद जैसी लोकतांत्रिक एवं निगरानी व्यवस्था के गठन की दिशा में पहल करनी चाहिए। ऐसी व्यवस्था के माध्यम से विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रों की समस्याओं, भ्रष्टाचार से संबंधित आरोपों तथा सरकार के कामकाज की लगातार निगरानी कर तथ्यों को जनता के सामने रखा जा सकता है। शुक्ला ने कहा कि इससे शासन में जवाबदेही, पारदर्शिता और जनभागीदारी को मजबूत करने में मदद मिल सकती है।

# बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनने पर शिक्षक नेता दिलीप शाही का भव्य अभिनंदन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर संघ के जिला सचिव दिलीप कुमार शाही का अभिनंदन समारोह शनिवार को डुमरा के महंथ पैलेश में भव्य रूप से संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष विनोद बिहारी मंडल तथा संचालन संयुक्त सचिव संजय कुमार कर्ण ने किया। कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों से सैकड़ो प्रारंभिक शिक्षक उपस्थित रहे। जैसे ही श्री शाही हाल में पहुंचे शिक्षकों ने फूल माला पहनाकर और करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया।

नवनियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार शाही ने कहा कि यह सम्मान उनका नहीं बल्कि सीतामढ़ी के हर शिक्षक का सम्मान है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा शिक्षकों के हक सम्मान और शिक्षा की गुणवत्ता के लिए संघर्ष करते रहेंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। उनकी प्राथमिकता प्रारंभिक शिक्षकों के सभी कोटि के शिक्षकों का सम्मान वापस दिलाना है। जिसमें भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति का लाभ दिलाना, नियोजित शिक्षकों को पूर्ण राज्य कर्मी का दर्जा एवं सेवा निरंतरता का लाभ दिलाना, स्थानांतरण नीति में सुधार कराना, वेतन विसंगति को दूर कराना, सभी शिक्षकों को सम्मान काम का समान वेतन 9300 से 34800 वाला पुराना स्केल लेवल 7 दिलाना, प्रोन्नति का रास्ता सभी के लिए खुलवाना, पुरानी पेंशन योजना लागू करना, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्ति दिलाना, अवकाश एवं सेवा संबंधित समस्याओं को दूर कराना ,विद्यालय प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों पर नित्य नए-नए मानसिक बोझ से मुक्ति दिलाना, विद्यालय में आवश्यक साधन, संसाधन, कंप्यूटर प्रिंटर, ऑपरेटर इत्यादि की व्यवस्था कराना, एमडीएम शिक्षकों के लिए गले की फांस है। इससे शिक्षकों को मुक्त कराना, पदाधिकारी द्वारा नकारात्मक निरीक्षण के माध्यम से शिक्षकों को परेशान करने पर लगाम लगाना तथा प्रखंड स्तर से जिला स्तर तक संगठन का पुनर्गठन कर संगठन को मजबूत कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। संघ के जिलाध्यक्ष विनोद बिहारी मंडल ने कहा कि शाही जी का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाना सीतामढ़ी के लिए गर्व की बात है। उनके नेतृत्व में संघ नहीं ऊंचाइयों को छूएगा।



समारोह में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप शाही का अभिनंदन करते संघ जिलाध्यक्ष विनोद बिहारी मंडल व अन्य शिक्षक नेता।

संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष हरदेव बैठा ने कहा कि श्री शाही जी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से सीतामढ़ी नहीं पूरे बिहार के प्रारंभिक शिक्षकों का मान बढ़ा है। वह लंबे समय से शिक्षक हितों के लिए संघर्षरत रहे हैं। संजय कुमार कर्ण, संयुक्त सचिव ने कहा कि दिलीप शाही की संघर्षीलता, दूरदर्शिता, जूझाडूपन, निडरता, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा संवेदनशीलता ही उनकी विशेषता है। द्विजेंद्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि एक शिक्षक के रूप में श्री शाही ने लंबे सफर तय किया है तथा शिक्षक समाज को को हर पल हर क्षण जिस प्रकार संबल प्रदान किया है वह उनके समर्पण संघर्ष और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। अरुण कुमार, जिलाध्यक्ष प्रधान शिक्षक संघ ने कहा कि श्री शाही जी का संघर्षशील व्यक्तित्व एवं शिक्षक समाज के प्रति समर्पण बिहार के शिक्षक समाज के लिए एक मजबूत स्तंभ का कार्य करेगा।

समारोह को रामरतन पासवान, बिनोद कुमार राय, संजय कुमार, अजय कुमार, प्रमोद कुमार, हरिवंश पासवान, अब्दुस समद अंसारी, मो. फैयाज, रामपुकार राय, शेखर ठाकुर, श्यामसुंदर सिंह, पंकज कुमार, डॉ अमरेश ठाकुर, नरेंद्र नाथ ठाकुर, सुनील कुमार मंडल, रामदेव पंडित, अजय कुमार ठाकुर, अखिलेश कुमार, नारायण सहनी, मदन कुमार, मो. सदीक अनवर उस्मानी, राम सकल गुप्ता, मनोज कुमार, मुनेंद्र पाठक, पाठक, सजन कुमार, बासुकीनाथ प्रसाद, शंभू कुमार, राजीव राय, विरकेश्वर कुमार, विश्वनाथ प्रियदर्शी, आशुतोष कुमार, अनिल कुमार, सुशील कुमार, शैलेंद्र कुमार पाठक, राम प्रकाश पासवान, दीनदयाल साह, राहुल कुमार, सरिता झा, कुमारी कल्पना, पुष्प लता, सुनीता कुमारी, सुजाता सिंह चौहान, पंकज कुमार, विमल किशोर, फेकन बैठा, मुन्ना गिरी, सुरेंद्र कुमार, रामबाबू प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, कौशल कुमार, दीपक कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# सवालों के घेरे में वह दिन

बिहार में अपहरण और लापता होने की घटनाएं केवल किसी एक परिवार की चिंता नहीं होतीं, बल्कि वे पूरे समाज के सामने कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े गंभीर सवाल खड़े करती हैं। बाढ़ अनुमंडल के अथमलगोला थाना क्षेत्र के सूर्यपुरा निवासी अमन कुमार के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला भी अब इसी वजह से गंभीर जनचर्चा का विषय बन गया है। 13 सितंबर से अमन का कोई सुराग नहीं मिलने के बाद परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई थी। ग्रामीणों का आक्रोश सड़क पर भी दिखाई दिया और मोकामा-बख्तियारपुर फोरलेन को जाम कर पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई थी। अब मामले में एक नया मोड़ सामने आने की बात सामने आ रही है। मामले में नामजद बताए जा रहे गौतम के पटना न्यायालय में आत्मसमर्पण करने की सूचना है। दूसरी ओर पूर्व विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू के अमन के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात करने और आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करने से मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। हालांकि न्यायिक प्रक्रिया और पुलिस जांच पूरी होने तक किसी व्यक्ति को दोषी मान लेना उचित नहीं होगा। अदालत में आत्मसमर्पण करना और किसी मामले में नामजद होना अपने आप में दोष सिद्ध होने का प्रमाण नहीं है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा सवाल अब भी वही है अमन आखिर कहां है। किसी परिवार के लिए इससे बड़ा संकट क्या हो सकता है कि उनका बेटा घर से निकले और फिर वापस न लौटे दिन गुजरते जाएं, फोन बंद हो, कोई स्पष्ट जानकारी न मिले और परिवार हर दरवाजे पर अपने बेटे की तलाश करता रहे। यही वह स्थिति है जिसमें प्रशासन से लेकर समाज तक सभी की जिम्मेदारी बढ़ जाती है।

उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार अमन पटना जाने की बात कहकर निकला था और उसके बाद घटनाक्रम संदिग्ध परिस्थितियों में बदल गया। पुलिस ने मामले में पूछताछ और तकनीकी जांच की बात कही है तथा घटना से जुड़े एक संदिग्ध वाहन को भी बरामद किया गया है। अब जरूरत है कि उस दिन की पूरी टाइमलाइन को मिनट-दर-मिनट सामने लाया जाए। दनियावां में मछली खाने के लिए साथ जाने की बात क्यों उठी। अगर अमन के साथ कोई व्यक्ति था तो वह उसके साथ आगे क्यों नहीं गया गाड़ी में उस समय कौन-कौन लोग मौजूद थे अमन के साथ कथित तौर पर क्या हुआ विरोध किसने किया यदि रजरप्पा जाने की योजना थी तो वाहन वापस बाढ़ की ओर क्यों लौटा रास्ते में किन-किन स्थानों पर वाहन रुका किस-किस व्यक्ति से संपर्क हुआ मोबाइल फोन की लोकेशन क्या बताती है सीसीटीवी फुटेज में क्या सामने आया इन तमाम सवालों के जवाब जांच को निर्णायक दिशा दे सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण कड़ी वह व्यक्ति भी हो सकता है जो घटना के दौरान वाहन में मौजूद रहा था। उसकी पूरी और स्वतंत्र गवाही घटनाक्रम की वास्तविक तस्वीर सामने लाने में मदद कर सकती है। लेकिन उसकी कही हर बात को अंतिम सत्य मानने के बजाय पुलिस को उसे मोबाइल लोकेशन, कल डिटेल, सीसीटीवी फुटेज, वाहन की आवाजाही और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों से मिलान करना चाहिए।

यही निष्पक्ष जांच की कसौटी है। मामले में यदि किसी व्यक्ति की भूमिका संदिग्ध है तो पुलिस के पास उसे जांच के दायरे में लेने का पूरा अधिकार है, लेकिन साथ ही यह भी जरूरी है कि किसी निर्दोष व्यक्ति को केवल आरोप या संदेह के आधार पर सामाजिक रूप से दोषी न ठहराया जाए। कानून का रास्ता साक्ष्य से होकर गुजरता है। सवाल सिर्फ गिरफ्तारी का नहीं, अमन की बरामी का है। इस मामले में परिजनों और ग्रामीणों की सबसे बड़ी मांग केवल गिरफ्तारी नहीं, बल्कि अमन की सुरक्षित बरामी है। किसी भी आपराधिक मामले में गिरफ्तारी जांच की एक प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन परिवार की पीड़ा तब तक समाप्त नहीं होगी, जब तक अमन का पता नहीं चलता। इसलिए पुलिस जांच का पहला लक्ष्य होना चाहिएअमन की तलाश और घटनाक्रम की वास्तविक कड़ी को जोड़ना। तकनीकी जांच, मोबाइल लोकेशन, सीसीटीवी, वाहन की आवाजाही, संभावित प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और आरोपितध्संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछइन सभी बिंदुओं को एक साथ जोड़कर जांच आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। पुलिस पहले ही तकनीकी जांच और संभावित ठिकानों पर छापेमारी की बात कह चुकी है।

ग्रामीणों का आक्रोश भी प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत है। 19 सितंबर को अमन की बरामी और कार्रवाई की मांग को लेकर मोकामा-बख्तियारपुर फोरलेन पर विरोध हुआ था। पुलिस के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ। अब उस आश्वासन को ठोस परिणाम में बदलने का समय है। हर सवाल का जवाब जरूरी। अमन के लापता होने के दिन की घटनाओं की कड़ी यदि एक-एक कर जोड़ी जाए तो संभव है कि कई ऐसे तथ्य सामने आएं जो अभी लोगों की नजर से बाहर हैं। कौन कब मिला कौन किस वाहन में था वाहन किस रास्ते से गया किसने किससे फोन पर बात की किस समय मोबाइल बंद हुआ कौन व्यक्ति कहां उतरा किस स्थान पर गाड़ी रुकी और फिर वाहन वापस किस परिस्थिति में लौटा।

# एसआईआर की सफाई में फंसते मतदाता !


रजनीश कपूर

चुनावी लोकतंत्र की रीढ़ मतदाता सूची है। जब वह शुद्ध हो, तब लोकतंत्र भी मजबूत होता है। लेकिन जब शुद्धिकरण का अर्थ ही लाखों-करोड़ों वास्तविक मतदाताओं को सूची से बाहर कर देना बन जाए, तब चुनाव आयोग जैसी संस्था की विश्वसनीयता भी संकट में पड़ जाती है। चुनाव आयोग द्वारा शुरू किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का यही विरोधाभास आज देश के कई राज्यों में साफ दिख रहा है।

देखा जाए तो आयोग का आधिकारिक लक्ष्य सही है, कोई पात्र मतदाता छूटे नहीं, कोई अपात्र शामिल न हो। सुप्रीम कोर्ट ने भी एसआईआर की वैधता को बरकरार रखा। लेकिन सवाल प्रक्रिया के सिद्धांत का नहीं, उसके क्रियान्वयन का है। घर-घर प्रगणन, 2002 की पुरानी सूची से मैपिंग, 'तार्किक विसंगति' जैसे अस्पष्ट श्रेणीबद्ध आधार और नोटिस की बाढ़ ने आम मतदाता को अपराधी जैसा महसूस कराया है।

इस प्रक्रिया के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। बिहार में मतदाता सूची लगभग 7.89 करोड़ से घटकर अंतिम रूप में करीब 7.42 करोड़ रह गई। उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, गुजरात समेत बारह राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की संयुक्त सूची में भी करोड़ों नाम घटे। उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी संख्या में कटौती बताई गई, पश्चिम बंगाल में भी दस प्रतिशत से अधिक गिरावट दर्ज हुई। वहीं महाराष्ट्र में दो करोड़ से अधिक नाम बाहर दिखे, कर्नाटक में एक करोड़ से ऊपर, दिल्ली में करीब 47.56 लाख। ऐसे में विपक्ष का दावा है कि पूरे देश में मसौदा स्तर पर लगभग 13 करोड़ से अधिक नाम हटाए जा चुके हैं। ये आंकड़े अंतिम स्थायी कटौती नहीं हैं, लेकिन पैमाना इतना बड़ा है कि 'शुद्धिकरण' शब्द ही संदेह पैदा करता है।

दिल्ली का उदाहरण सबसे ताजा और सबसे चिंताजनक है। 2025 के विधानसभा चुनाव में राजधानी की सूची करीब 1. 56 करोड़ थी। एसआईआर शुरू होने से पहले ही यह घटकर लगभग 1.45 करोड़ रह गई। फिर प्रगणन में केवल 67 प्रतिशत फर्म जमा हुए और मतदाता सूची 97. 53 लाख पर सिमट गई। यानी एक तिहाई से अधिक नाम सूची से गायब। इसके बाद भी मतदाता सूची में शामिल करीब 33 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए। इनमें लगभग 13.79 लाख इसलिए कि उनका नाम 2002 की गहन पुनरीक्षण सूची से मैप नहीं हो सका और 19.33 लाख 'तार्किक विसंगति' के नाम पर। वहीं दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी ने बार-बार कहा है कि नोटिस का मतलब कटौती नहीं है, सुनवाई के बिना कोई नाम नहीं कटेगा। फिर भी लाखों परिवारों में अफरा-तफरी है। कई विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची उन मतदाताओं से भी छोटी है, जिन्होंने पिछले चुनाव में वोट डाला था।

पश्चिम बंगाल का अनुभव और भी सबक देता है। वहां लाखों नाम 'संदिग्ध' श्रेणी में डाले गए। अपील न्यायाधिकरणों में निपटाए गए मामलों में बहाली की दर बहुत ऊंची रही। नौ में से लगभग नौ मामलों में नाम वापस जोड़े गए। अगर सुनवाई के बाद इतने बड़े हिस्से को पात्र माना जा रहा है, तो पहले चरण में उन्हें अपात्र मानने की प्रक्रिया में गड़बड़ी स्पष्ट है। बिहार और बंगाल से दिल्ली आए प्रवासी मतदाता एक और जाल में फंस गए हैं, एक राज्य की सूची से नाम कटा, दूसरे में मैपिंग नहीं हुई, तीसरे में 'पहले से नामांकित' का ठप्पा लग गया। नतीजा, नागरिक तीन जगहों पर भी वोट देने का हक खो बैठा। यहाँ देश के प्रमुख अखबार इंडियन एक्सप्रेस की ताजा पड़ताल महत्वपूर्ण हो जाती है।

रिपोर्ट के अनुसार चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने दस महीने में कम से कम चौदह बार इस प्रक्रिया पर लिखित आपत्ति दर्ज की। जिसमें नई पंजीकरण प्रक्रिया, नाम जोड़ने-काटने, फॉर्म-6 में बदलाव, बंगाल में बहाली के आदेशों के खिलाफ अपील जैसे मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया गया।

अखबार का दावा है कि कुछ नोट्स में फैसलों को उनकी जानकारी के बिना लिया गया बताया गया। इस पर आयोग का जवाब है कि मतभेद सामान्य विचार-विमर्श का हिस्सा हैं और अंतिम निर्णय सर्वसम्मति से ही हुए। संस्था के अंदर असहमति लोकतांत्रिक स्वास्थ्य का संकेत भी हो सकती है, बशर्ते वह पारदर्शी हो। लेकिन जब तीन में से दो आयुक्त बार-बार प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हों और बाहर करोड़ों नागरिक नोटिस और कटौती से जूझ रहे हों, तब 'सर्वसम्मति' का दावा पर्याप्त नहीं दिखाई देता।

समस्या दस्तावेज और तकनीक की भी है। प्रवासी मजदूर, किरायेदार, बुजुर्ग, पहली बार वोट डालने वाले युवा, इनके पास हमेशा वही कागज नहीं होते जिनकी सूची आयोग मांगता है। 2002 की सूची से मैपिंग उन पीढ़ियों के लिए अन्याय है जिनका उस समय नाम ही नहीं था। 'तार्किक विसंगति' की परिभाषा भी अस्पष्ट है। यांत्रिक नोटिस सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुके हैं। सुनवाई की समय-सीमा कम है, अपील तंत्र धीमा है और कई राज्यों में स्थानीय चुनाव सिर पर हैं। तो ऐसे में मतदाता खुद को इस भूलभुलैया में फंसा हुआ पाता है। ये बात सही है कि मृत, दोहरी और फर्जी प्रविष्टियां हटनी ही चाहिए। लेकिन शुद्धिकरण का भार सबसे कमजोर मतदाता पर नहीं डाला जा सकता।

मतदाता सूची का शुद्धिकरण जरूरी है। लेकिन शुद्धिकरण का मतलब यह नहीं कि नागरिक को अपनी वैधता बार-बार साबित करनी पड़े, जबकि राज्य अपनी गलती छिपाए।

जानकर मानते हैं कि चुनाव आयोग को तीन काम तुरंत करने चाहिए। पहला, एसआईआर से पहले और दौरान काटे गए हर नाम का कारण आदि सार्वजनिक डाटाबेस में डाले जाएँ।

दूसरा, 'लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी' के मापदंड साफ हों और मामूली वर्तनी उम्र की त्रुटि स्वतः सुधार योग्य हो, दंडनीय न हो।

तीसरा, इसका समय बढ़ाया जाए और एसआईआर शिविर बस्तियों तक जाएं, न कि मतदाता दफ्तर तक दौड़े। दिल्ली की बात करें तो अंतिम सूची 4 नवंबर को आने वाली है। उसके पहले अगर पारदर्शिता नहीं आई, तो दिल्ली की नई मतदाता सूची साफ नहीं, संकीर्ण होगी।

चुनाव आयोग स्वतंत्र संस्था है, स्वतंत्रता का अर्थ निरंकुशता नहीं, जवाबदेही है। विशेष गहन पुनरीक्षण उसी परीक्षा में खड़ा है।

*(लेखक वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।)*
*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

**देखा जाए तो आयोग का आधिकारिक लक्ष्य सही है, कोई पात्र मतदाता छूटे नहीं, कोई अपात्र शामिल न हो। सुप्रीम कोर्ट ने भी एसआईआर की वैधता को बरकरार रखा। लेकिन सवाल प्रक्रिया के सिद्धांत का नहीं, उसके क्रियान्वयन का है। घर-घर प्रगणन, 2002 की पुरानी सूची से मैपिंग, 'तार्किक विसंगति' जैसे अस्पष्ट श्रेणीबद्ध आधार और नोटिस की बाढ़ ने आम मतदाता को अपराधी जैसा महसूस कराया है।**

## सैमसंग वॉलेट में अब यूपीआई पेमेंट के लिए मिलेगा ऑन-डिवाइस बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन, भारत में हुई शुरुआत

**पटना, (दैनिक नवसंदेश)।** सैमसंग इंडिया ने ऐलान किया कि भारत में सैमसंग वॉलेट इस्तेमाल करने वाले यूजर्स अब अपने गैलेक्सी डिवाइस के फिंगरप्रिंट सेंसर से यूपीआई पेमेंट कर सकेंगे। इस फीचर के साथ यूजर्स को 10,000 रुपये तक के पेमेंट के लिए यूपीआई पिन डालने की जरूरत नहीं होगी, जिससे डिजिटल पेमेंट करना अब फोन ऑनलक करने जितना ही आसान हो जाएगा।

सैमसंग का ऑन-डिवाइस बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन सार्वजनिक जगहों पर यूपीआई पिन डालने की जरूरत खत्म करके यूजर की प्राइवेसी को बचाता है। यह फीचर गलत पिन डालने की वजह से होने वाले ट्रांजैक्शन फेलियर को भी कम करता है। ऑन-डिवाइस बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल करके सैमसंग वलेट सुविधा, तेजी और मजबूत सिक्योरिटी को एक साथ लाता है, ताकि उपभोक्ताओं के लिए रोजमर्रा के यूपीआई पेमेंट और आसान हो सकें।

सैमसंग वॉलेट एक बहुउपयोगी प्लेटफर्म है, जिसकी मदद से गैलेक्सी यूजर्स यूपीआई पेमेंट कर सकते हैं, टोकनाइज्ड क्रेडिट और डेबिट कार्ड से कॉन्टैक्टलेस पेमेंट कर सकते हैं, और यूटिलिटी बिल भी भर सकते हैं। इसके साथ ही यह डिजिटल की, बोर्डिंग पास, टिकट और आईडी कार्ड को भी एक ही ऐप में व्यवस्थित रखने की सुविधा देता है, जिसमें ये सारी चीजें भरोसेमंद तरीके से स्टोर रहती हैं।

इस प्लेटफॉर्म को सैमसंग नक्स की डिफेंस-ग्रेड सिक्योरिटी का साथ मिलता है। इसमें फिंगरप्रिंट रिकग्निशन और एन्क्रिप्शन शामिल है, जो यूजर्स की संवेदनशील जानकारी को बचाते हैं, ताकि सिर्फ डिवाइस के मालिक ही अपनी जानकारी तक पहुंच सकें। सैमसंग वलेट में मौजूद संवेदनशील जानकारी एक भरोसेमंद माहौल में रखी जाती है, जो डिजिटल और फिजिकल, दोनों तरह की हैकिंग से बचाव करती है।

सैमसंग वॉलेट को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह डिजिटल कामकाज को आसान बनाए, और साथ ही सबसे ऊंचे स्तर की सिक्योरिटी भी बनाए रखे। अपने व्यापक फीचर और मजबूत सिक्योरिटी उपायों की बदौलत यह गैलेक्सी यूजर्स के लिए एक जरूरी टूल बन गया है, जो सुविधा और विश्वसनीयता के साथ उनके रोजमर्रा के अनुभव को बेहतर बनाता है।

# उठो फिर से : यह महज पुस्तक नहीं , एक मशाल है

**दैनिक नवसंदेश / पुस्तक समीक्षा**


डा. सुधांशु कुमार
लेखक व्यंग्यकार एवं शिक्षाविद




करोड़ों ऐसे छात्र जो नीट -जेईई की प्रतियोगी परीक्षाओं की भट्ठी में जल-बुझ रहे होते हैं , एक अलग तरह के मानसिक तपिश में तप रहे होते हैं , पल-पल अश्य दवाब में इतने जकड़ते चले जाते हैं कि उनके सामने गहन अंधकार के अलावा कुछ नहीं दिखाई देता है । कुछ तो उसमें हमेशा के लिए गुम हो जाते , कुछ मानसिक संतुलन खो देते , कुछ हिम्मत हार , थककर बैठ जाते हैं और कुछ पंखों से लटककर हमारे लिए हमेशा के लिए यक्ष प्रश्न छोड़ जाते हैं..!! ऐसी ही विषम परिस्थितियों और गहन अंधकार में प्रकाश की मद्धिम किरण के साथ एक उम्मीद, एक हिम्मत, एक साथी और एक सहयात्री के रूप में लेखक प्रभात कुमार की किताब उठो फिर से बड़ी आत्मीयता के साथ हमारे उन बच्चों के माथे पर मातृवते हिल हाथ फेरते हुए उनमें नई आशा व नई ऊर्जा संचरित करती है।

यह पुस्तक करोड़ों छात्र छात्राओं के अनुत्तरित यक्ष प्रश्न का जवाब है और उनके मानसिक दबाव का निदान है । यह घोर निविड़ रात्रि के विरुद्ध प्रभात बनकर उन्हें महज मानसिक संबल ही प्रदान नहीं करती बल्कि एक नई साथी के रूप में कंटकाकीर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं की राह में उनकी ऊंगली पकड़कर सफलता के शिखर पर आरूढ़ भी करती है । यह उन्हें कोई शाटकाट तरकीब की बैशाखी बिल्कुल नहीं थमाती बल्कि सफलताओं के उन्मुक्त नभ में उड़ने की कला सिखलाती है । इस पुस्तक की सबसे बड़ी विशेषता है कि यह महज पुस्तक नहीं है , एक मशाल है !!

ऐसा शायद इसलिए है कि इसके लेखक भी महज एक लेखक नहीं हैं , वह एक काउंसलर हैं, अधिकारी हैं , वक्ता हैं, ट्रेनर हैं, भाषाविद् हैं , कविहृदय , संवेदनशील इंसान हैं और इन सबसे अलग, एक सफल आदर्श पिता हैं । यह एक पिता, जो प्रत्येक दिन अपनी पुत्री को परीक्षा की भट्ठी में सुलगती हुई, हिम्मत हारती हुई, अश्य मानसिक दबाब में टूटती हुई जब देखता है तो उसकी यह टूटन का दर्द उस पिता के हृदय में भीतर तक प्रसृत हो जाता है । उसके हृदय में पुत्री के प्रसृत दर्द घनीभूत होकर जब हिमालयाकार ग्रहण कर लेता है तो उसी के गोमुख कल-कल छल-छल करती हुई ऐसी पुस्तक की गंगा फूट निकलती है जो हिम्मत हार चुके, टूट चुके और तमाम दबाव में दबे हुए, गिरे हुए छात्रों के मन में ऊर्जा भरती हुई निनाद करती है कि उठो फिर से ! शायद इन्हीं स्थितियों में किसी ने लिखा होगा - कुछ इस तरह तय की हैं मैंने मंजिलें गिर पड़े, गिरकर उठे और चल दिए।

उठो फिर से के लेखक एक पिता के रूप में यह स्वीकारता है कि यह - किताब किसी योजना से नहीं, एक पिता की चिंता से शुरू हुई। मेरी बेटी ने इस साल ड्रप लिया है। वह तैयारी कर रही है, और मैंने बहुत करीब से देखा है कि कैसे एक होनहार, मेहनती बच्ची भी, कभी-कभी, अपने ही डर के सामने छोटी पड़ जाती है। मैंने वे रातें देखी हैं, जब उसका हौसला टूटता है, और वे सुबहें भी देखी हैं, जब वह फिर से किताब उठाकर मेज पर बैठ जाती है। बिना किसी शिकायत के, बस चुपचाप। यह अंतिम शब्द चुपचाप की खामोशी का शोर ऐसा है जो बाहरी और अमनोवैज्ञानिक शिक्षा-परीक्षा प्रणाली के कान के परदे फाड़ दे ! पाषाण को मोम कर दे !!

वस्तुत : इस पुस्तक की केन्द्रीय पात्र अवनि जो लेखक की पुत्री है घर में ही नीट की तैयारी कर रही होती है, वह एक बार असफल हो जाने के कारण एक अलग मानसिक दबाव में है । एक पिता के रूप में लेखक महसूसता है उसकी टूटन को, अंदर की खालिस बेचौनी को, उसके चेहरे के तनाव को । वह ढूंढता है उसकी उन्मुक्त हंसी को जो परीक्षा के जंगल में कहीं गुम हो गयी है । चूंकि लेखक स्वयं काउंसलर हैं जो सभी पिता नहीं होते, न हो सकते। इसीलिए उस लेखक की व्यष्टिगत संवेदना समष्टिगत होकर अपनी बेटी के साथ-साथ देश की सभी बेटियों के लिए समर्पित हो जाती है। लेखक कहता है - इसका बड़ा हिस्सा उस एक कमरे से आया है, जहाँ मेरी बेटी रोज अपने डर से जूझती है, और जहाँ मैंने खुद सीखा कि सही शब्द कब बोलने हैं, और कब सिर्फ चुपचाप साथ बैठना काफी होता है। यह किताब न कोई जादुई सलाह देती है, न कोई गारंटी। यह सिर्फ इतना कहने की कोशिश करती है- जो दबाव आप महसूस कर रहे हैं, वह अकेले आप नहीं झेल रहे। हर घर में, हर शहर में, कोई न कोई बच्चा, ठीक इसी वक्त, वही डर, वही थकान, वही उम्मीद लिए बैठा है, जो शायद आप महसूस कर रहे हैं।

लेखक सभी छात्रों को संबोधित करते हुए आगे लिखता है कि - अगर आप एक छात्र हैं, तो मैं बस इतना कहना चाहता हूं, आपका आज का संघर्ष, आपकी काबिलियत का पैमाना नहीं है। यह सिर्फ यह दिखाता है कि आप कोशिश कर रहे हैं, और यही सबसे बड़ी बात है। अगर आप माता-पिता हैं, बड़े भाई-बहन हैं, तो मैं आपसे कहना चाहूंगा, आपकी मौजूदगी, आपके सही शब्दों से कहीं ज्यादा मायने रखती है। कभी-कभी सिर्फ साथ बैठना, बिना कुछ कहे, सबसे बड़ा सहारा होता है। मैंने यह खुद अपने घर में सीखा है, अभी भी सीख रहा हूं। यह किताब मैंने अवनी के लिए लिखी, वह चरित्र, जो मेरी बेटी नहीं, पर उसके जैसे लाखों बच्चों की कहानी कहती है। और यह किताब मैंने अपने लिए भी लिखी, ताकि मैं खुद भी याद रख सकूं, हर मुश्किल शाम, कि हिम्मत हारना कोई गुनाह नहीं, बस उठकर फिर से कोशिश करना जरूरी है।

निष्कर्षत : 108 पृष्ठ की यह किताब फिलहाल ई बुक के रूप में आमेजन के किंडल प्रकाशन द्वारा प्रकाशित की गयी है जो 284 रुपए में आमेजन पर उपलब्ध है और पाठकों द्वारा भरपूर सराहना की जा रही है । यह एक नयी उम्मीद के रूप में उन बच्चों के सामने है जो उम्मीद हारने की तरफ कदम बढा रहे होते हैं । उन छात्रों को एक बार अवश्य पढ़नी चाहिए जो जेईई-नीट जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं में प्रयासरत हैं या होने वाले हैं।

**पुस्तक -उठो फिर से (ई बुक)**
**कीमत -284 रुपए मात्र**
**लेखक - प्रभात कुमार**
**प्रकाशक - किंडल (अमेजन)।**

# सिद्धार्थ मल्होत्रा की सोलो स्टार पावर फिर चर्चा में

**सिद्धार्थ मल्होत्रा** ने एक बार फिर साबित किया है कि वह अकेले अपने दम पर किसी फिल्म को सिनेमाघरों में अच्छी शुरुआत दिला सकते हैं। उनकी नई फिल्म 'द वन फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' 25 सितंबर को रिलीज हुई और फिल्म ने दुनियाभर में 9.60 करोड़ रुपये की कमाई की।

'द वन' के साथ सिद्धार्थ ने एक और अच्छी बॉक्स ऑफिस ओपनिंग दी है। उनके करियर में इससे पहले भी कई फिल्मों ने पहले दिन अच्छी कमाई की है। 'एक विलेन' उनकी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म है, जिसने बॉक्स ऑफिस इंडिया के अनुसार पहले दिन 16.43 करोड़ रुपये नेट कमाए थे। इसके बाद 'ब्रदर्स' ने 13.04 करोड़ रुपये कमाए थे। 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' की पहले दिन की कमाई 7. 52 करोड़ रुपये थी, जबकि 'मरजावां' और 'कपूर एंड संस' ने क्रमशः 7. 09 करोड़ और 6. 58 करोड़ रुपये कमाए थे।



'द वन' इसलिए अलग है क्योंकि इसमें सिद्धार्थ एक ऐसी दुनिया का हिस्सा हैं, जो उनकी पिछली शहरी ड्रामा और रोमांटिक फिल्मों से काफी अलग है। यह फिल्म भारतीय लोककथाओं और फैंटेसी पर आधारित है। इसमें सिद्धार्थ का किरदार दर्शकों को एक रहस्यमयी और प्रतिबंधित जंगल की कहानी और उससे जुड़ी पौराणिक दुनिया से परिचित कराता है।

फिल्म की अच्छी शुरुआत के बाद सिद्धार्थ की सोलो स्टार पावर को लेकर चर्चा फिर शुरू हो गई है। खास बात यह है कि 'द वन' किसी पहले से सफल फ्रेंचाइजी का हिस्सा नहीं है। यह एक नई और ओरिजिनल कहानी है, जिसमें लोककथा, फैंटेसी, रोमांस और एक्शन का मिश्रण है और सिद्धार्थ फिल्म के मुख्य किरदार में हैं।

इस फिल्म में सिद्धार्थ का लुक और स्क्रीन इमेज भी पहले से अलग नजर आती है। उनका लुक, फिटनेस और एक्शन फिल्म की बड़ी और शानदार दुनिया के साथ अच्छी तरह मेल खाते हैं। साथ ही, फिल्म में उन्हें सिर्फ एक गंभीर एक्शन हीरो के रूप में नहीं दिखाया गया है। इसमें रोमांस, हास्य और बाकी कलाकारों के साथ उनकी दोस्ती और मजेदार पल भी देखने को मिलते हैं।

सिद्धार्थ के करियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाना हमेशा देखने को मिला है। 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' में उन्होंने युवा और कॉलेज लाइफ वाला किरदार निभाया, 'कपूर एंड संस' में रोमांटिक ड्रामा किया और 'एक विलेन', 'ब्रदर्स' और 'मरजावां' जैसी फिल्मों में एक्शन भूमिकाएं निभाईं।

अब 'द वन' के जरिए सिद्धार्थ भारतीय लोककथाओं पर आधारित एक बिल्कुल अलग तरह की फिल्म लेकर आए हैं। फिल्म की शुरुआत से यह पता चलता है कि दर्शकों में इस नई दुनिया को लेकर रुचि है। अब नजर वीकेंड की कमाई पर है और यह देखना होगा कि दर्शकों की प्रतिक्रिया से फिल्म की कमाई अगले दो दिनों में कितनी बढ़ती है।

सिद्धार्थ के लिए बड़ी बात यह है कि 'द वन' एक और ऐसी फिल्म है जिसे वह अकेले लीड कर रहे हैं और जिसमें उन्हें एक बिल्कुल नई फिल्मी दुनिया को दर्शकों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी मिली है। फिल्म की शुरुआती कमाई ने एक बार फिर उनके बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन को चर्चा में ला दिया है।

# प्रेम कीटाणु : गौरव वर्मा ने सात गानों वाले एल्बम की खास वजह बताई



**गौरव वर्मा** अपनी आगामी बड़ी-कॉमेडी फिल्म 'प्रेम कीटाणु' के साथ बतौर निर्माता नई पारी शुरू कर रहे हैं। अवनीका फिल्म्स के बैनर तले बनी यह फिल्म छोटे शहर से बड़े शहर में पढ़ाई और आजाद जिंदगी की तलाश में आने वाले युवाओं की कहानी है।

फिल्म में सात गानों का एल्बम रखा गया है। गौरव वर्मा के मुताबिक, यह फैसला सोच-समझकर लिया गया है। उनका मानना है कि संगीत युवाओं की जिंदगी और यादों का अहम हिस्सा रहा है। उन्होंने बताया कि फिल्म की स्क्रिप्ट के साथ ही इसके संगीत पर भी काम शुरू किया गया था।

गौरव कहते हैं कि फिल्म में कई नए और कम पहचाने जाने वाले कलाकार हैं और संगीत उनके लिए दर्शकों के बीच पहचान बनाने का माध्यम बन सकता है। फिल्म के गाने सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि कहानी को आगे बढ़ाने और किरदारों की भावनाओं को व्यक्त करने में भी अहम भूमिका निभाएंगे।

अपारशक्ति खुराना, वीर पहाड़िया, आफिया सैयद, राकेश बेदी और निखिल विजय अभिनीत इस फिल्म का निर्देशन अपूर्व सिंह कार्की ने किया है।

'प्रेम कीटाणु' 2 अक्टूबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# एसबीआई कार्ड ने एसबीआई योनो के जरिए फिक्स्ड डिपॉजिट पर आधारित सिक्योर्ड एडवांटेज एसबीआई कार्ड लॉन्च किया

**इसके जरिए ग्राहक अब एसबीआई योनो पर 100 प्रतिशत डिजिटल और आसान प्रक्रिया से सिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड ले सकते हैं , डिजिटल आवेदन प्रक्रिया के जरिए बस 10 मिनट में सिक्योर्ड एडवांटेज एसबीआई कार्ड प्राप्त किया जा सकता है**

**रांची, (दैनिक नवसंदेश) ।** भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड ने एसबीआई योनो पर एडवांटेज एसबीआई कार्ड के लान्च की घोषणा की, जिससे ग्राहकों को बिना किसी झंझट के डिजिटल तरीके से फिक्स्ड डिपॉजिट पर आधारित सिक्योर्ड क्रेडिट कार्ड पाने की सुविधा मिलेगी। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अध्यक्ष, चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी ने इस डिजिटल प्रक्रिया का शुभारंभ किया और इस मौके पर एसबीआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, अश्विनी कुमार तिवारी और एसबीआई कार्ड की मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, श्रीमती सलिला पांडे भी मौजूद थीं।

एसबीआई योनो पर शुरू की गई इस पूरी तरह डिजिटल प्रक्रिया से ग्राहकों के लिए क्रेडिट की सुविधा पाना अब और भी आसान हो गया है। ग्राहक एसबीआई योनो के जरिए चार अलग-अलग सिक्योर्ड एडवांटेज एसबीआई कार्ड - यानी एसबीआई कार्ड एलीट, एसबीआई कार्ड प्राइम, सिंपलीक्लिक एसबीआई कार्ड और सिंपलीसेव एसबीआई कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### चित्रकला प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाया विकसित भारत का सपना

**विधायक प्रमोद कुमार ने प्रतिभा सराही कहा- नई पीढ़ी की अहम भूमिका**

**पीपराकोठी(एनएसबी)** ृमेरे सपनों का भारत सेवा चित्रृ अभियान के तहत शनिवार को शनिवार को राजकीय मध्य विद्यालय सूर्यपुर और सरस्वती विद्या निकेतन में चित्रकला प्रदर्शनी आयोजन हुआ। इसमें बच्चों ने अपने चित्रों से स्वच्छ, शिक्षित, आत्मनिर्भर और विकसित भारत की कल्पना दिखाई। विधायक प्रमोद कुमार ने प्रदर्शनी में बच्चों के बनाए चित्रों को देखा और उनकी प्रतिभा की तारीफ की। उन्होंने कहा कि बच्चों के मन में देश के भविष्य की तस्वीर होती है। इन चित्रों में उनकी सोच और देश के प्रति भावना साफ दिखती है। विधायक ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारते हैं और उनमें राष्ट्रप्रेम जगाते हैं। उन्होंने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने में नई पीढ़ी की अहम भूमिका होगी। बच्चों को पढ़ाई के साथ अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर पूर्व मुखिया रविंद्र सहनी, गौरीशंकर साह, गुंजन प्रकाश, राजू सिंह पटेल, सुजीत सिंह, संजय गिरी समेत कई लोग मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र 36 पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, बच्चों का अन्नप्राशन

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 36 पर शनिवार को 9वां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया गया। यह कार्यक्रम ृहमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारीृ थीम पर आधारित था। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी की गई। साथ ही, छोटे बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। सीडीपीओ संगीता कुमारी ने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए स्वस्थ मां और बच्चे जरूरी हैं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पोषण पर खास ध्यान देने को कहा। आंगनबाड़ी केंद्र लोगों को पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने महिलाओं से पौष्टिक और संतुलित आहार लेने की अपील की। बच्चों को उम्र के हिसाब से पौष्टिक भोजन देने को भी कहा। कार्यक्रम में अभिभावकों को बच्चों के सही पोषण, नियमित जांच और साफ-सफाई के बारे में बताया गया। इस मौके पर महिला प्रवेक्षिका माला कुमारी, रिंकी शुक्ला, बीसी पिंकी कुमारी, गजेंद्र कुमार, सेविका कुमारी काजल, पूनम कुमारी, नीतू सिंह, रेनू सिंह, उर्मिला कुमारी, गीता कुमारी और विद्यांती पांडेय समेत सभी सेविका व सहायिका मौजूद थीं।

### माकपा ने निकाला प्रतिरोध मार्च, चुनाव आयोग की पारदर्शिता की मांग

**मेहसी (एनएसबी)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की चकियामेहसीतेतरिया लोकल कमिटी के तत्वावधान में शुक्रवार को लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा तथा चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग को लेकर मेहसी में प्रतिरोध मार्च निकाला गया। मार्च के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुतला दहन किया।प्रतिरोध मार्च हस्पिटल रोड से शुरू होकर स्टेशन रोड, बैंक चौक होते हुए बस स्टैंड पहुंचा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता, मतदाता सूची में पारदर्शिता और नागरिकों के मताधिकार की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर नारे लगाए।माकपा राज्य कमिटी सदस्य एवं महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी राजमंगल प्रसाद ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण शर्त है। उन्होंने मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता, सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर तथा निर्वाचन संस्थाओं की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की।डीवाईएफआई के राज्य कमिटी सदस्य इम्तेयाज अहमद ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मतदाता सूची से जुड़ी प्रक्रियाओं को लेकर राजनीतिक दलों एवं नागरिकों की ओर से सवाल उठाए जा रहे हैं। उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़ने अथवा हटाने के आधार, तकनीकी व्यवस्था और शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया स्पष्ट करने की मांग की।माकपा नेताओं ने कहा कि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से हटाए जाने की स्थिति में उसे पूर्व सूचना, कारण बताने तथा अपील का प्रभावी अवसर मिलना चाहिए। साथ ही डिजिटल सिस्टम की स्वतंत्र जांच एवं अडिट तथा राजनीतिक दलों और नागरिकों की आपत्तियों के सार्वजनिक जवाब की व्यवस्था की मांग की गई।

# कारा व पर्यवेक्षण गृह का प्रधान जिला जज ने किया निरीक्षण

## बंदियों व किशोरों से ली सुविधाओं की जानकारी, स्वच्छता, भोजन व विधिक सहायता पर दिए निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह- जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अभिषेक कुमार दास ने शनिवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पुनीत कुमार तिवारी एवं डीएलएसए के सचिव नितिन त्रिपाठी के साथ केंद्रीय कारा, मोतिहारी एवं पर्यवेक्षण गृह का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों संस्थानों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, भोजन, स्वच्छता, चिकित्सा, सुरक्षा, अभिलेखों के संधारण तथा विधिक सहायता की व्यवस्था की जानकारी ली गई।केंद्रीय कारा के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बंदियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। भोजन की गुणवत्ता, पेयजल, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, दवाओं की उपलब्धता, मुलाकात एवं विधिक सहायता के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने वार्डों, शौचालयों, ाागारों एवं



केंद्रीय कारा का निरीक्षण करते प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सीजेएम व अन्य।

परिसर में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की समीक्षा करते हुए निर्धारित मेन्यू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने तथा भोजन तैयार करने और वितरण के दौरान स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। कारा अस्पताल का निरीक्षण कर बंदियों को समय पर स्वास्थ्य जांच, दवाएं एवं उपचार उपलब्ध कराने तथा जरूरत पड़ने पर उच्चतर चिकित्सा संस्थान में रेफर करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान आरोपियों की न्यायालय में समय पर पेशी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। साथ ही सभी पात्र बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, पैनल अधिवक्ता, जमानत, अपील एवं अन्य कानूनी उपायों की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।इसके बाद पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण कर किशोरों से भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनोरंजन एवं रहने की सुविधाओं की जानकारी ली गई। परिसर की स्वच्छता, पौष्टिक भोजन एवं नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने को कहा गया। अधिकारियों ने किशोरों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार करते हुए उनके पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास की दिशा में प्रभावी प्रयास करने पर बल दिया।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि कारा एवं पर्यवेक्षण गृह में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के मानवीय अधिकारों, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं गरिमापूर्ण जीवन का ध्यान रखा जाए। उन्होंने शासन एवं न्यायालय द्वारा निर्धारित मानकों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# बच्चों की कल्पनाओं में दिखेगा विकसित भारत का सपना : राधामोहन सिंह

### मेरे सपनों का भारत रू चित्रसेवा कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने चित्रों के माध्यम से व्यक्त किए अपने विचार

**मोतिहारी (एनएसबी)।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज मोतिहारी के श्री महावीर राजकीय माध्यमिक विद्यालय, लुअठहां में मेरे सपनों का भारत रू चित्रसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोतिहारी के सांसद राधा मोहन सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें अपने सपनों के भारत की कल्पना को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त करने के




कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

लिए प्रेरित कियास इस अवसर पर सांसद श्री सिंह ने कहा कि बच्चों के सपने ही आने वाले भारत की तस्वीर हैं। चित्रकला जैसी रचनात्मक गतिविधियां बच्चों की कल्पनाशक्ति को विकसित करने के साथ-साथ उन्हें देश और समाज के प्रति अपनी सोच व्यक्त करने का अवसर देती हैं।श्री सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने चित्रों में केवल वर्तमान भारत को नहीं, बल्कि उस भारत को चित्रित करें जिसे वे भविष्य में देखना चाहते हैं- एक ऐसा भारत जो शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान, तकनीक, षि, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़े।उन्होंने कहा कि गांवों का विकास, बेहतर शिक्षा, आधुनिक षि, स्वच्छ पर्यावरण, युवाओं के लिए अवसर और महिला सशक्तीकरण जैसे विषय विकसित भारत की व्यापक कल्पना का हिस्सा हैं। बच्चों की कल्पना में इन विषयों का समावेश समाज में सकारात्मक सोच को मजबूत करता है।सांसद ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज जिन हाथों में रंग और ब्रश हैं, वही हाथ भविष्य में देश के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बच्चों से बड़े सपने देखने, निरंतर सीखने और मेहनत के साथ उन्हें साकार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने 25 वर्ष सेवा के एवं आगामी 25 वर्षों के सपनों का भारत तथा मेरे सपनों का भारत जैसे विषयों पर चित्रों के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की रचनात्मक भागीदारी और उत्साह देखने को मिलास इस अवसर पर उपमहापौर डव लालबाबू प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन गिरी, पार्षद पति रोचक झा, विद्यालय के शिक्षकगण मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, नेतृत्व एवं संरक्षण जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास के महत्वपूर्ण आधार : डीएम

**मोतिहारी (एनएसबी)।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में शनिवार को महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, नेतृत्व एवं संरक्षण विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, भाप्रसे ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, नेतृत्व एवं संरक्षण



कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीएम।

जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास के महत्वपूर्ण आधार हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जागरूकता जरूरी है।सदर अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ ड़ सुरूचि स्मृति ने महिलाओं के स्वास्थ्य, सिकल सेल एनीमिया सहित आनुवंशिक बीमारियों के लक्षण, उपचार व बचाव की जानकारी दी। ड़ अमृतांशु कुमार ने बच्चों के स्वास्थ्य, सुरक्षित प्रसव तथा मडुआ व कोदो जैसे पारंपरिक अनाज के पोषण संबंधी महत्व पर प्रकाश डाला। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की ड़ मनीषा रानी ने शिक्षा के महत्व के साथ आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड व छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। ड़ श्याम नंदन ने शिक्षा को सामाजिक समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बताया। एलएस कलेज, मुजफ्फरपुर की सेवानिवृत्त अध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग की प्रो़ मंजरी वर्मा ने क्षेत्रीय भाषा में शिक्षा व जागरूकता की जरूरत बताई तथा बाल विवाह, अशिक्षा व कुपोषण दूर करने पर जोर दिया। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त कुलपति प्रो़ रविन्द्र कुमार वर्मा रवि ने प्रशासन व जनजातीय समुदाय के बीच बेहतर समन्वय तथा नुक्कड़ नाटक व अन्य माध्यमों से जागरूकता फैलाने की बात कही। जिला कल्याण पदाधिकारी संतोष कुमार पाण्डेय ने समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव दिए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।सेमिनार में अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार गोंड, प्रदेश अध्यक्ष युवा खरवार महासंघ बिहार राजेश खरवार, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका, ब्रजेश कुशवाहा (प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, रक्सौल), रंजीत कुमार (प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, सुगौली), राकेश कुमार (प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, मधुबन), गुफरान आलम (प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, पकड़ीदयाल), जितेंद्र कुमार (प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, सदर मोतिहारी) एवं आनंद मोहन बिहारी (प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, कोटवा) सहित जनजातीय समुदाय के महिला-पुरुष एवं विकास मित्र उपस्थित थे।

# मनरेगा योजनाओं में एक सप्ताह में प्रगति लाने का निर्देश

## मानव दिवस सृजन, पीएम आवास अभिसरण, ई-केवाईसी, पौधरोपण व भुगतान की हुई समीक्षा

**मोतिहारी (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित ड़ राधाष्णन सभागार में शनिवार को उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में टठ-ळ त।ड ळ योजना की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में मानव दिवस सृजन, पीएम आवास अभिसरण, ई-केवाईसी, पौधरोपण एवं मजदूरी भुगतान की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान कम उपलब्धि वाले प्रखंडों के कार्यक्रम पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।



समीक्षा बैठक करते डीडीसी व अन्य।

मानव दिवस सृजन की समीक्षा में जिले की उपलब्धि 31.03 प्रतिशत पाई गई, जबकि राज्य स्तर पर यह 32.61 प्रतिशत है। जिले के औसत से कम उपलब्धि वाले मेहसी, कल्याणपुर, बंजरिया, आदापुर, घोड़ासहन, बनकटवा, पकड़ीदयाल, कोटवा, रामगढ़वा, चिरैया, संग्रामपुर, चकिया, मधुबन, पताही, सुगौली एवं हरसिद्धि प्रखंडों को प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया गया।पीएमएवाई-जी अभिसरण के तहत जिले में कुल 23,957 योजनाओं में से 2,861 योजनाओं में एमआर निर्गत किया गया है। इसकी उपलब्धि 11.94 प्रतिशत रही। पीपराकोठी, संग्रामपुर, कोटवा, रक्सौल, पताही, अरेराज, तेतरिया, छौड़ादानो, सुगौली, चिरैया, पकड़ीदयाल, आदापुर, ढाका, मेहसी एवं फेनहारा में उपलब्धि जिले के औसत से कम पाई गई। संबंधित अधिकारियों को इसमें शीघ्र सुधार का निर्देश दिया गया।ई-केवाईसी की समीक्षा में जिले के 4,36,850 सक्रिय मजदूरों में 3,94,818 का ई-केवाईसी पूरा पाया गया। जिले की उपलब्धि 90.06 प्रतिशत है, जबकि 41,877 मजदूरों का ई-केवाईसी लंबित है। शेष मजदूरों का भी शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराने को कहा गया।

वर्ष 2026-27 में वृक्षारोपण के लिए 9,50,400 पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित है। एमआईएस पर 5,085 योजनाओं की इंट्री की गई है, जिनमें 1,360 योजनाएं शुरू हो चुकी हैं। लक्ष्य के अनुरूप शेष योजनाओं को भी शीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया गया।भुगतान की समीक्षा में जिले की उपलब्धि 77.89 प्रतिशत के मुकाबले राज्य की उपलब्धि 82.73 प्रतिशत रही। कम उपलब्धि वाले प्रखंडों को सुधार करते हुए समय पर भुगतान में 90 प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में निदेशक एनईपी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कार्यक्रम पदाधिकारी, कनीय अभियंता एवं पंचायत तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तीन दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का किया गया आयोजन

**मोतिहारी (एनएसबी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तीन दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का आयोजन 25 सितम्बर शुक्रवार के सायंकाल से 27 सितम्बर रविवार के सायंकाल तक तुरकौलिया प्रखंड के महनवा बाजार स्थित विवाह भवन में किया गया है,जिसमें 47 शिक्षार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैंस प्रथम सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मोतिहारी जिला संघचालक सुशील कुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर वर्ग का विधिवत उद्घाटन करते हुए स्वयंसेवकों को अनुशासन और प्रशिक्षण के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों के जीवन में संघ के शिक्षा वर्ग का विशेष महत्व होता है। प्रशिक्षित कार्यकर्त्ता ही किसी जीवंत संगठन के कार्य की धुरी बनते हैं तथा परिवार,समाज व राष्ट्र की पूंजी होते हैं। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता केसीटीसी कॉलेज रक्सौल के प्राचार्य प्रोसन्त साह एवं संचालन सह जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख अभिषेक कुमार ने किया। प्रशिक्षण वर्ग में जिला प्रचारक शिवम सोनू जी,खण्ड कार्यवाह ओमप्रकाश कुमार,वर्ग कार्यवाह सुदीश कुमार,मुख्य शिक्षक अभिषेक कुमार,वेद प्रकाश पाण्डेय,विजयजी,अतुल कुमार,पवन कुमार,उत्पल कुमार,उत्कर्ष तिवारी,प्रतीक कुमार,अभिमन्यु कुमार आदि कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान है।मौके पर मोतिहारी सह विभाग संपर्क प्रमुख अरुण कुमार दूबे,प्रदीप कुमार,नवनीत गिरि सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जदयू नेता सह दंत चिकित्सक डा. श्रीकांत कुमार को जदयू चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर अंग वस्त्र व बुके देकर किया गया सम्मानित

मोतिहारी(एनएसबी)।मोतिहारी स्थित अतिथि गृह में जदयू जिला सेवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह नरकटिया विधायक विशाल शाह, जिलाध्यक्ष भरत पटेल ने संयुक्त रूप से ड़ श्रीकांत कुमार को अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया। विधायक श्री शाह ने बताया कि ड श्री कुमार के नेतृत्व में संगठन मजबूत होगी और पार्टी को नया आयाम मिलेगा। कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मान समारोह के दौरान पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने तथा जनसेवा के कार्यों में तेजी लाने को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान 2 अक्टूबर को नगर भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम प्रभारी सह जदयू नेत्री स्मृता चौरसिया समीक्षा बैठक की गयी, जहां कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विशेष चर्चा की गयी।

### खराब मौसम के कारण सूर्य किरण एयर शो स्थगित

**मोतिहारी (एनएसबी)।** लगातार चार दिनों से हो रही झमाझम बारिश और खराब मौसम के कारण मोतिहारी में शनिवार को प्रस्तावित भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम का एयर शो स्थगित कर दिया गया। कार्यक्रम को लेकर शहरवासियों में काफी उत्साह था। एयर शो में शामिल होने वाले विमानों को कुशीनगर से उड़ान भरनी थी, लेकिन वहां लगातार बारिश और प्रतिकूल मौसम के कारण विमानों का टेकअफ संभव नहीं हो सका। सुरक्षा मानकों को देखते हुए भारतीय वायुसेना ने कार्यक्रम स्थगित करने का निर्णय लिया।सांसद एवं पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कुशीनगर से प्राप्त वीडियो साझा कर मौसम की स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना के सुरक्षा मानकों और मौसम की स्थिति को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।राधा मोहन सिंह ने एयर शो को लेकर मोतिहारी की जनता के उत्साह और भारतीय वायुसेना के प्रति प्रेम के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम के प्रति लोगों के सहयोग, धैर्य और विश्वास की भी सराहना की।इधर, लगातार बारिश से जिले में जनजीवन प्रभावित है। शहर के कई इलाकों में जलजमाव से आवागमन प्रभावित हुआ है। बाजार और अन्य दैनिक गतिविधियों पर भी बारिश का असर पड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों पर पानी जमा होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### समस्तीपुर के युवक की हत्या सुनसान जगह से मिला शव

**चकिया(एनएसबी)।** चकिया-मधुबन पथ में झगड़ुआ मोड़ के निकट बने फुसनुमा झोपड़ी के बगल में शनिवार को एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक की पहचान समस्तीपुर जिला के वैनी थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरा चकला गांव निवासी विजय महतो के 26 वर्षीय पुत्र सनी कुमार के रूप में बताया जाता है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गांव के लोग खेत में फसल देखने उधर गए तो देखा उक्त स्थान पर शव पड़ा हुआ था। शव को देख लोगों ने शोर मचाया तो वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने बताया कि युवक के सिर के पिछले हिस्से से रक्तस्राव हुआ है व मुंह,नाक पर भी खून लगा है। रात में बदमाशो ने हत्या कर शव को फेक दिया होगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के पकेट



घटना स्थल पर लोगो की भीड़।

से आधार कार्ड निकाला व आधार पर नाम,पता देख इसकी सूचना परिजनों को दी। घटना का सूक्ष्मता से जायजा लेते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया।

### विकसित ग्राम पंचायत योजना अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम

**मुजफ्फरपुर(एनएससी)।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण मुजफ्फरपुर में शनिवार को विकसित ग्राम पंचायत योजना से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन उप विकास आयुक्त ने दीप प्रज्ववलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्यपालक अभियंता, विकसित भारत जी-राम जी तथा कार्यक्रम पदाधिकारी सरैया एवं गायघाट द्वारा सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों, कनीय अभियंताओं एवं पंचायत तकनीकी सहायकों को विकसित ग्राम पंचायत योजना, सेक्योर 20 मड्यूल तथा विकसित भारत जी-राम जी के साथ कन्वर्जेंस के माध्यम से योजनाओं के चयन एवं क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं के प्रभावी चयन, अभिसरण, गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन एवं सहभागी योजना निर्माण की क्षमता को सुढ़ करना रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### शॉर्ट सर्किट से एक घर में लगी आग, हजारों समान जलकर खाक



**पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के विशनपुर पंचायत स्थित वार्ड 08 में गुरुवार की देर रात करीब 11,30 बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से एक घर में भीषण आग लग गई। आग लगने से घर में रखा अनाज, कपड़े, जेवरात, फर्नीचर, बर्तन समेत अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो चुका था। घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। पीड़िता गुड़िया देवी, पति भूपनारायण कामती ने अंचल एवं थाना में आवेदन देकर सरकारी मुआवजा देने की गुहार लगाई है। आवेदन के आलोक में शनिवार को राजस्व कर्मचारी आशुतोष कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और क्षति का जायजा लेते हुए आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी।

### कोशी क्षेत्र सदैव समाजवादियों का गढ रहा है : नितेश कुमार



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोशी स्नातक निर्वाचन को लेकर सभी राजनीतिक दल अपनी तैयारियों को लेकर रणनीति बनाने में जुट गई है। इसी क्रम में राजद महागठबंधन के कार्यकताओं की बैठक शनिवार को पूजा रिसॉर्ट में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान जिला राजद अध्यक्ष मो ताहीर ने किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन महानगर अध्यक्ष ई कौशल यादव के द्वारा किया गया। वही धन्यवाद ज्ञापन अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष भीम कुमार भारती ने किया। बैठक के दौरान महागठबंधन कार्यकर्ताओ ने एक स्वर से कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी नितेश कुमार यादव को जिताने का संकल्प लिया।साथ ही सक्रिय रूप से चुनाव में लगकर सभी वोटरों को अपने पक्ष में करने का आग्रह किया गया।इस अवसर पर कोशी स्नातक निर्वाचन के उम्मीदवार नितेश कुमार ने कहा कि कोसी क्षेत्र समाजवाद का गढ रहा है। समाजवादी नेता की अपनी पहचान रही है इस बार कोशी के लोग राजद प्रत्याशी को ही अपना वोट देंगे।इसके लिए संकल्पित होने के लिए यहां एकजुट हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में वित्त रहित शिक्षकों की समस्या बढ़ती ही जा रही है।उन्हे समय पर अनुदान नही मिल रहा है।इस बार विजयी होने पर मैं सदन में वित्त रहित शिक्षकों को वेतनमान दिलाने के लिए आवाज बुलंद करूंगा। साथ ही बेरोजगार युवकों के लिए बेरोजगारी भत्ता सहित अन्य मांग को प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक में महिषी विधायक डा गोतम कृष्ण, सहरमा विद्यायक आई पी० गुप्ता, पूर्व विधायक अरुण यादव, सी.पी.आई नेता ओम प्रकाश नारायण, राजद नेता रंजीत यादव अमरेन्द्र यादव, ई. ई कोशल यादव, नेहेमउद्दीन, उपाध्यक्ष धीरेन्द्र यादव, अख्तर हुसेन, गोविन्ददास तांती, पूर्व अध्यक्ष गीता यादव, गुजन देवी, नरेश कुमार, तंजीम अहमद, चन्द्रकिशार भादव, रतिलाल यादव, विनोद यादव, तेजनारायण यादव, पवन यादव, भीम कुमार भारती, सतीश कुमार साह, धनोज शर्मा, मनोज यादव, अख्तर हुसैन, जय कुमार यादव सहित अन्य मौजूद थें।

### अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में निपुण पथ पर हुई चर्चा



**सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत मध्य विद्यालय नवटोलिया टेहरा में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय ह्यनिपुण पथ रू पढ़ना, लिखना एवं गणनाह्न रहा। संगोष्ठी का उद्देश्य बच्चों के बुनियादी अधिगम कौशल को मजबूत करने में अभिभावकों और शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित करना था। इस दौरान अभिभावकों को निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, नियमित उपस्थिति, गृहकार्य तथा घर पर अध्ययन के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के महत्व पर चर्चा की। अभिभावकों ने भी अपने विचार साझा करते हुए विद्यालय के शैक्षणिक प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक डॉ. मिठू कुमार ने अभिभावकों, शिक्षकों एवं उपस्थित गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से ही बच्चों का बुनियादी कौशल मजबूत करते हुए उनका सर्वांगीण विकास संभव है।

### 'सपनों का भारत' कार्यक्रम के तहत मध्य विद्यालय शिक्षक संघ में चित्रकला एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं कार्यकाल के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे ह्यसपनों का भारतह्न कार्यक्रम के तहत आज सुभाष चैक स्थित मध्य विद्यालय शिक्षक संघ स्कूल में विद्यार्थियों के बीच चित्रकला एवं अन्य रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में देश के प्रति जागरूकता, रचनात्मकता एवं विकसित भारत की परिकल्पना को बढ़ावा देना रहा।जिसके अंतर्गत बच्चों ने अपने कल्पनाशीलता को चित्र के माध्यम सें प्रदर्शित कर अपने मनोभाव को सार्वजनिक रूप से उकेरा।कार्यक्रम में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. आलोक रंजन, बिहार प्रदेश भाजपा के प्रदेश मंत्री दिवाकर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा, शिक्षा विभाग के डीपीओ मिथलेश कुमार, प्रधानाध्यापक अरुण कुमार, जिला जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह, जिला महामंत्री भैरवानंद झा, जिला मंत्री अरविंद भगत, मीडिया प्रभारी कुमार सिन्हा, जिला प्रवक्ता अभिनंदन कुशवाहा सहित विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सहरसा में बाढ़ प्रभावित इलाकों का पूर्णिया सांसद ने किया दौरा, तत्काल राहत की मांग

■ सांसद पप्पू यादव ने याद दिलाया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जनता से वादा किया था कि बिहार में सबसे पहले बाढ़ का स्थायी समाधान किया जाएगा, लेकिन यह वादा आज तक पूरा नहीं हुआ



**सहरसा नगर (एनएसबी)।** नेपाल के तराई क्षेत्र में लगातार भारी बारिश के बाद कोसी बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण सहरसा जिले के कोसी नदी क्षेत्रों में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जिससे बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। इस बीच शनिवार को पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने सहरसा के नवहट्टा प्रखंड का दौरा किया और पूर्वी कोसी तटबंध सहित बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया।

सांसद ने बाढ़ से जूझ रहे ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी और स्थिति की समीक्षा की। मौके पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने केंद्र सरकार और बिहार सरकार पर जमकर निशाना साधा। पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में बाढ़ एक अभिशाप बन गया है। लेकिन इसका स्थायी समाधान आज तक नहीं हो सका है। हर बार बाढ़ आती है और फिर उसके नाम पर सरकारी रुपये की लूट होती है, जबकि स्थायी समाधान नहीं होता।

सांसद पप्पू यादव कहा, ने ह्लहम इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे और बाढ़ के नाम पर रुपये लूटने वालों पर कार्रवाई की मांग करेंगे।ह्व सांसद ने याद दिलाया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चुनाव में जनता से वादा किया था , कि बिहार में सबसे पहले बाढ़ का स्थायी समाधान किया जाएगा। लेकिन यह वादा आज तक पूरा नहीं हुआ। सांसद पप्पू यादव ने केंद्र सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि अन्य प्रदेशों के लिए पैसे हैं, लेकिन बिहार में बाढ़ जैसी आपदा के लिए पैसे नहीं हैं। उन्होंने बाढ़ राहत, नावों की व्यवस्था, सामुदायिक रसोई और एंटी-इरोजन कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और तत्काल प्रभावी राहत कार्यवाही की मांग की। जिला प्रशासन ने कोसी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए अलर्ट मोड बना रखा है और संभावित जोखिम वाले गांवों में सतर्कता बरती जा रही है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बर्खास्तगी को लेकर आइसा कार्यकर्ताओं ने निकाला प्रतिवाद मार्च, फूंका पुतला



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर के कचहरी चैक पर ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अखिल भारतीय प्रतिवाद के आह्वान पर शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के बर्खास्तगी व माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, नेहा, योगेन्द्र यादव सहित अन्य राजनीतिक कार्यकत्ताओं को गिरफ्तारी के खिलाफ आइसा कार्यकत्ताओं ने प्रतिवाद मार्च निकालकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी किया। प्रतिवाद मार्च व पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व आइसा जिलाध्यक्ष आशीष आनंद ने किया। सम्बोधित करते हुए आरवाइए के राष्ट्रीय परिषद सदस्य कुंदन यादव ने कहा कि इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित रिपोर्ट के बाद चुनावी प्रक्रिया, मतदाता सूची में सुधार के नाम पर चल रही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर लोकतांत्रिक एवं नागरिक अधिकारों से जुड़े गंभीर सवाल उठ रहे है। चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी के खुलासे के बाद ज्ञानेश कुमार को गिरफ्तार करने के बजाय दिल्ली में जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे दीपांकर भट्टाचार्य, नेहा, योगेन्द्र यादव सहित सैकड़ो लोगों की गिरफ्तारी साबित करता है कि लोकतान्त्रिक अधिकारों और मताधिकार की रक्षा के लिए उठ रहे आवाज को पुलिसिया कार्रवाई के जरिये दबाने की नाकाम कोशिश कर रही है। आइसा जिलाध्यक्ष आशीष आनंद ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से बर्खास्त करने, एसआईआर को तत्काल निलंबित करने, एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से काटे गए तमाम नामों की बहाली, चुनाव आयोग की स्वतंत्र एवं लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली की बहाली, चुनाव आयुक्तों की बहाली की वर्तमान प्रणाली रद्द करने, चुनाव आयुक्तों को बहाल करने वाली कमिटी में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने, एसआईआर के बाद हुए बिहार चुनाव को रद्द करने की मांग की। मौके पर आरवाईए नेता सागर कुमार शर्मा, ऋतुराज कुमार, ज्योतिष कुमार, सत्यम कुमार, ओमप्रकाश कुमार, नितीश कुमार, मुस्ताक, विपिन कुमार, पप्पू कुमार, मंटू यादव, बबलू कुमार, चन्दन यादव सहित दर्जनों कार्यकत्ता मौजूद रहे।

## सहरसा पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

# 891 लीटर कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद, दो गिरफ्तार



**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के बिहरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर षुक्रवार को ग्राम दौरमा में छापेमारी कर 56 कार्टन में 891 लीटर कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद किया तथा दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नारायण साह उर्फ त्रिभुवन कुमार साह और मोहम्मद अब्दुल मिलकर गणेश यादव के घर में मादक पदार्थ का खेप रखे हुए हैं।

इस सूचना के आधार पर सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर ग्राम दौरमा स्थित गणेश यादव के घर के पास छापेमारी की गई। पुलिस टीम के पहुंचने पर एक व्यक्ति आर्टिगा वाहन से भागने का प्रयास करने लगा, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति एवं घर की विधिवत तलाशी के दौरान कमरे से 56 कार्टन में कुल 891 लीटर कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, एक कार्टन में 100 एमएल की 89 बोतलें होती हैं। पुलिस ने बताया कि गणेश यादव पिता स्व. जनार्दन यादव, निवासी दौरमा वार्ड 01, थाना बिहरा में छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया है। वही नारायण साह उर्फ त्रिभुवन कुमार साह, पिता स्व. गणेश साह, निवासी बिहरा, जिला सहरसा गणेश यादव से पूछताछ के आधार पर मुख्य आरोपित के रूप में गिरफ्तार। इस संबंध में बिहरा थाना कांड संख्या 317/2026, दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले के फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेज की जांच कर रही है, ताकि नशीले पदार्थ के कारोबार में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा सके। छापेमारी टीम में बिहरा थानाध्यक्ष संजय कुमार सत्यार्थी, पुअनि ज्योति कुमारी, पुअनि राजकमल सहित पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे। पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने त्वरित एवं सराहनीय कार्रवाई के लिए बिहरा थाना पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए पुरस्कृत किए जाने की बात कही है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि नशीले पदार्थों की बिक्री या तस्करी की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखने की बात कही गई है।

## वार्ड 34 के पार्षद व स्थानीय निवासियों ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 34 में जल जमाव की मद्देनजर वार्ड पार्षद सिंकु सिंह के द्वारा नाला निर्माण कराया जा रहा है लेकिन पूर्व वार्ड पार्षद एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष रंजना सिंह पति संजय कुमार सिंह के द्वारा जनहित में बन रहे नाला पर आपति दर्ज किये जाने के संबध में स्थानीय लोगों ने नगर आयुक्त को आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। दिये गए आवेदन में कहा कि हम लोग पुरानी जेल के निकट, वार्ड 34 में जमीन क्रय कर जिसमें नागरिक सुविधा यथा सड़क नाला के लिये 20 फीट की चैड़ाई में जगह दिया गया है। हमलोगों की इच्छा है इस जलजमाव को दुर करने के लिए अतिशीघ्र नाला निर्माण हो ताकि भविष्य में जल के निकास से संबंधित कोई समस्या उत्पन्न नही हो। इस संवध में वार्ड आयुक्त वार्ड 34 से कई बार नाला निर्माण करने का निवेदन भी किया गया हैं। नाला निर्माण का कार्य को भी रखा था लेकिन पूर्व उपाध्यक्ष द्वारा इसे निजी जमीन बताकर कार्य रोकवाने का प्रयास कर रहे हैं जो उचित नहीं है। वही नगर आयुक्त ने आवेदन एवं स्थानीय नागरिकों की समस्या को देखते हुए उन्होंने तीन सदस्य तीन जांच टीम बनाकर मामले का स्थलीय निरीक्षण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यदि पूर्व में नगर परिषद द्वारा सड़क एवं नाला का निर्माण कराया गया था इसे देखते हुए पुनः नाला निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। इस मौके पर अनिल कुमार यादुका, अरुण कुमार यादुका,राजेश कुमार पचेरिया, विकास कुमार, लक्ष्मी देवी, मुकेश अग्रवाल, राखी कुमारी, मोना अग्रवाल, अंकित कुमार तुलसियान, मधु पंसारी, आशीष कुमार, गोपाल दहलान, विक्रम कुमार, अंजलि यादूका, सुनीता देवी सहित अन्य मौजूद थे।

## एनसीसी कैडेटों द्वारा समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से नशा उन्मूलन जागरूकता रैली आयोजित




**सहरसा शहर (एनएसबी)।** 17 बिहार बटालियन एनसीसी के मधेपुरा कॉलेज, मधेपुरा के एनसीसी कैडेटों द्वारा समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से शनिवार को नशा उन्मूलन जागरूकता रैली निकाला गया। कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. पूनम कुमारी और एनसीसी अधिकारी डॉ. गौतम कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया !रैली मधेपुरा शहर में घूमते हुए वापस महाविद्यालय परिसर में आकर समापन हुआ! इस अवसर पर महाविधालय के प्राचार्या डॉ पुनम यादव ने कहा कि महाविद्यालय के प्रांगण से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और पुनीत कार्य की शुरूआत हो रही है।

आज हम सब मिलकर समाज में फैले श्नशाश रूपी अंधकार को मिटाने के लिए इस जागरूकता रैली के माध्यम से एक शंखनाद कर रहे हैं।युवा देश का भविष्य होते हैं, वे समाज की रीढ़ होते हैं। लेकिन जब यही युवा शक्ति नशे के जाल में फंस जाती है, तो न केवल एक व्यक्ति, बल्कि पूरा परिवार, समाज और राष्ट्र कमजोर होने लगता है। नशा चाहे किसी भी रूप में होकृचाहे वह शराब हो, तंबाकू हो या कोई अन्य नशीला पदार्थ, यह सबसे पहले इंसान की सोचने-समझने की शक्ति को छीन लेता है। यह स्वास्थ्य को नष्ट करता है। आर्थिक रूप से परिवार को बर्बाद करता है और समाज में अपराधों को बढ़ावा देता है। मैं आप सभी से, विशेषकर अपने प्रिय विद्यार्थियों से यह आह्वान करती हूँ कि आज इस रैली के माध्यम से न केवल दूसरों को जागरूक करें, बल्कि स्वयं भी अपने जीवन में यह संकल्प लें कि हम कभी भी किसी प्रकार के नशे को हाथ नहीं लगाएंगे। अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करेंगे।आइए, मिलकर कदम बढ़ाएं, नशा मुक्त समाज और एक सशक्त भारत का निर्माण करें।एनसीसी पदाधिकारी मेजर डॉक्टर गौतम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि नशा न सिर्फ एक व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से खोखला करता है, बल्कि यह पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ी के भविष्य को भी बर्बाद कर देता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा, श्असली साहस और ताकत नशे की लत में नहीं, बल्कि नशे को दृढ़ता से ना कहने में है। हमारे देश और समाज को आज युवाओं की ऊर्जा की जरूरत है, न कि नशे के जाल में फंसे युवाओं की।श्डॉक्टर गौतम कुमार जी ने इस बात पर जोर दिया कि एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण तभी संभव है जब हर नागरिक सजग हो। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को नशा मुक्त जीवन जीने और अपने आस-पास के लोगों को इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया।मेजर डॉ. गौतम कुमार के इस ओजस्वी और प्रेरणादायी संबोधन ने वहां मौजूद हर व्यक्ति को समाज सुधार की इस मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।इस कार्यक्रम में सीनियर अंडर ऑफिसर विकास कुमार, अंडर ऑफिसर भवेश गिरी, अभिषेक कुमार प्रीति कुमारी, गौरव कुमार आदि उपस्थित थे।

## कलवार समाज का बलभद्र-सहस्त्रार्जुन पूजनोत्सव धूमधाम से हुआ आयोजित

# पूजनोत्सव के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभा दिखाई बच्चे व कलाकार



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कलवार समाज, सहरसा के तत्वावधान में शनिवार को भगवान श्री बलभद्र-सहस्त्रार्जुन का पूजनोत्सव समारोह शहर के डीबी रोड स्थित रैनबो रिसोर्ट, जिला परिषद कैंपस में आयोजित किया गया। पूजनोत्सव को लेकर समाज के लोगों में अच्छा खासा उत्साह रहा। विधि-विधान के साथ भगवान श्री बलभद्र-सहस्त्रार्जुन की पूजा-अर्चना की गई।

जिसमें पूजनोत्सव में समाज के लोग सामूहिक रूप से शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व जिला पार्षद रीतेश रंजन एवं नरेश जयसवाल के संयोजन में मंचासीन सभी अतिथियों का पाग चादर बूके एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वही समाज के होनहार बच्चों एवं कलाकारो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।जिसमे बेहतर प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि भगवान श्री बलभद्र-सहस्त्रार्जुन की पूजा पर सम्पूर्ण समाज से मिलने का सौभाग्य मिला। कलवार समाज सदैव वैश्य समाज का प्रमुख अंग रहा है। वैश्य समाज के लिए आपसी एकता एवं राजनीतिक एकजुटता आवश्यक है। उन्होने कहा कि कलवार समाज आर्थिक एवं सामाजिक रूप से काफी सक्रिय रहकर समाज सेवा मे शामिल है। वैश्य समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी नगण्य रहा है। ऐसे मे हमे सम्पूर्ण वैश्य समाज को एकजुट होकर राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए सामूहिक प्रदर्शन आवश्यक है। इस अवसर पर रामदेव भगत, जवाहर भगत, माधव चैधरी, राजा राजकुमार भगत, अर्जुन चैधरी, पूर्व वार्ड आयुक्त धनश्याम चैधरी, मोहनपुर मुखिया संजीव जायसवाल, विकास कुमार विकी, आनंद भगत, डा. श्रवण कुमार, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष नीलम भगत, खुशीलाल भगत, जितेंद्र भगत, डा एस के अनुज, कृष्ण मोहन चैधरी, डा० अमीत कुमार भगत, डा अंतिमा प्रकाश, अजय कुमार आजाद राजु भगत, डा केशव कुमार भगत, सोनु कुमार भगत, सर्वेस कुमार, संतोष भगत, अमर भारती. राहुल भगत, मनोज कुमार, संजीव भगत, बबलू भगत, गौरब कुमार, शिव कुमार, पत्रकार, कन्हैया मुन्ना भगत अंचल आनन्द, रवि भगत, मिट्ठू भगत, रणजीत चैधरी पिन्टू भगत, गुड्डू भगत, रौशन भगत, पारस कश्यप, निशांत भगत रणजीत चैधरी, मनीष भगत विवेक भगत, विकास जायसवाल, पिन्टु भगत, रंधीर भगत, बालेश्वर भगत, मनीष कुमार भगत, रामाशंकर भगत, अजय कुमार आजाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## दुर्गापूजा की तैयारियों को लेकर दोरमा भगवती स्थान परिसर में ग्रामीणों की बैठक आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** आगामी दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर दोरमा भगवती स्थान परिसर में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्रा ने की।बैठक में दोरमा भगवती स्थान पर वर्षो से चली आ रही परंपरा के अनुरूप दुर्गा पूजा एवं मेले को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। ग्रामीणों ने पूजा एवं मेले के दौरान आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द और शांति बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक में पूजा की तैयारियों, मेले की व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित ग्रामीणों ने आयोजन को सफल बनाने में हरसंभव सहयोग देने की बात कही। बैठक मे पंचायत के मुखिया अरुण यादव,अशोक झा, पूजा कमेटी के अध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रमोद पासवान, सचिव विद्यानंद चैधरी, कन्हैया झा,सुधीर ठाकुर ,मुकेश झा,मदन झा,मिथिलेश झा शरण पासवान, छौटकु पासवान, मनोरंजन चैधरी, शरद कुमार विरेन्द्र पासवान सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# सीपीआईएम ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका

**खगड़िया (डीएनएस)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर षनिवार को सीपीआईएम ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा तथा चुनाव आयोग की निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रतिरोध मार्च निकाल कर ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। सीपीआईएम का मार्च पार्टी जिला कार्यालय से मुख्य चुनाव आयुक्त की गिरफ्तारी को लेकर नारेबाजी करते हुए निकला जो बीएसएनल कार्यालय तक जाकर लौटा और हस्पिटल चौक पहुंच कर ज्ञानेश कुमार के पुतले को आग के हवाले कर दिया। मौके पर पार्टी राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में चुनाव आयोग का काम केवल मतदान कराना मात्र नहीं है,बल्कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराना,पारदर्शी मतदाता सूची बनाना,चुनावी प्रक्रिया में सभी को समान अवसर मिले यह सुनिश्चित करना और खास कर एक संवैधानिक संस्था के रूप में अपनी निष्पक्षता कायम रखना भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी बुनियादी शर्ते हैं। उन्होंने कहा बिहार विधानसभा 2025 से ठीक पहले चुनाव आयोग द्वारा आनन-फानन में एस़आईआरक़रा कर लाखों मतदाताओं के नाम गलत तरीके से काटा गया,जो चुनाव आयोग के पक्षपाती रवैए को स्पष्ट दिखा रहा था।यही काम चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल और गोवा



प्रदर्षन करते सीपीएम नेतागण।

विधानसभा चुनाव से भी पहले कर एक पार्टी विशेष को सीधे सहयोग करने का काम किया। उस समय भी सीपीआईएम लगातार चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध दर्ज कराई थी। संजय कुमार ने कहा कि विशेष रूप से एस़आई आऱऔर मतदाता सूची से संबंधित प्रक्रियाओं में पारदर्शिता,नाम जोड़ने-काटने के आधार,तकनीकी व्यवस्था तथा शिकायतों के निवारण को लेकर सार्वजनिक बहस तेज हुई है।उन्होंने कहा स्वयं निर्वाचन आयोग के दो निर्वाचन आयुक्तों द्वारा पिछले 10 महीनों में 14 बार इस तरह के निर्णयों पर आपत्ति दर्ज किए जाने की रिपोर्टे सामने आई है,जो बहुत ही गंभीर अपराध तो है ही,बल्कि इसको देशद्रोह कहना ज्यादा उचित होगा। इतना स्पष्टता के बाद अब ज्ञानेश कुमार की तत्काल गिरफ्तारी आवश्यक है। उन्होंने कहा देश जानना चाहता है कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने हटाने की प्रक्रिया में अंतिम निर्णय किस स्तर पर लिया जाता है और उसकी पूरी जिम्मेदारी किसकी रहती हैकिसी नागरिक का नाम विना सूचना और स्पष्ट कारण के वगैर मतदाता सूची से कटता है,तो उन्हें प्रभावी अपील का मौका क्यों नहीं मिलता है। संजय कुमार ने मतदाता सूची तैयार करने में सफ्टवेयर और तकनीकी व्यवस्था पर भी सवाल उठाया।उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी राजनीतिक पार्टियों या आम नागरिकों द्वारा मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रियाओं पर उठाई गई आपत्तियों का बिन्दुवार जवाब चुनाव आयोग को सार्वजनिक क्यों नहीं करती है,अब तो स्वयं चुनाव आयोग के भीतर के विरोधाभास से उजागर हो गया है।इसलिए इन सारे मामले को पूरी पारदर्शिता के साथ जनता के सामने रखने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है।संजय कुमार ने कहा चुनाव आयोग किसी पार्टी या राजनीतिक गठबंधनों का नहीं, बल्कि संविधान और मतदाता के अधिकारों का संरक्षक है। इसलिए आयोग के प्रत्येक निर्णय में राजनीतिक निष्पक्षता,संस्थागत पारदर्शिता और सार्वजनिक जवाबदेही स्पष्ट दिखनी चाहिए।उन्होंने कहा सीपीआईएम कि साफ समझ है,कि मतदाता सूची में किसी भी नागरिक का नाम केवल तकनीकी या प्रशासनिक त्रुटि के कारण ना छूटे और ना ही किसी नागरिक को अपना मताधिकार बचाने के लिए अनावश्यक रूप से प्रशासनिक पेचीदगियों का सामना करना पड़े,चुनाव आयोग की बड़ी जिम्मेदारी है।संजय कुमार ने कहा पार्टी का स्पष्ट मांग है कि तुरंत मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त कर जेल में बंद की जाय। प्रतिरोध मार्च और ज्ञानेश कुमार के पुतला दहन कार्यक्रम में सीपीआईएम राज्य कमिटी सदस्य देवेन्द्र चौरसिया,जिला सचिव सुरेन्द्र प्रसाद महतों,जिला सचिवमंडल सदस्य रामविनय सिंह,कुन्दन मेहता,नीतू देवी,जिला कमिटी सदस्य रामविलास वर्मा,संजीव कुमार,अमर कुमार यादव,रजनीश कुमार,अनिल वर्मा,अमरेन्द्र कुमार,माला देवी अलौली अंचल कमिटी सदस्य नीतीश कुमार यादव,खगड़िया अंचल कमिटी सदस्य छुद्दु वर्मा,दुखनी देवी,रामचन्द्र साहनी,धर्मवीर गौतम,बेबी कुमारी,बछौता के सरपंच मोव हाशिम,छात्र नेता सोनेलाल यादव,आयुषराज गोलू सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## यात्री बस में लगी भीषण आग
## 50-60 तीर्थयात्रियों बस में थे सवार

**खगड़िया।** जिले के मानसी थाना क्षेत्र के एनएच-31 स्थित अनिल होटल के सामने शनिवार की अहले सुबह एक यात्री बस में अचानक आग लग गई। बस में करीब 50 से 60 तीर्थयात्री सवार थे। अचानक बस से धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। आग की जानकारी मिलते ही यात्रियों में दहशत फैल गई और सभी अपनी जान बचाने के लिए बस से बाहर निकलने लगे। हलांकि आग पूरी तरह फैलने से पहले सभी यात्री बस से सुरक्षित उतर गए। इसके बाद देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया


तीर्थयात्रियों से मिलते एसडीओ।


जला हुआ बस।

और कुछ ही देर में आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया और बस धू-धूकर जलने लगी। सड़क किनारे बस में लगी आग को देखकर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। आग की तेज लपटों और धुएं के कारण मौके पर कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। हालांकि, तब तक बस का अधिकांश हिस्सा जल चुका था। आग बुझने के बाद बस पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर राख में तब्दील हो गई। वैसे बस में आग किस कारण लगी, इसका तत्काल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आग लगने के वास्तविक कारण का पता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को तत्काल 'भोजन एवं पेयजल' उपलब्ध कराया गया। 'आपदा प्रबंधन शाखा' द्वारा महिलाओं को 'डिगिटी किट, जिसमें साड़ी आदि सामग्री शामिल थी, पुरुषों को ''लुंगी, गमछा एवं कमीज' तथा महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों के लिए 'चप्पल सहित आवश्यक सामग्री' उपलब्ध कराई गई। 'विदा करते समय सभी श्रद्धालुओं के लिए रास्ते में भोजन के पैकेट एवं पेयजल की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई।'जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समेकित बाल विकास सेवाएं के माध्यम से बच्चों एवं महिलाओं के लिए 'दूध एवं सेनेटरी पैड' की भी व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए 'स्वास्थ्य विभाग की टीम' मौके पर पहुंची तथा आवश्यकता के अनुसार 'जांच एवं उपचार' उपलब्ध कराया गया। घटना में 'नेपाल के भी एक परिवार के तीन सदस्य, माता-पिता एवं उनके पुत्र' शामिल थे। जिला प्रशासन द्वारा उन्हें भी 'भोजन, पेयजल, कपड़े, दूध, चप्पल एवं अन्य आवश्यक सामग्री' उपलब्ध कराई गई। आग में उनके आवश्यक दस्तावेज जल जाने के बाद जिला प्रशासन द्वारा 'यथासंभव पहचान पत्र एवं प्रमाणित दस्तावेज के साथ ही थाना द्वारा सन्हा दर्ज कर उसकी सत्यापित प्रति उन्हें उपलब्ध कराई गई, ताकि वे पुनः अपने दस्तावेज बनवा सकें। साथ ही ''बिहार-नेपाल सीमा पर अवस्थित अनुमंडलथाना को भी इसकी जानकारी दी गई', ताकि उन्हें चेक पोस्ट पर सीमा पार करने में कोई मुश्किल न हो।श्रद्धालुओं को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए 'जिला प्रशासन द्वारा दो बसों के साथ सुरक्षा कर्मी की भी व्यवस्था' की गई। संकट की इस घड़ी में जिला प्रशासन द्वारा 'कुछ ही घंटों के भीतर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए' श्रद्धालुओं ने 'जिला प्रशासन एवं जिलाधिकारी विक्रम विरकर के प्रति आभार व्यक्त किया।' श्रद्धालुओं ने 'मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति भी धन्यवाद व्यक्त किया। राहत एवं सहायता मिलने के बाद श्रद्धालुओं के चेहरों पर 'संतोष एवं राहत' दिखाई दी। श्रद्धालुओं ने कहा कि कठिन परिस्थिति में जिला प्रशासन द्वारा 'तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ उपलब्ध कराई गई सहायता' उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण रही।

## त्योहारों को लेकर स्मैक कारोबार पर लगाम और अतिक्रमण हटाने का निर्देश

**गोगरी।** अनुमंडल क्षेत्र में आगामी पर्व एवं त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर ट्रायसम भवन में प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण, भूमि विवाद तथा सामाजिक सद्भाव सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में क्षेत्र में बढ़ रहे स्मैक के सेवन एवं इसके अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई। पुलिस को ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करने तथा नशे के कारोबार पर लगाम लगाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया गया। वहीं गोगरी-जमालपुर बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्णय लिया गया। आगामी दुर्गापूजा को देखते हुए मेन बाजार में बाइक समेत अन्य वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने तथा जाम की समस्या से निपटने के लिए वैकल्पिक यातायात व्यवस्था करने पर भी चर्चा हुई।


एसडीओ व अन्य।

इसके लिए चिन्हित स्थानों पर बैरिकेडिंग कराने की बात कही गई। स्कूल के समय बच्चों की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को देखते हुए स्कूल खुलने और छुट्टी के समय तक भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने पर भी विचार किया गया। इसके अलावा लंबित भूमि विवादों के निबटारे, पर्व-त्योहार के दौरान सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश करने वाले संभावित लोगों को चिन्हित करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। बैठक में सुनसान एवं संवेदनशील रास्तों पर पुलिस गश्ती बढ़ाने पर भी जोर दिया गया, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। प्रशासन ने पर्व-त्योहार के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा।बैठक में एसडीओ संजय कुमार, एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर, डीसीएलआर राज कुमार, नगर कार्यपालक पदाधिकारी सोनी कुमारी, गोगरी थानाध्यक्ष अजय शंकर प्रसाद, बेलदौर थानाध्यक्ष अजीत कुमार सहित गोगरी अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष मौजूद थे।

## मध्य विद्यालय अलौली के छात्रों के बीच प्रगति पत्र का वितरण

**खगड़िया।** जिले के मध्य विद्यालय अलौली में बच्चों के बीच अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2026 का प्रगति पत्रक का वितरण किया गया। बच्चे प्रगति-पत्र को लेकर काफी प्रफुल्लित नजर आए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक आशुतोष कुमार ने बताया कि विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं ने बच्चों को काफी हौसला अफजाई की। शिक्षा विभाग के तत्परता के कारण दिए गए रूटिंग के अनुसार अर्द्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन का मूल्यांकन एवं समय पर रिजल्ट का प्रकाशन किया गया और बच्चों को प्रगति पत्रक का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षा का अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावक के सामने बच्चों को प्रगति पत्रक दिया गया और अभिभावक से इस बात को शेयर किया गया कि आपके बच्चे किस लायक हैं और आपके बच्चे को परीक्षा में कितना अंक प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर आज सेवा संकल्प अभियान के तहत बच्चों ने चित्रकला का भी प्रदर्शन किया।

## खगड़िया के सभी कॉलेजों की संबद्धता मुंगेर विश्वविद्यालय से ही रखने की मांग

**खगड़िया (डीएनएस)।** जिले के सभी महाविद्यालयों की संबद्धता मुंगेर विश्वविद्यालय से यथावत रखने की मांग को लेकर विधायक बबलू कुमार मंडल ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र भेजा है। विधायक ने पत्र के माध्यम से छात्र-छात्राओं की सुविधा, समय और आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए जिले के महाविद्यालयों को मुंगेर विश्वविद्यालय से ही संबद्ध रखने का आग्रह किया है। विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि खगड़िया जिला शिक्षा की ष्टि से महत्वपूर्ण है। जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में सभी वर्गों के छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। वर्तमान में जिले के महाविद्यालय मुंगेर विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं, जिससे विद्यार्थियों को


विधायक बबलू कुमार मंडल।

विश्वविद्यालय से संबंधित शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यो के लिए अपेक्षात कम दूरी तय करनी पड़ती है। पत्र में कहा गया है कि दिनकर विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव के मद्देनजर खगड़िया जिले के महाविद्यालयों को दिनकर विश्वविद्यालय से संबद्ध किए जाने की चर्चा है। ऐसे में विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि जिले के सभी महाविद्यालयों की संबद्धता मुंगेर विश्वविद्यालय से ही यथावत रखी जाए। विधायक ने पत्र में विद्यार्थियों की व्यावहारिक कठिनाइयों का भी उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में खगड़िया के छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय से संबंधित कार्यो के लिए लगभग 27 किलोमीटर की दूरी तय कर मुंगेर जाना पड़ता है। इससे विद्यार्थियों को कम समय और कम खर्च में अपने शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य संपन्न करने में सुविधा मिलती है। उन्होंने कहा कि यदि जिले के महाविद्यालयों की संबद्धता किसी दूसरे विश्वविद्यालय से की जाती है तो विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय संबंधी कार्यो के लिए अधिक दूरी तय करनी पड़ सकती है। इससे उनके आने-जाने में अतिरिक्तसमय और आर्थिक खर्च बढ़ेगा। विशेष रूप से ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए यह अतिरिक्तबोझ हो सकता है। विधायक बबलू कुमार मंडल ने मुख्यमंत्री से छात्रहित, शैक्षणिक सुविधा और विद्यार्थियों की आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए खगड़िया जिले के सभी महाविद्यालयों की संबद्धता मुंगेर विश्वविद्यालय से ही बनाए रखने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की संबद्धता से जुड़े किसी भी निर्णय में विद्यार्थियों की सुविधा और स्थानीय परिस्थितियों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए, ताकि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला प्रशासन ने तत्काल उपलब्ध कराई राहत सामग्री एवं घर वापसी की व्यवस्था

**खगड़िया।** पितृपक्ष के अवसर पर 'सिलिगुड़ी, पश्चिम बंगाल से गया में पिंडदान के लिए जा रहे 64 श्रद्धालुओं' की सीएनजी बस में खगड़िया जिले के मानसी प्रखंड अंतर्गत पूर्वी ठाठा गांव के समीप शनिवार की सुबह अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण बस पूरी तरह जल गई। राहत की बात यह रही कि बस में सवार सभी 64 श्रद्धालु सुरक्षित हैं तथा किसी भी व्यक्ति को कोई शारीरिक क्षति नहीं हुई। बस में 29 महिलाएं एवं 35 पुरुष सवार थे। आग लगने के कारण श्रद्धालुओं के कपड़े, जूते-चप्पल, रुपये-पैसे, पहचान पत्र एवं अन्य आवश्यक सामान जल गए। स्थानीय निवासी 'प्रीयांशु कुमार एवं मिथुन कुमार' ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रुकवाया तथा 'सभी श्रद्धालुओं को तत्काल सुरक्षित बाहर निकाला।' घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए' अनुमंडल पदाधिकारी, खगड़िया, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन शाखा सहित संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को मौके पर भेजकर राहत एवं सहायता कार्य सुनिश्चित कराया।

### शराब के नशे में घर में हंगामा करना एक युवक को महंगा पड़ गया

**गोगरी।** थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में शराब के नशे में घर में हंगामा करना एक युवक को महंगा पड़ गया। युवक द्वारा नशे की हालत में घर में उत्पात मचाने के साथ ही परिजनों के साथ मारपीट किए जाने से परेशान पिता ने पुलिस को फोन कर इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान रामपुर निवासी मो0 रिजवान के पुत्र कुर्सीद के रूप में हुई है। बताया जाता है कि कुर्सीद शराब के नशे में घर पहुंचने के बाद परिजनों के साथ हो-हल्ला करने लगा और मारपीट पर उतारू हो गया। स्थिति बिगड़ने पर उसके पिता ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बेलदौर।** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित मध्य विद्यालय भैंसाडीह के प्रांगण में 'सेवा एवं संकल्प अभियान' के तहत कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं के बीच भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों को 'मेरे सपनों का विकसित भारत' मेरा सुंदर गांव और मेरा हरा-भरा स्कूल जैसे विषय दिए गए थे, जिस पर उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए सुंदर और आकर्षक पेंटिंग्स बनाईं। वहीं, भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने सरल और सटीक शब्दों में अपने विचार व्यक्त किए।दोनों प्रतियोगिताओं में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं ममता कुमारी, चंदा कुमारी, अमन कुमार और पांडव कुमार को विद्यालय परिवार की ओर से कलम और कपी देकर पुरस्त एवं प्रोत्साहित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक कुमार, शिक्षक अंकित कुमार, अमरीश कुमार, रमेश कुमार और विकास कुमार मौजूद थे। इसके अलावा अभिभावक मनीष कुमार, अवधेश तांती, कौशल्या देवी, विमला देवी, बिजल चौधरी सहित दर्जनों स्कूली बच्चे और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के पचौत पंचायत अंतर्गत छोटी भरना गांव में विषैले सांप के काटने से 36 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका अपने पीछे पांच बेटियां और दो बेटों को छोड़ गई है। मृतका की पहचान छोटी भरना गांव के वार्ड 1 निवासी लालटुन शर्मा की 36 वर्षीय पत्नी ललिता देवी के रूप में हुई है। मृतका के पति लालटुन शर्मा ने बताया कि अचानक उनकी पत्नी के मुंह से झाग निकलने लगा। सांप काटने की आशंका होने पर परिजन आनन-फानन में उसे लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर के लिए निकले, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। बेलदौर पीएचसी पहुंचने पर डक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बेलदौर थानाध्यक्ष और अंचलाधिकारी को अवगत कराया गया। सूचना पर बेलदौर थाना में तैनात एसआई उमेश यादव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतत निगरानी एवं बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश : डीएम

**खगड़िया।** जिलाधिकारी विक्रम विरकर एवं पुलिस अधीक्षक पुष्कर आनंद की संयुक्त अध्यक्षता में आज समाहरणालय में विधि-व्यवस्था से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में 'कानून-व्यवस्था की स्थिति, महिला सुरक्षा के सुढ़ीकरण, साइबर अपराध एवं सूखा नशा की रोकथाम एवं 24ग्7 गश्ती व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं मजबूत बनाने' सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतत निगरानी एवं बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। बैठक में विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी विशेष चर्चा की गई। पुलिस प्रशासन को विद्यालय खुलने से लेकर छुट्टी होने तक शिक्षण संस्थानों के आसपास 'नियमित गश्ती एवं प्रभावी निगरानी' सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सार्वजनिक स्थल यथा हस्पिटल, विद्यालय, मंदिर , मस्जिद इत्यादि के आसपास अनावश्यक रूप से घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखने तथा आवश्यकता के अनुसार पूछताछ करने को कहा गया। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रबंधन को परिसर एवं मुख्य द्वार पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा उन्हें सदैव कार्यशील रखने का निर्देश दिया गया। बैठक में साइबर अपराध की रोकथाम तथा आमजन को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, जिले में '24ग्7 गश्ती व्यवस्था' को सुढ़ करते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। सूखे नशे के रोकथाम हेतु संवेदनशील स्थलों को चिन्हित करते हुए गश्ती रूट बनाकर छापा मारने का निर्देश सभी थानाध्यक्ष एवं अंचलाधिकारी को दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पदाधिकारियों को विधि-व्यवस्था से संबंधित मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा विभिन्न स्तरों पर बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। विद्यालयों एवं छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर 'टोल-फ्री आपातकालीन सेवा नंबर 112 एवं गश्ती वाहनों' के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति सजग रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि अथवा सुरक्षा संबंधी समस्या की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस अथवा '112' पर दें। छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों एवं पुलिस के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। साथ ही संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष को युवाओं, बच्चियों एवं अभिभावकों के साथ नियमित बैठक करने का निर्देश दिया गया ताकि समाज एवं प्रशासन में विश्वास का निर्माण हो सके। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष' सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डीएवी स्कूल में ड्राइंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**खगड़िया।** एस एल डीएवी पब्लिक स्कूल में विकसित भारत-2047 के तहत सेवा संकल्प अभियान के प्रथम चरण की ड्राइंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के अभिभावक,परियोजना प्रबंधक ,जिला उद्योग केंद्र खगड़िया के अजीत तिवारी और के विजय कुमार सहनी ने स्कूल के वरीय शिक्षक रंजीत कुमार सिंह तथा सुनील कुमार सिंह के साथ सामूहिक रूप से प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजीत तिवारी ने कहा कि यह प्रतियोगिता हमारे देश की प्रगति के लिए अभियान का एक हिस्सा है और मुझे खुशी हो रही है जिस तरह से बच्चों ने भाषण दिया और देश की समस्या और उसके निवारण के सम्बन्ध में अपनी राय रखी। प्राचार्य राजीव रंजन ने कहा कि भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिता के आयोजन से सामाजिक जागरूकता आती है और जो बच्चे इन प्रतियोगिताओं में शामिल होते हैं , पढ़ने के साथ-साथ वो सामाजिक रूप से भी सजग होते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को धन्यवाद दिया। ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा नवम की आकांक्षा कुमारी द्वितीय स्थान कक्षा दसवीं की चेष्टा श्री और तृतीय स्थान कक्षा आठवीं के शिवम राज ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं की आरना आत्रेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कक्षा नवीं की साक्षी सवनम ने द्वितीय स्थान और कक्षा 11वीं की अनीशा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में स्कूल के सांस्तिक कमेटी के शिक्षक रिम्मी सिन्हा, कुमारी अर्चना संजीव कुमार मिश्र, शाश्वत कुमार और दीक्षिता ठाकुर का योगदान रहा और उन्हें प्राचार्य ने इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

### महेशखूंट पुलिस ने लूटकांड का किया उद्भेदन,दो धराये

**गोगरी।** महेशखूंट थाना क्षेत्र में 23 सितंबर को महिला से हुई लूट की घटना का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सफल उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने लूटकांड में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटी गई नकदी,मोबाइल फोन, बैग तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। उक्त बात की जानकारी देते हुये एसडीपीओ चन्दन कुमार ठाकुर ने कहा की महिला अपने पति के साथ खगड़िया से वापस घर लौट रही थी। इसी दौरान रोहड़ी चौक से करीब एक किलोमीटर आगे दो अज्ञात बदमाशों ने मोटरसाइकिल को ओवरटेक कर बल प्रयोग करते हुए महिला के पास से हैंडबैग छीन लिया और फरार हो गए। बैग में 15 हजार रुपये नकद, गोदरेज की चाबी एवं दो मोबाइल फोन थे। घटना के संबंध में पीड़िता के आवेदन पर महेशखूंट थाना मे प्राथमिकी दर्ज की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक खगड़िया के निर्देश पर महेशखूंट थानाध्यक्ष के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई। टीम ने मानवीय सूचना एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर लूटी गई सामग्री तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान टेम्हा बन्नी निवासी दिनेश कुमार उर्फ फुदो तथा पूर्वी ठाठा निवासी रौशन कुमार के रूप मे हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों का पूर्व से आपराधिक इतिहास भी रहा है। छापेमारी में महेशखूंट थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, एसआई प्रमोद कुमार, सत्येंद्र सिंह एवं अमित कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।


जानकारी देती पुलिस।

### जीविका महिला कृषि उत्पादक कंपनी लिमिटेड की 17वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन

**खगड़िया।** जीविका महिला षि उत्पादक कंपनी लिमिटेड की 17वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक उमाशंकर शाह, अजीत पाल, शिवेन्द्र कुमार, राकेश रोशन, अभिनव कुमार, ममता कुमारी, पप्पू कुमार, आदित्य कुमार, देवनंदन कुमार एवं छोटू कुमार शामिल हुए। आम सभा के दौरान कंपनी से जुड़ी दीदियों के बीच पिछले वर्ष किए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया एवं आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। सभा में कंपनी को और अधिक सुढ़ बनाने तथा दीदियों की आय में वृद्धि हेतु आवश्यक सुझाव भी दिए गए।

# वाणिज्य प्रबंधक के अचानक टिकट चेकिंग से स्टेशन पर मची अफरातफरी

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** मालदा मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के निर्देश पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मालदा कार्तिक सिंह ने भागलपुर-जमालपुर-किउल रेलखंड पर प्लेटफार्म एवं ट्रेनों में टिकट जांच अभियान चलाया। इसी क्रम में वह अचानक जमालपुर स्टेशन पहुंच गए। वाणिज्य प्रबंधक के अचानक स्टेशन पहुंचने से अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच कुछ देर के लिए आपाधापी की स्थिति बन गई।स्टेशन प्रबंधक की अनुपस्थिति में वाणिज्य प्रबंधक ने मुख्य टिकट निरीक्षक सुमन कुमार शर्मा एवं कमर्शियल इंस्पेक्टर संजीव कुमार गुप्ता के साथ स्टेशन परिसर के विभिन्न स्टल एवं दुकानों की जांच की। दुकानदारों के सामान, बिक्री व्यवस्था एवं यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्टलधारियों को स्पष्ट निर्देश दिया


जांच करते वाणिज्य प्रबंधक।

कि यात्रियों को किसी भी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं मिलना चाहिए। शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।इसके बाद प्लेटफार्म पर टिकट जांच के साथ ट्रेनों में भी यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान बोल बम जाने वाले कांवरियों की भीड़ के बीच टिकट जांच अभियान शुरू होने से प्लेटफार्म और ट्रेनों में कुछ देर के लिए अफरातफरी जैसा माहौल रहा। जांच अभियान को देखकर बिना टिकट यात्रा कर रहे कई यात्री टिकट लेने के लिए काउंटर की ओर जाते नजर आए। टिकट काउंटर पर यात्रियों की कतार भी लग गई। वाणिज्य विभाग की अचानक हुई जांच से स्टेशन परिसर में हड़कंप की स्थिति बनी रही। मौके पर अमर कुमार सहित आरपीएफ जीआरपी मौजूद थे।

## पत्रकार सत्यम मिश्रा के हमलावरों की तत्काल हो गिरफ्तारी : सेराज अहमद कुरैशी

**सोनपुर (एनएसबी)** गोंडा, उत्तर प्रदेश, इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी ने पत्रकार सत्यम मिश्रा पर हुए हमले की कड़ी शब्दों निंदा करते हुए कहा



राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी।

कि पत्रकारों की सुरक्षा केवल किसी संगठन की मांग नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों पर हमला करने वालों के खिलाफ त्वरित और निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। किसी भी पत्रकार को समाचार कवरेज या जनहित की आवाज उठाने के कारण भयभीत करने की कोशिश स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। कुरैशी ने कहा कि प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि पत्रकार अपने पेशेवर दायित्वों का निर्वहन बिना भय और दबाव के कर सकें। उन्होंने गोंडा पुलिस से मांग की कि मामले की गंभीरता को देखते हुए नामजद एवं अन्य संदिग्ध आरोपियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए तथा घायल पत्रकार के उपचार और सुरक्षा पर भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन पत्रकार सत्यम मिश्रा के साथ खड़ा है और पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान एवं अधिकारों के लिए अपनी आवाज उठाता रहेगा। पत्रकार पर हमले के बाद सबसे जरूरी है कि कानून अपना काम करे और पीड़ित को न्याय मिले। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों के खिलाफ ऐसी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए जिससे भविष्य में किसी पत्रकार, नागरिक या लोकतांत्रिक आवाज को हिंसा के जरिए दबाने का दुस्साहस न हो। क्योंकि कलम को लाठी से डराने की कोशिश की जा सकती है, लेकिन लोकतंत्र में सवाल पूछने की जरूरत को खत्म नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की मजबूती का दावा करने वाली व्यवस्था के बीच यदि एक पत्रकार को दिनदहाड़े कचहरी के गेट के पास ही लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला हो, तो सवाल सिर्फ एक पत्रकार की सुरक्षा का नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की सुरक्षा-व्यवस्था का भी है, जो नागरिकों को कानून का भरोसा दिलाती है। गोंडा जिले में न्यूज पोर्टल 'इंटरनेट की आवाज' के पत्रकार सत्यम मिश्रा पर 25 सितंबर 2026 को हुआ हमला पत्रकारिता जगत के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। कोतवाली क्षेत्र में दीवानी कचहरी गेट के पास दोपहर करीब 2रू30 बजे सत्यम मिश्रा अपने एक साथी के साथ चाय पी रहे थे। इसी दौरान लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस लोगों ने उन पर हमला कर दिया। हमले में पत्रकार सत्यम मिश्रा के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल गोंडा मेडिकल कलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी कर लिया है थ्प्त् दर्ज होना पहला कदम है, लेकिन गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच और न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाना उससे भी महत्वपूर्ण है।आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। घायल पत्रकार को आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए।

## अमन अपहरणकांड में नया मोड़, गौतम का पटना कोर्ट में सरेंडर

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** सूर्यपुरा निवासी अमन कुमार के संदिग्ध अपहरण मामले में नया मोड़ सामने आया है। मामले में नामजद बताए जा रहे गौतम ने पटना कोर्ट में सरेंडर किया है। वहीं पूर्व विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू अमन के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। अमन के अपहरण वाले दिन की घटनाओं को लेकर कई सवाल अब भी अनसुलझे हैंदनियावां में मछली खाने साथ वाला क्यों नहीं गया गाड़ी में कौन-कौन था, विरोध किसने किया और रजरप्पा जाने के बजाय सभी वापस बाढ़ क्यों लौटे घटना के दौरान गाड़ी में मौजूद रहे शख्स की जुबानी सामने आने वाली कई अहम बातें मामले की तस्वीर बदल सकती हैं। पुलिस की जांच में इन सवालों के जवाब अहम माने जा रहे हैं।

## जमालपुर सर्किल में नए पुलिस निरीक्षक ने संभाला पदभार

**जमालपुर (मुंगेर)** - जमालपुर सर्किल के नए पुलिस निरीक्षक के पद पर 2009 बैच के पुलिस पदाधिकारी शिव अमित प्रकाश कौशिक ने योगदान किया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि सर्किल क्षेत्र में विधि-व्यवस्था को सुढ़ बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही पूर्व एवं वर्तमान अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।सर्किल इंस्पेक्टर ने कहा कि नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। पुलिस की ओर से नशा कारोबारियों और नशे के सेवन से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही आम लोगों और युवाओं को जागरूक करने पर भी जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस और आम जनता के बीच समन्वय जरूरी है।उन्होंने बताया कि पुलिस-पब्लिक संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से वार्ड स्तर पर शांति समिति का गठन किया जाएगा। समिति के माध्यम से छोटी-छोटी समस्याओं एवं विवादों का समाधान स्थानीय स्तर पर कराने का प्रयास होगा, ताकि मामले गंभीर रूप न ले सकें और पुलिस तक पहुंचने से पहले ही आपसी समन्वय से समाधान किया जा सके।इंस्पेक्टर ने बताया कि सर्किल क्षेत्र के धरहरा, लरियाटार, जमालपुर, ईस्ट कलोनी और हेमजापुर थाना का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान संबंधित थानाध्यक्षों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र की विधि-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी।


शिव अमित प्रकाश कौशिक।

## काली पहाड़ी के तालाब में डूबा 15 वर्षीय छात्र, तलाश में जुटी पुलिस

**जमालपुर (मुंगेर)** - काली पहाड़ी के शिखर पर स्थित तालाब में ान करने के दौरान एक 15 वर्षीय स्कूली छात्र के डूबने की घटना से शनिवार को श्रद्धालुओं सहित शहर में सनसनी फैल गई। घटना के बाद तालाब के आसपास लोगों की भीड़ जुट गई। समाचार लिखे जाने तक छात्र का शव बरामद नहीं हो सका था।बताया जाता है कि जमालपुर केशोपुर निवासी चार स्कूली छात्र लव, प्रियांशु, अंकित ,अंकुश काली पहाड़ी से गिरने वाले झरने को देखने के लिए गए थे। इसी दौरान तीन दोस्त तालाब में ान करने लगे, जबकि एक छात्र मोबाइल से वीडियो बना रहा था। ान के दौरान अचानक दो छात्र गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। इनमें से एक छात्र तैरना जानता था, जिसे दूसरे साथी प्रियांशु ने किसी तरह अंकित को बचा लिया। वहीं 15 वर्षीय लव कुमार, पिता नरेंद्र कुमार, निवासी केशोपुर, गहरे पानी में डूब गया।लव कुमार के डूबने के बाद उसके साथियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर काली पहाड़ी पर मौजूद श्रद्धालु एवं अन्य लोग तालाब के समीप पहुंचे। मंदिर के पुजारी अमित बाबा ने भी लोगों को जुटाकर छात्र की तलाश शुरू कराई तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही रामनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से तालाब में डूबे छात्र की तलाश शुरू कराई। काफी प्रयास के बाद भी छात्र का पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस ने गोताखोरों की टीम को बुलाया। देर तक तालाब में छात्र की तलाश जारी रही।


तालाब किनारे उमरी पुलिस प्रशासन एवं आम लोगों की भीड़।

## संक्षिप्त खबरें

### बेलछी पहुंची लोजपा की पांच सदस्यीय टीम पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बेलछी में नाबालिग बच्ची की हत्या मामले को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी की पांच सदस्यीय टीम ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। टीम ने परिवार को आर्थिक सहायता भी दी।लोजपा (आर) के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र विवेक ने केस लड़ने के लिए 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि दूसरे जात के लिए मरते हैं तो अपने जात के लिए भी मरेंगे, हम भी यदुवंशी हैं। वहीं सहायता राशि देते हुए परिजनों से कहा गया कि जब पैसा खत्म हो जाए तो मेरे नंबर पर फोन कर दीजिएगा। टीम ने परिवार को न्याय की लड़ाई में सहयोग का भरोसा दिलाया।

### मोकीमपुर में ताबड़तोड़ फायरिंग, वर्चस्व को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के मोकीमपुर गांव में वर्चस्व को लेकर दो पक्षों के बीच ताबड़तोड़ फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई। ग्रामीणों के अनुसार, एक के बाद एक कई राउंड गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। फायरिंग की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। पुलिस दोनों पक्षों की गतिविधियों और फायरिंग के कारणों की जांच कर रही है।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सोनपुर मंडल में जल निकायों की स्वच्छता एवं जीरो वेस्ट स्पोर्टिंग गतिविधियों का आयोजन

'फोटो संख्या 0020
**सोनपुर (एन एसबी)** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा2026 के अंतर्गत 26 सितंबर 2026 को विभिन्न स्टेशनों एवं रेलवे कलोनियों में जल निकायों की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के दौरान सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी, नवगछिया एवं गढ़हारा सहित विभिन्न रेलवे परिसरों में स्थित जल निकायों के आसपास व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। रेलकर्मियों, उनके परिवारों तथा आमजन को जल स्रोतों को कचरा मुक्त रखने, जल संरक्षण अपनाने तथा पर्यावरण स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही लोगों से जल निकायों में प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट न



सफाई कर्मी सफाई करते।

डालने तथा आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की अपील की गई। इसी क्रम में सोनपुर रेलवे स्पोर्ट्स के खिलाड़ियों एवं कर्मचारियों द्वारा अधिकारी क्लब परिसर में जीरो वेस्ट स्पोर्टिंग गतिविधियों का आयोजन किया गया। खेल गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा कार्यक्रम के उपरांत परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई कर स्वच्छ परिसर का उदाहरण प्रस्तुत किया गया। मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के मार्गदर्शन में आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ते हुए जल निकायों, रेलवे परिसरों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल बनाए रखने के प्रति व्यापक जागरूकता विकसित करना है।

## परमात्मा की भक्ति करने में ही मनुष्य जन्म की सार्थकता : महेश्वर बाबा

**जमालपुर(मुंगेर) (डीएनएस)।** नयागांव स्थित संतमत सत्संग आश्रम परिसर में आयोजित एक दिवसीय बहु क्षेत्रीय संतमत मासिक सत्संग सोमवार को भक्ति भाव के साथ संपन्न हो गया। जिसमें जमालपुर, मुंगेर, पाटम, धरहरा , सुल्तानगंज, घोरघट, सूर्यगढा, अभयपुर, असरगंज, बरियारपुर सहित आसपास के क्षेत्र से सैकड़ो सत्संगियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सत्संग, प्रवचन, भजन, रामायण पाठ, संतवाणी पाठ, आरती गान एवं सामूहिक भंडारा आयोजित हुआ। प्रवचन के कार्यक्रम में बेगूसराय से पहुंचे संतमत के वरिष्ठ महात्मा स्वामी महेश्वर बाबा अपने संगीत में प्रवचन में कहा कि जैसे सोना में गी लग जाने के बाद भी उसका मोल कम नहीं होता है उसी तरह से मनुष्य शरीर में एक बार भक्ति रूपी बीज का प्रारंभ हो जाने से उसका भी होता है और एक में एक दिन किसी न किसी जन्म में भक्ति पूर्ण हो जाती है। परमात्मा की भक्ति करने में ही मनुष्य जन्म की उपादेयता है। परमात्मा


सत्संग करते महात्मा।

की भक्ति करना ही मनुष्य जन्म का असली फल है। मनुष्य जन्म पाकर भी ईश्वर की भक्ति नहीं किया तो मनुष्य जन्म पाना ही बेकार है। संतों का संग और सत्संग करना ही प्रथम भक्ति की श्रेणी में आता है। सत्संग करने से अर्थ धर्म काम और मोक्ष यह चारों फल मनुष्य को आसानी से प्राप्त हो जाते हैं। बड़े भाग्य से यह मनुष्य का शरीर मिलता है और ईश्वर की बहुत पा होती है तब सत्संग करने का सौभाग्य प्राप्त होता है।मौके पर स्वामी महेश्वर बाबा के अलावा स्वामी बुटन बाबा, स्वामी राजेंद्र बाबा, स्वामी कुशाल नंद बाबा, स्वामी अनमोल बाबा, स्वामी रामदहीन बाबा, दो रामप्रसाद साह, अर्जुन तांती, प्रकाश गुप्ता, आशीष कुमार अधिवक्ता, शिव शंकर प्रसाद, कन्हैया लाल चौरसिया, अभिमन्यु साह, राजन कुमार चौरसिया, परशुराम चौरसिया, सत्यनारायण मंडल, सुरेंद्र प्रसाद, रामचंद्र मंडल, विष्णु देव, मदन लाल मंडल, शामुखदास गुप्ता, प्रमोद यादव, बालेश्वर यादव सहित सैकड़ो सत्संगी दुर्दशा से मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अमन अपहरणकांड में नया मोड़ नामजद गौतम ने कोर्ट में किया सरेंडर, घटना के दिन के अनसुलझे सवालों पर टिकी जांच

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अथमलगोला प्रखंड के सूर्यपुरा निवासी अमन कुमार के संदिग्ध अपहरण मामले में घटनाक्रम लगातार नया मोड़ ले रहा है। मामले में नामजद बताए जा रहे गौतम के पटना न्यायालय में सरेंडर करने के बाद प्रकरण की जांच को लेकर एक नई कड़ी जुड़ी है। दूसरी ओर पूर्व विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू सूर्यपुरा स्थित अमन के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर मामले में शामिल आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा अमन के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने लाने की मांग की। अमन के लापता होने के बाद से ही उसके परिजन और स्थानीय लोग घटना की पूरी कड़ी को समझने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस की जांच अपनी दिशा में आगे बढ़ रही है, लेकिन घटना वाले दिन की गतिविधियों से जुड़े कई सवाल अभी भी स्पष्ट उत्तर की प्रतीक्षा में हैं। यही सवाल अब इस पूरे मामले की जांच के केंद्र में दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि अमन को लेकर जिस दिन घटनाक्रम हुआ, उस दिन दनियावां में मछली खाने की बात भी सामने आई थी। सवाल यह है कि वहां साथ मौजूद व्यक्ति आगे उसके साथ क्यों नहीं गया जिस वाहन से अमन के जाने की बात कही जा रही है, उसमें उस समय कौन-कौन लोग मौजूद थे वाहन में किसी तरह का विरोध हुआ था या नहीं यदि विरोध हुआ तो किसने और किस परिस्थिति में किया रजरप्पा जाने की बात थी तो वाहन वापस बाढ़ क्यों लौटा इन सवालों के जवाब घटना की वास्तविक परिस्थितियों को समझने में महत्वपूर्ण हो सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि घटना के दौरान वाहन में मौजूद रहे एक व्यक्ति की जुबानी सामने आने वाली बातें जांच की दिशा में अहम साबित हो सकती हैं। उसके बयान से यह स्पष्ट करने में मदद मिल सकती है कि अमन के साथ आखिरी बार क्या हुआ, वाहन में कौन लोग थे, यात्रा की दिशा क्यों बदली और किन परिस्थितियों में घटनाक्रम आगे बढ़ा। हालांकि इन बयानों की स्वतंत्र पुष्टि और पुलिस जांच के निष्कर्ष सामने आना अभी बाकी है।

#### सरेंडर के बाद बढ़ी जांच की अहमियत

मामले में नामजद बताए जा रहे गौतम के न्यायालय में आत्मसमर्पण के बाद अब जांच एजेंसियों के सामने उससे पूछताछ और उपलब्ध तथ्यों का मिलान करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे होने वाली कार्रवाई से यह स्पष्ट हो सकेगा कि मामले में उसकी क्या भूमिका बताई गई है और पुलिस के पास उसके संबंध में अब तक कौन-कौन से साक्ष्य हैं। किसी भी आपराधिक मामले में केवल आरोप या किसी व्यक्ति का नाम सामने आना दोष सिद्ध होने के समान नहीं है। इसलिए अमन प्रकरण में भी पुलिस जांच, उपलब्ध साक्ष्य, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष गवाहों के बयान और न्यायालयीन प्रक्रिया के आधार पर ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

#### परिजनों को अब भी अमन की तलाश

अमन के परिजनों के लिए सबसे बड़ा सवाल आज भी यही है कि आखिर अमन कहां है और उसके साथ क्या हुआ। लगातार समय बीतने के बावजूद स्पष्ट जानकारी नहीं मिलने से परिवार की चिंता बढ़ती जा रही है। ऐसे में पुलिस की जांच में प्रत्येक संभावित कड़ी को गंभीरता से जोड़ना आवश्यक है। पूर्व विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू का अमन के घर पहुंचना भी इसी मामले को लेकर क्षेत्र में बनी चिंता को दर्शाता है। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर उनकी स्थिति जानी और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। हालांकि मामले की आगे की दिशा पुलिस जांच और न्यायिक प्रक्रिया से ही तय होगी।

#### घटना के दिन की टाइमलाइन बनेगी अहम कड़ी

अमन प्रकरण की गुत्थी सुलझाने के लिए घटना वाले दिन की पूरी टाइमलाइन तैयार करना महत्वपूर्ण हो सकता है। अमन घर से कब निकला, किन लोगों के संपर्क में रहा, किस वाहन से कहां गया, दनियावां में कौन-कौन मौजूद था, वहां से वाहन किस दिशा में चला, रजरप्पा जाने की योजना क्यों बनी और फिर बाढ़ लौटने की स्थिति कैसे बनीइन सभी बिंदुओं का क्रमवार सत्यापन जांच को स्पष्ट दिशा दे सकता है। इसके साथ ही मोबाइल लोकेशन, कल डिटेल, सीसीटीवी फुटेज, वाहन की आवाजाही और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों जैसे उपलब्ध साक्ष्यों का आपसी मिलान भी महत्वपूर्ण होगा। यदि इन अलग-अलग स्रोतों से प्राप्त जानकारी एक-दूसरे से मेल खाती है, तो घटनाक्रम की तस्वीर अधिक स्पष्ट हो सकती है।

#### सवालों का जवाब जरूरी, लेकिन निष्कर्ष जांच के बाद

अमन के मामले में सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर तरह-तरह की चर्चाएं हो सकती हैं, लेकिन किसी भी चर्चा को अंतिम सत्य मानना उचित नहीं होगा। इस मामले में सबसे जरूरी है कि तथ्य और अनुमान के बीच अंतर रखा जाए। जिन लोगों के नाम सामने आ रहे हैं, उनकी भूमिका का निर्धारण जांच और न्यायालयीन प्रक्रिया के आधार पर होना चाहिए। परिवार को न्याय दिलाने और अमन के संबंध में वास्तविक जानकारी सामने लाने के लिए जांच का निष्पक्ष, तथ्यपरक और समयबद्ध होना आवश्यक है। घटना के दिन वाहन में मौजूद व्यक्ति का बयान, नामजद आरोपी का सरेंडर और घटनाक्रम से जुड़े अन्य साक्ष्यइन सभी कड़ियों को जोड़कर पुलिस यदि पूरी टाइमलाइन सामने लाती है, तो कई अनसुलझे सवालों के जवाब मिल सकते हैं।फिलहाल अमन अपहरणकांड कई सवालों के बीच खड़ा है। एक ओर नामजद आरोपी का न्यायालय में सरेंडर जांच के लिए नई कड़ी है, तो दूसरी ओर अमन के परिजनों की बेचौनी लगातार बनी हुई है। अब निगाह इस बात पर है कि पुलिस जांच इन सवालों का क्या जवाब सामने लाती है और अमन के संबंध में वास्तविक स्थिति कब तक स्पष्ट हो पाती है। अमन कहां है उसके साथ उस दिन वास्तव में क्या हुआ दनियावां से बाढ़ तक की यात्रा में कौन-कौन था और रजरप्पा जाने की बात के बाद वापसी क्यों हुईइन सवालों के जवाब ही इस मामले की कई परतें खोल सकते हैं।

### मृतक संतोष व रंजीत के परिजनों से मिले विधायक, श्राद्धकर्म के लिए किया आर्थिक सहयोग

**कॉंटी(एनएसबी)।** कांटी विधायक अजीत कुमार शनिवार को क्षेत्र के तिवारी टोला तथा छपरा धर्मपुर यदू गांव के साहू टोला पहुंचे, जहां उन्होंने मृतक संतोष साह एवं रंजीत ठाकुर के परिजन से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया। साथ ही इस दुख की घड़ी में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मौके पर शोक संतप्त परिवार को अपने निजी कोष से श्राद्ध कार्यक्रम के लिए आर्थिक सहयोग भी किया। ज्ञात हो कि छपरा साहू टोला निवासी संतोष साह की हत्या अपराधियों द्वारा चाकू गोदकर कर दिया गया था। वही तिवारी टोला निवासी रंजीत ठाकुर की मौत हृदय गति रुकने से हो गईं थी। दोनों परिवार विधायक के काफी करीबी थे। इन दोनों के निधन से विधायक एवं उनके समर्थक काफी आहत दिखे। विधायक ने कहा की दोनों नौजवान काफी होनहार थे एवं हर एक सामाजिक गतिविधि में बढ़-कर कर सहयोग करते थे। इन दोनों का निधन मेरी व्यक्तिगत क्षति है। उन्होंने दोनों की आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को धैर्य धारण कराने के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की। मौके पर विधायक के साथ लश्करीपुर पंचायत के मुखिया इंद्र मोहन झा, बबलू कुमार, आदर्श कुमार, पैक्स अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश, राजू राम, संदीप कुमार, नथुनी राम, राम लखन राम, नगर परिषद के वार्ड पार्षद पप्पू राम, वार्ड पार्षद रामकुमार, नितेश कुमार छोटू, मनोज पांडे, जय किशुन कुमार, मनीष पांडे, सुभाष पांडे, आदित्य कुमार, हरिनंदन तिवारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### पताही मंडल के गोबरसही, डुमरी मझौलिया के सरकारी विद्यालय में सेवा चित्र कार्यक्रम आयोजित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा कल के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार को भाजपा पताही मंडल के सरकारी विद्यालय में सेवा चित्र कार्यक्रम आयोजित हुआ। मेरे सपनों का भारत सेवा चित्र कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। सेवा चित्र कार्यक्रम राजकीय प्राथमिक विद्यालय गोबरसही, राजकीय मध्य विद्यालय डुमरी, राजकीय मध्य विद्यालय मझौलिया, राजकीय प्राथमिक विद्यालय डुमरी मुसहर और राजकीय मध्य विद्यालय पकड़ी इस्माइल विद्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महामंत्री बद्री ठाकुर, मनोरमा पासवान, राजेश नारायण तिवारी, मिथुन कुमार, राजकुमार पासवान, प्रधानाध्यापिका प्रतिमा कुमारी, रूपा श्री, सीमा कुमारी, नवीन कुमार व प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब की बड़ी खेप बरामद, कार पलटने के बाद तस्कर फरार

**गड्ढे में पलटी शराब लदी कार, 321 लीटर विदेशी शराब जब्त**

**विद्यापतिनगर। एनएसबी** थाना क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 321 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। शराब लदी सिल्वर रंग की स्विफ्ट कार भी पुलिस ने जब्त की है। पुलिस के अनुसार पीछा किए जाने के दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और कार सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। अंधेरे और बारिश का फायदा उठाकर एक व्यक्ति मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार 25 सितंबर की रात करीब 10:05 बजे पुलिस गश्ती दल के सलीम रजा के साथ सिपाही सुनील कुमार एवं सोमन कुमार क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दलसिंहसराय की ओर से गढ़सिसई की तरफ शराब की बड़ी खेप लेकर एक कार आने वाली है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम गढ़सिसई पहुंची। रात करीब 2:35 बजे संदिग्ध कार को आते देखा गया। पुलिस ने रोशनी बंद कर वाहन को रोकने का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार चालक ने वाहन की गति बढ़ा दी। इसके बाद पुलिस ने सायरन बजाते हुए पीछा किया। कुछ दूर जाने के बाद चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। प्रभारी अपर थानाध्यक्ष पंकज कुमार के अनुसार अत्यधिक बारिश और अंधेरे का फायदा उठाकर एक व्यक्ति वाहन से निकलकर फरार हो गया। ग्रामीणों की मदद से गड्ढे में फंसी कार को बाहर निकाला गया। तलाशी के दौरान मैजिक मोमेंट्स ग्रीन एप्पल वोडका की 140 बोतलें, रॉयल स्टैग व्हिस्की की 248 बोतलें और ब्लेंडर्स प्राइड व्हिस्की की 40 बोतलें बरामद हुईं। पुलिस के अनुसार इनकी कुल मात्रा 321 लीटर है। पुलिस ने कार के साथ एक ओप्पो मोबाइल फोन भी जब्त किया है। मामले में बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। फरार व्यक्ति की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस जांच में जुटी है।

### भरण-पोषण के 18 मामलों की सुनवाई, पांच का तत्काल निष्पादन

**भरण-पोषण के पांच मामलों का मौके पर निपटारा**

**समस्तीपुर। एनएसबी** अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में शनिवार को भरण-पोषण से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान कुल 18 मामलों को सुनवाई के लिए रखा गया। सुनवाई के बाद पांच मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर संबंधित पक्षकारों को त्वरित राहत दी गई। शेष 13 मामलों में आगे की सुनवाई के लिए संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने मामलों से जुड़े पक्षों की बात सुनते हुए आवश्यक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की। अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि भरण-पोषण से जुड़े मामलों में जरूरतमंद और प्रभावित पक्षों को समय पर राहत दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। लंबित मामलों की नियमित सुनवाई कर उन्हें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समयबद्ध तरीके से निपटाने का प्रयास किया जाएगा।

### एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय भेजा गया

**चकमहेसी पुलिस ने एनबीडब्ल्यू वारंटी को दबोचा**

**कल्याणपुर। एनएसबी** चकमहेसी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बेलसंडी गांव निवासी छोटेलाल शाह के पुत्र रमन कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी ने बताया कि पुलिस को वारंटी के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए रमन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया। मामले में आगे की कार्रवाई न्यायालय के निर्देश के अनुसार की जाएगी।

### कुर्की वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय भेजा गया

**कल्याणपुर पुलिस ने कुर्की वारंटी को किया गिरफ्तार**

**कल्याणपुर। एनएसबी** कल्याणपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए न्यायालय से जारी कुर्की वारंट के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बाकीपुर गांव निवासी स्व. सूरज राय के पुत्र महेंद्र राय के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष रणवीर कुमार रावत ने बताया कि महेंद्र राय के विरुद्ध न्यायालय से कुर्की वारंट जारी था। इसी आधार पर पुलिस ने सूचना के सत्यापन के बाद कार्रवाई की। पुलिस ने गिरफ्तार वारंटी के विरुद्ध आवश्यक प्रक्रिया पूरी की और उसे न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया।

### आपसी विवाद में मारपीट, युवक घायल

**मारपीट की घटना में युवक घायल, अस्पताल में इलाज जारी**

**कल्याणपुर। एनएसबी** प्रखंड क्षेत्र में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। परिजनों की मदद से घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान शिवनगर पंचायत के बख्तियारपुर गांव निवासी 40 वर्षीय उमेश कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीके ठाकुर ने बताया कि घायल पुरुष का सीएचसी में इलाज जारी है। चिकित्सकों की टीम उसकी स्थिति पर निगरानी रख रही है। घटना के संबंध में पुलिस स्तर से आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रांसफार्मर जलने से दो दिनों से बिजली ठप, ग्रामीण परेशान

**ट्रांसफार्मर खराब होने से दो दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित**

**कल्याणपुर। एनएसबी** कल्याणपुर पंचायत के वार्ड संख्या दो में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पिछले दो दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है। लगातार बिजली नहीं रहने से स्थानीय लोगों का जनजीवन प्रभावित है। ग्रामीणों ने जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में हर एक-दो महीने के अंतराल पर ट्रांसफार्मर खराब होने की समस्या सामने आती रहती है। उनका आरोप है कि ट्रांसफार्मर के आसपास उगे पेड़-पौधों की टहनियां कई बार बिजली तारों और ट्रांसफार्मर के संपर्क में आ जाती हैं, जिससे फॉल्ट की स्थिति उत्पन्न होती है। स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना बिजली विभाग को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन अब तक आपूर्ति बहाल नहीं की गई है। बिजली आपूर्ति बाधित रहने से घरेलू कामकाज के साथ बच्चों की पढ़ाई और छोटे कारोबार भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने के साथ आसपास के पेड़-पौधों की नियमित छंटाई कराने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे बार-बार होने वाली बिजली खराबी की समस्या को कम किया जा सकेगा।

### विद्यालय पर बरगद का पेड़ गिरने से तीन बच्चों की मौत, 12 लाख का अनुग्रह अनुदान

**बरगद का पेड़ गिरने से तीन बच्चों की मौत, 24 घंटे में मिला अनुग्रह अनुदान**

**समस्तीपुर/एनएसबी।** विभूतिपुर प्रखंड के चकबेदौलिया स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में गुरुवार को आंधी-तूफान के दौरान बरगद का विशाल पेड़ गिरने से तीन बच्चों की मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में शोक की लहर है। मृतकों की पहचान 10 वर्षीय सपना कुमारी, 11 वर्षीय पायल कुमारी और 10 वर्षीय गुलनाज खातून के रूप में हुई है। घटना पंचायत खास तभका दक्षिण की बताई गई है। घटना के बाद जिला प्रशासन ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रशासनिक टीम ने घटनास्थल और प्रभावित परिवारों की स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की। जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रजनीश राय ने बताया कि आपदा प्रबंधन के निर्धारित प्रावधानों के तहत तीनों मृत बच्चों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की दर से कुल 12 लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान 24 घंटे के भीतर भुगतान कर दिया गया। प्रशासन की ओर से घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृत बच्चों के परिजनों के प्रति सहानुभूति जताई गई है। हादसे के बाद विद्यालय और आसपास के इलाके में मातम का माहौल बना हुआ है। प्रशासन की टीम घटना से जुड़े आवश्यक बिंदुओं पर कार्रवाई में जुटी है।

# पोषण माह में प्रतियोगिता, संतुलित आहार के प्रति किया जागरूक

**पोषण माह में लेखन और भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा**




**दलसिंहसराय/एनएसबी।** स्थानीय आरएल कॉलेज में पोषण माह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीओ किशन कुमार ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार आवश्यक है। संतुलित भोजन शरीर को जरूरी ऊर्जा एवं पोषक तत्व उपलब्ध कराने के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में भी सहायक होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम उपयोगी हैं। विद्यार्थियों को भोजन में विविधता, पर्याप्त प्रोटीन और संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी जानी चाहिए।

कार्यक्रम को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार, उमा शंकर चंदन एवं आकांक्षा कुमारी ने भी संबोधित किया। इस दौरान ह्यआहार में विविधता एवं पर्याप्त प्रोटीनह्ण विषय पर लेखन तथा भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। लेखन प्रतियोगिता में राखी कुमारी ने प्रथम, साधना कुमारी ने द्वितीय और सुजाता कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में विकास कुमार प्रथम, रिया कुमारी द्वितीय तथा प्रियंका कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में योगेश कुमार, कुमारी दीपा, रूपम कुमारी, सर्वेश सुमन, डॉ. आदित्य राज, पल्लव पारस, रूपक कौशल, अजय शर्मा, श्वेता कर्ण, रश्मि रोजी, शेफाली दीक्षित, किरण चौधरी सहित कॉलेज कर्मी एवं प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में बुनियादी शिक्षा पर जोर

**पढ़ने, लिखने और गणना की दक्षता बढ़ाने पर मंथन**




**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** सोठगामा पंचायत स्थित राजकीय प्राथमिक मकतब कबई नयाटोल में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ह्यनिपुण पथ : पढ़ना, लिखना और गणनाह्ण विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता को मजबूत करने तथा विद्यालय में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी पर चर्चा हुई।

प्रधान शिक्षक मो. मेराज ने कहा कि बच्चों की शैक्षणिक प्रगति में विद्यालय और परिवार की साझेदारी महत्वपूर्ण है। बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने के साथ घर पर पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने और उनकी छोटी-छोटी उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने से सीखने के प्रति रुचि बढ़ती है।

संगोष्ठी में बच्चों की नियमित उपस्थिति, स्वच्छता, अनुशासन, पठन-पाठन और सीखने की प्रगति से जुड़े मुद्दों पर अभिभावकों से संवाद किया गया। शिक्षकों ने गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से बच्चों की बुनियादी दक्षताओं को विकसित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में वर्ग चार की छात्रा अरीबा प्रवीण को ह्यस्टूडेंट ऑफ द मंथह्ण तथा विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय सहयोग के लिए सोनी कुमारी को ह्यपैरेंट ऑफ द मंथह्ण चुना गया।

इसके साथ ही ह्यसंकल्प ही सेवाह्ण के तहत ह्यमेरे सपनों का भारतह्ण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। बच्चों ने स्वच्छ, शिक्षित, विकसित, सुंदर और आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

प्रधान शिक्षक ने कहा कि विद्यालय में ऐसी गतिविधियों का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि बच्चों में जिज्ञासा, रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। अभिभावकों ने विद्यालय की गतिविधियों की सराहना करते हुए आगे भी सहयोग का भरोसा दिया।

# गरीब परिवार के अंतिम संस्कार में ट्रस्ट ने बढ़ाया मदद का हाथ

**राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल ट्रस्ट ने गरीब परिवार को दी अंतिम संस्कार की सहायता**



**दलसिंहसराय। एनएसबी** महात्मा गांधी रोड निवासी कुशेश्वर साह की पत्नी बिमला देवी के निधन के बाद आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के सामने अंतिम संस्कार की व्यवस्था करना मुश्किल हो गया। परिवार की आर्थिक स्थिति की जानकारी मिलने पर राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल ट्रस्ट ने सहायता का हाथ बढ़ाते हुए अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया।बताया गया कि कुशेश्वर साह पूर्व में हाथ रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उम्र अधिक हो जाने के कारण अब वे काम करने की स्थिति में नहीं हैं और घर पर ही रहते हैं। ऐसे में पत्नी के निधन के बाद परिवार पर एक साथ आर्थिक और भावनात्मक संकट आ गया। अंतिम संस्कार के लिए आवश्यक खर्च की व्यवस्था करना भी परिजनों के लिए चुनौती बन गया था।

परिवार की स्थिति की जानकारी हिमाद्रि देवनाथ एवं शैलेश कुमार ने राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजीव प्रकाश को दी। सूचना मिलने के बाद ट्रस्ट की ओर से तत्काल सहायता उपलब्ध कराई गई, जिससे परिवार को अंतिम संस्कार की व्यवस्था में मदद मिली।

इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजीव प्रकाश, सदस्य रोहित कुमार एवं सुभाष कुमार के अलावा समाजसेवी जय सिंह राजपूत, अरविंद साह उर्फ भगत जी, राजा पोद्दार, विवेक पोद्दार सहित अन्य लोग उपस्थित थे। संकट की घड़ी में मिली इस सहायता से परिवार को तत्काल राहत मिली।

# बच्चों ने रंगों में उकेरा विकसित भारत का सपना

**ह्यमेरे सपनों का भारतह्ण में बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा**

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या निकेतन के सभागार में ह्यमेरे सपनों का भारत सेवा चित्रह्ण अभियान के अंतर्गत चित्रलेखा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कागज पर उतारते हुए विकसित और आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाउपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह एवं विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित भूषण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने स्वच्छ एवं सुंदर भारत, आधुनिक शिक्षा, तकनीकी विकास, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता जैसे विषयों को अपने चित्रों में प्रमुखता से स्थान दिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाउपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों की कल्पना में देश के भविष्य की तस्वीर दिखाई देती है। चित्रकला बच्चों की रचनात्मकता को सामने लाने के साथ समाज और राष्ट्र के प्रति उनकी सोच को अभिव्यक्त करने का माध्यम भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से रचनात्मक गतिविधियों के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित भूषण ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देते हैं। साथ ही उनमें सकारात्मक सोच, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का विकास होता है।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अमित कुमार जायसवाल, पूर्व मंडलाध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह, विपिन गिरि, शिक्षक राजीव कुमार सिंह, विपिन कुमार सिंह सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा गया।

# जसम के राज्य सम्मेलन में जन संस्कृति और सामाजिक सरोकारों पर चर्चा

**समस्तीपुर कॉलेज में जसम का सातवां बिहार राज्य सम्मेलन शुरू**

**समस्तीपुर। एनएसबी** जन संस्कृति मंच (जसम) का सातवां बिहार राज्य सम्मेलन शनिवार को समस्तीपुर कॉलेज सभागार में शुरू हुआ। सम्मेलन की शुरूआत शहीद-ए-आजम भगत सिंह एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और शहीद गीत के साथ हुई। दो दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न जिलों से डेलीगेट, पर्यवेक्षक और अतिथियों सहित करीब 125 से अधिक रंगकर्मी, साहित्यकार, कलाकार, चित्रकार एवं जनगायक भाग ले रहे हैं।

सम्मेलन के मंच का नाम जनकवि सुरेंद्र प्रसाद और सभागार का नाम जनकवि महेश्वर के नाम पर रखा गया है। सम्मेलन स्थल को रामचंद्र राय-रामचंद्र आरसी नगर नाम दिया गया है।

प्रसिद्ध जनकवि मदन कश्यप ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में लोकतांत्रिक एवं जनवादी सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने तथा सामाजिक स्तर पर फासीवादी प्रवृत्तियों के विरोध की आवश्यकता पर विचार रखे।

मुख्य वक्ता जसम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कवि-आलोचक कौशल किशोर ने कहा कि भगत सिंह के विचार सामाजिक बदलाव के संघर्ष में प्रेरणा देते हैं। विशिष्ट अतिथि एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सियाराम शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

जसम के राष्ट्रीय महासचिव मनोज सिंह ने कहा कि उनके अनुसार जेनजी आंदोलन ने लोकतंत्र, संविधान, अभिव्यक्ति की आजादी और प्रगतिशील विचारों के मुद्दों को सामने रखा है। उन्होंने संगठन से जुड़े लोगों से सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने का आह्वान किया।

जसम के समस्तीपुर जिलाध्यक्ष डॉ. प्रभात कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कलाकारों एवं लेखकों से सामाजिक मुद्दों के प्रति अपनी भूमिका निभाने की अपील की।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि-कथाकार एवं आलोचक जितेंद्र कुमार, कवि-आलोचक प्रो. सुरेंद्र प्रसाद सुमन, बुद्धिजीवी प्रो. संतोष कुमार एवं उर्दू साहित्यकार प्रो. अहमद सगीर के अध्यक्ष मंडल ने की। संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी-कवि दीपक सिन्हा ने किया।

इस दौरान दीपक सिन्हा के काव्य संग्रह ह्यब्लैक स्पॉटह्ण का लोकार्पण भी किया गया। सम्मेलन स्थल पर आर्ट गैलरी और पुस्तक स्टॉल लगाया गया है। शाम को काव्य गोष्ठी सह मुशायरा आयोजित हुआ। इसके अलावा रंगनायक-द लेफ्ट थियेटर की ओर से नाटक तथा विभिन्न जनगायन टीमों की प्रस्तुतियां हुईं।

# जनता दरबार में सात जमीन मामलों की सुनवाई, पांच का निष्पादन

**जमीन विवाद के पांच मामलों का मौके पर हुआ निपटारा**



**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** अंचल कार्यालय में शनिवार को जमीन एवं राजस्व से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर जनता दरबार लगाया गया। इसमें कुल सात मामले प्रस्तुत किए गए। अधिकारियों ने दोनों पक्षों की बात सुनने और उपलब्ध दस्तावेजों एवं राजस्व अभिलेखों की जांच के बाद पांच मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया।

जनता दरबार में अंचल पदाधिकारी कुमार हर्ष, राजस्व अधिकारी अरुण कुमार शर्मा एवं एसआई रवि कुमार की मौजूदगी में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। अधिकारियों ने जमीन विवाद से जुड़े मामलों में दोनों पक्षों को अपनी बात रखने का अवसर दिया तथा उपलब्ध कागजातों के आधार पर मामले की स्थिति समझी। सुनवाई के दौरान पांच मामलों का तत्काल निष्पादन किया गया, जबकि शेष दो मामलों में आवश्यक दस्तावेजों एवं अन्य बिंदुओं की जांच के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई।

अधिकारियों ने फरियादियों से अपील की कि जमीन संबंधी विवादों के निपटारे के लिए जनता दरबार में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि भूमि विवादों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों को सुनवाई का अवसर दिया जाएगा। मौके पर राजस्व कर्मचारी राकेश कुमार सहित अन्य कर्मी एवं फरियादी मौजूद थे।

# राज्यस्तरीय कार्यशाला में सुभीत कुमार को ‘फेस ऑफ ट्रेनर‘ सम्मान

**समस्तीपुर/एनएसबी।** राज्यस्तरीय योजना निर्माण कार्यशाला में समस्तीपुर के सुभीत कुमार सिंह को ह्यफेस ऑफ ट्रेनरह्ण सम्मान से नवाजा गया। होटल मौर्या, पटना में यूनिसेफ के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय आवासीय कार्यशाला में राज्य के 26 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सुभीत कुमार सिंह पीआर इंटर विद्यालय कपूरींग्राम के विशिष्ट शिक्षक एवं स्टेट ट्रेनर हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में इक्विटी संभाग के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित की गई थी।

बताया गया कि प्रारंभिक प्रतिभागी सूची में समस्तीपुर जिला शामिल नहीं था। पिछले सत्र में जिले के प्रदर्शन और इक्विटी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन को देखते हुए समस्तीपुर को विशेष ह्यवाइल्ड कार्ड एंट्रीह्ण दी गई। जिले की ओर से प्रतिनिधित्व के लिए सुभीत कुमार सिंह का चयन किया गया। उन्होंने महज 20 मिनट में समस्तीपुर से संबंधित प्रस्तुति तैयार कर प्रस्तुत की। इसके बाद विषयवार संवाद, समूह चर्चा एवं योजना निर्माण की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करते हुए जिले के अनुभव और आगामी रणनीति को सामने रखा। कार्यशाला में एडोलिसेंट प्रोग्राम फॉर गर्ल्स, करियर गाइडेंस, वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता, सेल्फ-एस्टीम एवं बॉडी कॉन्फिडेंस तथा ड्रग्स एवं सब्सटेंस एब्यूज की रोकथाम जैसे विषयों पर चर्चा हुई। फेस ऑफ ट्रेनर के चयन में प्रशिक्षण कौशल, विषय की समझ, संवाद क्षमता, प्रस्तुतीकरण, समय प्रबंधन, अनुशासन, बॉडी लैंग्वेज और समूह के साथ सहभागिता जैसे मानकों को आधार बनाया गया। उनकी उपलब्धि पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद गुप्ता, डीपीओ समग्र शिक्षा शुभम कसौधन एवं इक्विटी संभाग प्रभारी सुजीत कुमार ने बधाई दी। सुभीत कुमार सिंह ने सम्मान को नई जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि इससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता, नवाचार और विद्यालय स्तर पर कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए और प्रयास करने की प्रेरणा मिलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### निर्धारित राशि से अधिक लेने पर फोटोग्राफर का पहचान पत्र निरस्त

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश, ब्यूरो) ।** देवघाट पर एक फोटोग्राफर द्वारा तीर्थयात्री से निर्धारित राशि से अधिक राशि लिए जाने का मामला सामने आया। मामले की जानकारी मिलने के बाद संबंधित फोटोग्राफर को चिन्हित किया गया तथा उसका पहचान पत्र तत्काल निरस्त कर दिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पितृपक्ष मेला में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी अथवा अनावश्यक आर्थिक भार का सामना नहीं करना पड़े।

### घाटों पर बनाए गए सभी चेंजिंग रूम एवं शौचालयों की नियमित हो सफाई

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश, ब्यूरो)** जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को कई निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि घाटों पर बनाए गए सभी चेंजिंग रूम एवं शौचालयों की नियमित एवं लगातार सफाई सुनिश्चित की जाए। घाटों एवं आसपास के क्षेत्रों में कहीं भी गंदगी नहीं फैलने दी जाए तथा सफाई व्यवस्था की लगातार निगरानी की जाए।

### बिहार राज्य टीचर्स एसोसिएशन गोप गुट के बैनर तले प्रधान शिक्षकों के प्रखंड कार्यकारिणी का गठन

**डोभी।** बिहार राज्य टीचर्स एसोसिएशन गोप गुट के बैनर तले डोभी प्रखंड के प्रधान शिक्षकों की बैठक शेरघाटी अनुमंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें रामविलास कुमार (अध्यक्ष), मनीश कुमार (उपाध्यक्ष), शशि लता (सचिव), श्रीकांत कुमार (कोषाध्यक्ष) और मुकुत कुमार (मीडिया प्रभारी) चुने गए। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने शिक्षकों के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का संकल्प लिया।

### एमजी कॉलेज में संतुलित आहार एवं पोषण जागरूकता विषय पर प्रदर्शनी

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश, ब्यूरो)।** गया शहर का प्रतिष्ठित अल्पसंख्यक महाविद्यालय मिर्जा गालिब कॉलेज में गृह विज्ञान विभाग द्वारा संतुलित आहार एवं पोषण जागरूकता विषय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कालेज के प्राचार्य डॉ० मो० अली हुसैन ने किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ यह नहीं देखना चाहिए कि भोजन स्वादिष्ट हो बल्कि भोजन का पौष्टिक होना भी अति आवश्यक है। हमें अपनी शारीरिक जरूरत के हिसाब से भोजन को ग्रहण करना चाहिए। शासी निकाय के सचिव शकील अहमद खान ने इस कार्यक्रम के लिए अपनी तरफ से शुभकामनाएं प्रेषित कीं। प्रदर्शनी में विभिन्न तरह के व्यंजन जैसे इड़ली, कस्टर्ड, चुकंदर की रोटी, फ्रूट चाट इत्यादि प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. प्रियंका कुमारी ने किया। इस अवसर पर विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ० माला सिंह, डॉ० परवेज वहाब, डॉ० सारिम अब्बास, डॉ० अकील अहमद, डॉ० नाजनी बेगम, डॉ० सर्वत शमसी, डॉ० शब्बीर आलम सहित कई शिक्षक, शिक्षकेतरकर्मी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. इबरार खान एवं डॉ० अकरम वारिस ने दी।

### परसावां मॉडल स्कूल भवन पर घमासान, मुंडेरा बनाम परसावां आमने-सामने

**टिकारी।** कोंच प्रखंड के परसावां उच्च माध्यमिक विद्यालय के मॉडल भवन निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। एक तरफ परसावां के ग्रामीण चतुरी बिगहा में ही भवन बनाने की मांग को लेकर आयुक्त और डीएम को ज्ञापन सौंप रहे हैं, तो दूसरी तरफ मुंडेरा, जंगली बिगहा, कनौदी और घोरहा के ग्रामीणों ने 28 सितंबर से कोंच प्रखंड मुख्यालय में अनिश्चितकालीन धरना का ऐलान किया है। परसावां पक्ष का दावा ग्रामीणों का कहना है कि मध्य विद्यालय चतुरी बिगहा को 2020 में उत्क्रमित कर प्लस 2 विद्यालय (कोड- 10350107104) बनाया गया था। 75 डिसमिल के मानक के विरुद्ध 54 डिसमिल जमीन उपलब्ध है, शेष के लिए ग्रामीणों ने 100 डिसमिल जमीन दान में देने का इकरारनामा कर ग्राम सभा से पारित कराया है। बावजूद इसके भवन को मुंडेरा ले जाने का प्रयास हो रहा है। ग्रामीणों का तर्क है कि मुंडेरा से 1 किमी पर काबर हाईस्कूल पहले से है और बीएसईआईडीसी ने मुंडेरा स्थल को अनुपयुक्त बताकर प्रस्ताव रद्द भी किया था। विधायक अजय दांगी ने कहा कि 2 करोड़ की राशि स्वीकृत है, भवन चतुरी बिगहा में ही बनना चाहिए।

**मुंडेरा पक्ष का दावा :** वहीं मुंडेरा पक्ष का कहना है कि विभागीय एनोसी मिलने के बाद भी परसावां के लोग बाधा डाल रहे हैं। इसलिए चार गांवों के ग्रामीणों ने डीएम से 28 सितंबर से धरना की अनुमति मांगी है। फिलहाल प्रशासन ने दोनों पक्षों के आवेदन ले लिए हैं, निर्णय जिला स्तर से होना है।

### बीटीएमसी, बोधगया द्वारा महाबोधि मंदिर के समीप मेडिकल कैंप लगाया गया



**बोधगया।** पितृपक्ष मेला 2026 के अवसर पर गया जिले में देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा महाबोधि मंदिर के समीप मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है। इस मेडिकल कैंप के माध्यम से बोधगया एवं महाबोधि मंदिर में दर्शन एवं भ्रमण के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों को आवश्यक प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मेडिकल कैंप में प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ आवश्यक एवं जरूरी दवाइयां उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अतिरिक्त कैंप में डॉक्टर एवं चिकित्सा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि किसी तीर्थयात्री को अचानक स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर तत्काल चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा सके। पितृपक्ष मेला के दौरान गया एवं बोधगया में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं तीर्थयात्री पहुंचते हैं। ऐसे में तीर्थयात्रियों की सुविधा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बीटीएमसी द्वारा यह मेडिकल कैंप महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सहायता केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है।

### नियामतपुर-भलुआ-भीखाचक-दलेलचक सड़क गढे में तब्दील, ग्रामीणों में आक्रोश

**बेलागंज।** बेलागंज प्रखंड के नियामतपुर-भलुआ-भीखाचक से दलेलचक होते फल्गु नदी तक जाने वाली करीबह्करीब 06 किलोमीटर मुख्य सड़क इस समय पूरी तरह से बदहाल हो चुकी है। इन दिनों यह महत्वपूर्ण मार्ग पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुका है। बरसात के दिनों में स्थिति बद से बदतर हो जाती है। जिससे



स्थानीय निवासियों और राहगीरों का जीना मुहाल हो गया है। सड़क की दयनीय स्थिति के कारण रोजाना स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और आम राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले लोगों के लिए भी यह सड़क एक बड़ी मुसीबत बन चुकी है। गड्ढों से भरी इस सड़क पर आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिसमें राहगीर और यात्री चोटिल हो रहे हैं। छात्र युवा नेता मो. शेरजहां ने जिला प्रशासन समेत सांसद-विधायक से इस गंभीर समस्या पर तुरंत संज्ञान लेने और सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस रोड को लेकर लगातार ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारियों से मिल रहे हैं लेकिन अधिकारियों द्वारा सिर्फ और सिर्फ आश्वासन दिया जाता है। मो. शेरजहां ने कहा की अगर सड़क मरम्मत जल्द नहीं होगा तो उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

# भूमि अभिलेख को अद्यतन एवं त्रुटि रहित बनाने के लिए हो रहा कार्य

**अरवल (एनएसबी) ।** अरवल सदर अंचल में जमाबंदी अद्यतीकरण का कार्य किया जा रहा है।भूमि अभिलेखों को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने की दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अरवल सदर अंचल में जमाबंदी अद्यतीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता रतन परवेज के पर्यवेक्षण में संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा जमाबंदी अभिलेखों की जाँच एवं अद्यतीकरण का कार्य किया जा रहा है।



कार्यो का निरीक्षण करते डीसीसी।

जमाबंदी अद्यतीकरण के क्रम में भूमि अभिलेखों में उपलब्ध विवरणों की गहनता से जाँच की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार नियमानुसार सुधार एवं अद्यतीकरण की कार्रवाई की जा रही है, ताकि रैयतों को भूमि से संबंधित अभिलेखों में सही एवं अद्यतन जानकारी उपलब्ध हो सके।जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि जमाबंदी अद्यतीकरण से संबंधित कार्यों का पारदर्शी, नियमानुकूल एवं समयबद्ध तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्राप्त आवेदनों एवं उपलब्ध अभिलेखों की समुचित जाँच करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए। जिला प्रशासन का उद्देश्य भूमि अभिलेखों को अद्यतन रखते हुए आम नागरिकों को भूमि संबंधी सेवाएँ अधिक सुगम, पारदर्शी एवं प्रभावी रूप से उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें अपने भूमि अभिलेखों से संबंधित कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिला प्रशासन आमजनों से अपील करता है कि जमाबंदी में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा अद्यतीकरण की आवश्यकता होने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत संबंधित अंचल कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत करें।

## प्रतियोगिता परीक्षा में मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित



सम्मानित करते अतिथि।

**कुर्था (एनएसबी)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर मेरा युवा भारत के तत्वावधान में आर्यभट्ट शैक्षणिक संस्थान कुर्था में प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत के प्रखंड स्वयंसेवक अवनीश मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता परीक्षा में कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों के ज्ञान, सामान्य जागरूकता एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के प्रति उनकी रुचि को परखा गया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतियोगी भावना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना रहा। प्रतियोगिता में पंचतीर्थ गांव के अश्विन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं गोविंदपुर गांव के हिमांशु कुमार द्वितीय तथा सूरजमल बिगहा की खुशबू कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 10 अन्य छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार मिलने के बाद विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के संचालन आर्यभट्ट शैक्षणिक संस्थान के संचालक अमरजीत कुमार शिक्षक संतोष कुमार व रोहित कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के बीच इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करने से उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है और पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के प्रति भी रुचि पैदा होती है। मेरा युवा भारत के प्रखंड स्वयंसेवक अवनीश मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं सम्मान देकर उनके मनोबल को बढ़ाया गया।

## मेरे सपनों का भारत में बच्चों ने दिखाई कल्पना की उड़ान

**कुर्था (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के कई पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालयों में ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल के तहत भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय लारी में ह्यमेरे सपनों का भारत : विकसित भारत 2047ह्ल विषय पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा के साथ देशभक्ति और विकसित भारत की परिकल्पना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. अमृता भूषण राठौड़ शामिल हुईं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को सशक्त एवं विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प सभी को मिलकर पूरा करना है। युवा शक्ति और विद्यार्थियों का नवाचार देश की बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करना है। आज के विद्यार्थी ही 2047 के भारत के शिल्पकार होंगे। भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने विकसित भारत के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। इसमें प्रिया भारती ने प्रथम



प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं।

**भाषण-चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभा का प्रदर्शन**

तथा प्रियंका कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से वर्ष 2047 के विकसित भारत की अपनी कल्पना को कागज पर उकेरा। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों ने मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री संजय सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण कुमार सुमन, विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजकिशोर सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। अतिथियों एवं अधिकारियों ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## गया रेलवे स्टेशन पर पूर्व से उपलब्ध 70 सीसीटीवी कैमरों के अतिरिक्त 64 अतिरिक्त अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)।** पितृपक्ष मेला-2026 के दौरान यात्रियों की संभावित अत्यधिक भीड़, उनकी सुरक्षा तथा स्टेशन परिसर में सुगम एवं व्यवस्थित आवागमन के मद्देनजर आरपीएफ, गया द्वारा व्यापक एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मेले के दौरान यात्रियों की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, महिला सुरक्षा, निगरानी एवं त्वरित प्रतिक्रिया के उद्देश्य से निम्नलिखित विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्थानों से चयनित 100 बल सदस्यों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त 01 कंपनी स्पेशल फोर्स की तैनाती की गई है, ताकि भीड़ के अत्यधिक दबाव वाले स्थानों पर पर्याप्त एवं प्रभावी सुरक्षा बल उपलब्ध रहे। सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं बल सदस्यों के बीच त्वरित समन्वय हेतु 30



अत्याधुनिक लाउडहेलर एवं 50 हाई-फ्रीक्वेंसी वॉकी-टॉकी सेट की व्यवस्था की गई है। इनके माध्यम से आवश्यक उद्घोषणा, भीड़ नियंत्रण एवं किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित संचार सुनिश्चित किया जाएगा। गया रेलवे स्टेशन पर पूर्व से उपलब्ध 70 सीसीटीवी कैमरों के अतिरिक्त 64 अतिरिक्त अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे उन्नत फीचर्स एवं एआई आधारित तकनीक से सुसज्जित हैं, जिनके माध्यम से स्टेशन, प्लेटफॉर्म, प्रवेश-निकास एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर गतिविधियों की प्रभावी निगरानी की जा सकेगी। स्टेशन एवं उसके आसपास के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की हवाई निगरानी तथा भीड़ की स्थिति का त्वरित आकलन करने हेतु 02 अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित ड्रोन की व्यवस्था की गई है। आवश्यकता के अनुसार इनका उपयोग भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा निगरानी में किया जाएगा।

## मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ विरोध मार्च एवं पुतला फूंका गया



**अरवल (एनएसबी)।** देश की आजादी के बाद संविधान में सभी नागरिकों को वोट देने का अधिकार अनुच्छेद 326 मिला है भाजपा और मुख्य चुनाव आयुक्त संविधान को ताख पर रखते हुए आम नागरिकों की वोट काट रही है भाकपा माले के पूर्व विधायक कॉ महानंद सिंह उपेंद्र पासवान के नेतृत्व में देशव्यापी विरोध दिवस एवं पुतला फूंका गया ।संबोधित करते हुए महानंद सिंह ने कहा कि देश में भाजपा और आरएसएस आम नागरिकों की चुनाव आयुक्त के जरिए वोट काटकर सत्ता में बैठे रहना चाहती है। जिस तरह से 2023 में विपक्ष की सांसदों की सदस्यता निलंबन कर मुख्य चुनाव आयुक्त पर केश नहीं करने का कानून पास कर दिया और इस कानून के जरिए ज्ञानेश कुमार देश की जनता को और विपक्ष की पार्टी को बर्बाद करने में लगी है। एस आई आर में वोट को काटने का काम किया गया है

और भाजपा आरएसएस सरकार को फायदा पहुंचाने में है।चुनाव आयोग के तीन सदस्यों के राय से चुनाव होता है लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार दो सदस्यों के असहमति जताते हुए भी अपना काम करते गए । जबकि विपक्ष की पार्टियां 2025 से ही चुनाव आयोग के कामों पर और सत्ता में बनी मोदी सरकार को फायदा पहुंचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक के फरियाद लगाई लेकिन कोई फायदा नहीं मिला 23 सितंबर को इंडियन एक्सप्रेस में खबरों से पूरे देश में वोट चोर मोदी और ज्ञानेश कुमार की पोल खुल गई है।मोके पर शाह शाद, सुऐब आलम, रामाकांत कुमार उर्फ टुन्ना कुमार लीला वर्मा ,नंद किशोर कुमार, बादशाह प्रसाद, नीतीश कुमार, अरविंद कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## समाहरणालय सभा कक्ष में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अरवल (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार समाहरणालय सभाकक्ष, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, एवं पुलिस उपाधीक्षक, (साइबर थाना) की उपस्थिति में जिले के पुलिस पदाधिकारियों एवं अनुसंधानकताओं के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, यातायात थाना, साइबर थाना तथा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में कार्यरत अनुसंधानकताओं ने भाग लिया। इस दौरान पुलिस अनुसंधान एवं कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित बनाने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य रूप से केस डायरी के समुचित एवं गुणवत्तापूर्ण



भाग लेते पुलिसकर्मी।

संधारण, ई-साक्ष्य के उपयोग, सीसीटीएनएस के प्रभावी उपयोग, साइबर अपराध एवं आर्थिक अपराधों की तकनीकी जाँच, कांडों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन तथा वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के संग्रह एवं उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। पुलिस पदाधिकारियों एवं अनुसंधानकताओं को अनुसंधान के दौरान आधुनिक तकनीक एवं उपलब्ध डिजिटल संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने, साक्ष्यों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित रखने तथा प्रत्येक कांड में नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस पदाधिकारियों एवं अनुसंधानकताओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना, अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार करना, कांडों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन को सुनिश्चित करना तथा आधुनिक तकनीक के माध्यम से पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाना है। अरवल पुलिस अपराध नियंत्रण, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान एवं बेहतर पुलिसिंग के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## मोक्षदायिनी फल्गु नदी तट स्थित देवघाट पर श्रद्धालुओं का उमरा सैलाब

**गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो) ।** विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला 2026 के प्रथम दिन शनिवार को पवित्र फल्गु नदी के तट पर स्थित देवघाट पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। देश के विभिन्न हिस्सों से गया पहुंचे बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने देवघाट सहित विभिन्न पिंडदान स्थलों पर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति एवं मोक्ष की कामना के साथ पिंडदान एवं तर्पण किया। लगातार बारिश के बीच सुबह से ही विष्णुपद क्षेत्र एवं फल्गु नदी के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। देवघाट सहित विभिन्न घाटों पर सफाई कर्मियों द्वारा लगातार साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। घाटों पर बनाए गए चेंजिंग रूम, टॉयलेट एवं शौचालयों की नियमित सफाई कराई जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। तीर्थयात्रियों द्वारा



तर्पण एवं पूजा-अर्चना के बाद पूजन सामग्री को नदी में प्रवाहित किए जाने के कारण नदी के जल को स्वच्छ बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। सफाई कर्मियों द्वारा जाल के माध्यम से नदी में प्रवाहित पूजन सामग्री को लगातार निकालने का कार्य किया जा रहा है। इसका उद्देश्य नदी के जल को स्वच्छ बनाए रखना तथा घाटों को साफ एवं व्यवस्थित रखना है। जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर, वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार एवं नगर आयुक्त गया नगर निगम डॉ. गगन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से पितृपक्ष मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने विष्णुपद मंदिर, सोलह वेदी, देवघाट, गजाधर घाट, गायत्री घाट, गया जी डैम सहित मेला क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण किया।

## आवास प्लस योजना के चयनित लाभार्थियों की सूची जारी, वंचित परिवारों को आवेदन का मौका

**मेहंदिया (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के पहलेजा पंचायत भवन में शनिवार को आवास प्लस योजना को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत के चयनित 987 लाभार्थियों की सूची ग्रामीणों के समक्ष पढ़कर सुनाई गई। इनमें सामान्य वर्ग के 589, अनुसूचित जाति के 397 तथा अनुसूचित जनजाति के एक लाभार्थी शामिल हैं। बैठक की अध्यक्षता कलेर प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह पहलेजा पंचायत के मुखिया मुंद्रिका सिंह ने की। उन्होंने बताया कि सूची में शामिल लाभार्थियों के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके तहत संबंधित कर्मियों द्वारा स्थल निरीक्षण कर आवास की स्थिति एवं योजना के निर्धारित मानकों की जांच की जाएगी। पात्र पाए जाने वाले लाभार्थियों को नियमानुसार आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। मुखिया ने कहा कि पंचायत में अभी भी कई जरूरतमंद परिवार ऐसे हैं, जिनका नाम किसी कारणवश सूची में शामिल नहीं हो पाया

## संक्षिप्त खबरें

### थाना के निकट गोदाम में सेंधमारी कर लाखों की चोरी

**बिदुपुर/एनएसबी।** हाजीपुर-महनार मुख्य मार्ग स्थित मायाराम हाट में थाना से महज करीब 100 मीटर की दूरी पर संजय किराना स्टोर के पीछे स्थित गोदाम में शुक्रवार की रात चोरों ने सेंध लगा दी। चोर पीछे की दीवार तोड़कर अंदर घुसे और गोदाम के भीतर के दरवाजे की लोहे की कुंडी तोड़कर महंगे चावल की बोरी, रहर दाल की बोरी, रिफाइन तेल के डिब्बे और सरसो तेल के कार्टून समेत करीब डेढ़ लाख रुपये से अधिक का सामान लेकर फरार हो गए। शनिवार को दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा तो गोदाम में सामान बिखरा मिला और चोरी का पता चला। वारदात की जगह और थाना के बीच की दूरी ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। दुकानदार का कहना है कि चोरी में करीब डेढ़ लाख रुपये से अधिक का सामान गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बिदुपुर थाना क्षेत्र में सितंबर माह में अब तक आधा दर्जन से अधिक बड़ी चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इनमें कई वारदातें बंद घरों, दुकानों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर की गईं। छोटे स्तर की साइकिल, गैस सिलेंडर, अनाज की बोरी और पाइप चोरी की घटनाएं अलग हैं, जिनमें कई मामलों की शिकायत तक थाने में नहीं पहुंचती।

### वैशाली: दोस्त ने ही दोस्त को मारी गोली हालत गंभीर

**हाजीपुर/एनएसबी।** नगर थाना क्षेत्र के नखास क्षेत्र में देर रात एक युवक ने अपने ही दोस्त को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को आनन-फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। घायल की पहचान नगर थाना क्षेत्र के नखत चौक मीठा कुआं निवासी राजेंद्र महतो के पुत्र भोला महतो के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि भोला अपने दोस्त के साथ प्रकाश चौक के पास बैठा था, तभी किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। स्थानीय लोगों ने समझा-बुझाकर दोनों को घर भेज दिया था, लेकिन कुछ देर बाद ही उसके दोस्त ने सीने में गोली मार दी और मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।

### सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**हाजीपुर/एनएसबी।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मध्य विद्यालय कुतुबपुर एकारा हाजीपुर में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में सामाजिक पर्यावरण एवं सेवा संकल्प के विभिन्न सरोकारों से उन्हें जोड़ते हुए उस दिशा में प्रेरित करना था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ पंकज कुमार ने बताया कि शिक्षक अभिभावक गोष्ठी में हमेशा विभिन्न विषयों को लिया जाता है एवं अभिभावकों से भी उस पर व्यापक चर्चा होती है।इस बार अर्धवार्षिक परीक्षा के मूल्यांकन रिपोर्ट को साझा करने के साथ ही सेवा संकल्प अभियान की शुरूआत भी चयनित विद्यालय में हुई है। उक्त आलोक में आज पेंटिंग प्रतियोगिता में वृक्षारोपण, जल संचयन, रक्तदान, बुजुर्ग एवं बीमारों की सेवा आदि अनेक विषयों को ध्यान में रखते हुए पेंटिंग प्रतियोगिता भी रखी गई है। उपस्थित अभिभावकों ने इस अभियान की भूरि भूरि प्रशंसा की।इस अवसर पर उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र प्रसाद सिंह एवं मनोरंजन कुमार ने बताया कि बच्चों के द्वारा उत्साह पूर्वक हिस्सा लेना दशार्ता है कि उनमें सामाजिक सरोकारों से जुड़ने की ललक है। जरुरत सिर्फ उन्हें सही दिशा एवं मार्गदर्शन देने की है।इस अवसर पर प्रथम पांच प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर हिमांशु प्रधान, संगीता कुमारी, सुमन एवं फौजिया नफीस भी उपस्थित थीं।



### अग्नि सुरक्षा को लेकर महनार संत जोसेफ स्कूल में मॉक ड्रिल

**अग्निशमन पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को आग से बचाव और अग्निशामक यंत्र के उपयोग की दी जानकारी**

**महनार/एनएसबी।** अंबेडकर चौक स्थित महनार संत जोसेफ स्कूल में अग्नि सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह तथा सहायक अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी संतोष कुमार ने विद्यार्थियों और स्कूल कर्मियों को आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी। इस दौरान गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में उसे नियंत्रित करने तथा अग्निशामक यंत्र के सही इस्तेमाल का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि आग लगने पर घबराने के बजाय तत्काल सुरक्षित स्थान पर पहुंचकर अग्निशमन विभाग को सूचना देनी चाहिए। साथ ही घर और विद्यालय में बिजली उपकरण, गैस सिलेंडर तथा ज्वलनशील पदार्थों के इस्तेमाल में सावधानी बरतने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्कूल के डायरेक्टर उदय शंकर जायसवाल, प्राचार्य श्रीकांत जायसवाल, पंकज कुमार राय, ऋतिक सिंह, सुरेश सिंह, सुशील कुमार जायसवाल, अशोक कुमार सिंह, विवेक कुमार मिश्रा, रणधीर कुमार मिश्रा, धनंजय मिश्रा, गौरवजीत सिंह और राहुल सिन्हा सहित अन्य मौजूद रहे।




### बिहार विधान सभा के प्रथम अध्यक्ष पद्मभूषण श्रद्धेय विंदेश्वरी प्रसाद वर्मा जी की जयंती मनाई गई

**हाजीपुर/एनएसबी।** बिहार विधान सभा के प्रथम अध्यक्ष पद्मभूषण श्रद्धेय विंदेश्वरी प्रसाद वर्मा जी की 140 वी जयंती जयप्रकाश इवनिंग इंटर कॉलेज, औद्योगिक क्षेत्र, हाजीपुर, वैशाली में मनाया गया। श्रद्धेय विंदेश्वरी प्रसाद वर्मा जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सर्वजन समाज मंच, बिहार के संयोजक श्री संजय वर्मा ने कहा कि श्रद्धेय बिंदा बाबू वैशाली जिला के गोरौल प्रखंड के मानपुरा ग्राम के रहने वाले थे । श्री संजय वर्मा ने कहा कि श्रद्धेय बिंदा बाबू मात्र 16 वर्ष की आयु में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में भाग लिया था । वे वर्ष 1946 से 1962 तक लगातार 16 वर्षों तक बिहार विधान सभा के अध्यक्ष रहे तथा इन्हें वर्ष 1961 में भारत सरकार ने पद्मभूषण की सर्वश्रेष्ट उपाधि दिया था। आज इस महत्वपूर्ण अवसर पर सर्वजन समाज मंच,बिहार के संयोजक श्री संजय वर्मा ने राज्य सरकार से माँग किया है कि वैशाली जिला के रहने वाले बिहार विधान सभा के प्रथम अध्यक्ष पद्मभूषण श्रद्धेय विंदेश्वरी प्रसाद वर्मा जी की आदम कद प्रतिमा वैशाली समाहरणालय परिसर और गोरौल ब्लॉक के प्रांगण में लगाया जाये जिससे आने वाले नई पीढ़ी वैशाली के लाल श्रद्धेय विंदेश्वरी प्रसाद वर्मा जी को याद करते हुए गर्व महसूस कर सके।



### मेरे सपनों का भारत सेवा चित्र अभियान में दिखी बच्चों की प्रतिभा

**पटना सिटी/एनएसबी।** मेरे सपनों का भारत सेवा चित्र अभियान के तहत हुए चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखायी. गायघाट स्थित गुलजारबाग अंचल के मैकेंजी मध्य विद्यालय मे हुए प्रतियोगिता में विधायक रतनेश कुमार ने विजेता बच्चों में श्वेता झा राशि कुमारी व वैष्णवी कुमारी को सम्मानित किया. प्रधानाध्यापिका विभा रानी की अध्यक्षता में हुए प्रतियोगिता का संचालन में विद्यालय प्रबंधकारिणी सदस्य लीली रानी घोष,शिक्षक ज्योति कुमार,सुमन कुमार,अमति कुमार,विक्की दास,तुलिका दत्ता व विप्रो दास चटर्जी ने सहयोग किया. आयोजन में पटना साहिब प्रभारी अवधेश कुमार,संयोजक सीता सिन्हा,पंकज व मनीष,विनोद पासवान,गुंजन कुमार व अंजीत कुमार समेत अन्य उपस्थित थे. कुशवाहा बालिका मध्य विद्यालय मे भी चित्रकला । प्रतियोगिता में सुरिभ,रु पा कुमारी व खुशी कुमारी को प्रधानाध्यापिका सुषमा कुमारी,नरेश कुमार मेहता,अवधेश कुमार व संयोजक सीता मेहता ने सम्मानित किया.

# ‘हमारी कलेक्टर दीदी’ कार्यक्रम में डीएम द्वारा छात्र-छात्राओं को दिया गया करियर मार्गदर्शन

**हाजीपुर/एनएसबी।** ‘हमारी कलेक्टर दीदी’ कार्यक्रम अंतर्गत पुष्करणी सभागार में छात्र-छात्राओं के करियर मार्गदर्शन हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वैशाली जिले के पाँच शैक्षणिक संस्थानों—डॉ. सी.बी. रमण, भगवानपुर, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, गोरौल, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, हाजीपुर, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, बिदुपुर सहित अन्य संबंधित संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



कार्यशाला की शुरूआत छात्र-छात्राओं के विभिन्न सवालों और जिज्ञासाओं के साथ हुई। छात्र-छात्राओं ने करियर, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, अध्ययन पद्धति एवं सफलता से संबंधित अनेक प्रश्न जिला पदाधिकारी से पूछे। जिला पदाधिकारी ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का सहज एवं विस्तृत उत्तर देते हुए उन्हें लक्ष्य के प्रति सकारात्मक सोच, संयम, धैर्य और निरंतर मेहनत के महत्व को समझाया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। छात्र-छात्राएँ किसी भी माध्यम से अपने जीवन में सफल हो सकते हैं, लेकिन इसके लिए निरंतर प्रयास, अनुशासन, संयम और धैर्य जरूरी है। किसी भी परीक्षा में सफलता के लिए ईमानदारी से मेहनत और मजबूत आधारभूत तैयारी आवश्यक है।

उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि कक्षा 5वीं से 12वीं तक की एनसीईआरटी की पुस्तकों का गंभीरता से अध्ययन करें। साथ ही, नियमित रूप से अच्छे समाचार-पत्र पढ़ने की आदत विकसित करें। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी अभी से व्यवस्थित तरीके से तैयारी शुरू करते हैं, तो स्नातक स्तर तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मजबूत आधार तैयार हो सकता है। उन्होंने सभी विषयों पर समान रूप से ध्यान देने तथा अपनी मूलभूत समझ को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया।जिला पदाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को टाइम मैनेजमेंट के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी।

### गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में महीनों से एंटी रैबीज वैक्सीन नहीं, मरीज परेशान

**पटना सिटी/एनएसबी।** गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में पिछले कई महीनों से एंटी रैबीज वैक्सीन उपलब्ध नहीं रहने के कारण मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुत्ते एवं अन्य जानवरों के काटने के बाद अस्पताल पहुंचने वाले लोगों को वैक्सीन के लिए बाहर से खरीदारी करनी पड़ रही है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी भी उठानी पड़ रही है। इस गंभीर समस्या को लेकर श्री गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल सुधार समिति के महासचिव एवं सह पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, मोहम्मद जावेद, देवरत्न प्रसाद, रामनारायण सिंह,शरीफ अहमद रंगरेज शंभू शरण प्रसाद, मुन्ना जायसवाल, अजीत सिंह कुशवाहा,, बबलू जायसवाल, एजाजुद्दीन उर्फ सानू आदि ने बिहार सरकार के माननीय स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य विभाग के सचिव से मांग की है कि जनहित में गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में अविलंब पर्याप्त मात्रा में एंटी रैबीज वैक्सीन उपलब्ध कराई जाए। समिति के महासचिव बलराम चौधरी ने कहा कि सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को आवश्यक दवाएं एवं वैक्सीन अस्पताल में ही उपलब्ध होनी चाहिए।

## अग्रसेन जयंती पर मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगा सम्मान

**10वीं के तीन और 12वीं के नौ टॉपर विद्यार्थियों को प्रदान किया जाएगा चांदी का मेडल**

**पटना/एनएसबी।** अग्रसेन सेवा न्यास, पटना की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन 11 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। समारोह में समाज के उन मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने वर्ष 2026 की मैट्रिक एवं 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च अंक प्राप्त किए हैं। न्यास के अध्यक्ष अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2026 की 10वीं की परीक्षा में बिहार स्कूल बोर्ड, उइरए एवं क्ळरए में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं 12वीं की परीक्षा में आर्ट्स, साइंस एवं कॉमर्स संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 10वीं के तीन तथा 12वीं के नौ विद्यार्थियों, यानी कुल 12 मेधावी छात्र-छात्राओं को चांदी के मेडल से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज (अग्रवाल, जैन, बनिया आदि) के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। ऐसे सम्मान उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और शिक्षा के प्रति अन्य विद्यार्थियों में भी सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं।

**5 अक्टूबर तक करना होगा आवेदन**

सम्मान के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ वर्ष 2026 की मार्कशीट की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। इसके अलावा दो पासपोर्ट साइज फोटो भी जमा करने होंगे। आवेदन में विद्यार्थी का नाम, पिता का नाम, पता, मोबाइल नंबर, कक्षा (10वीं/12वीं), स्कूल/कॉलेज का नाम तथा बोर्ड का नाम स्पष्ट रूप से अंकित करना होगा।

## भुज-बरौनी अमृत भारत एक्सप्रेस का हाजीपुर जंक्शन पर ठहराव होने से लोगो मे हर्ष

**रेलमंत्री ने सांसद सह मंत्री चिराग पासवान को दिया जानकारी**

**हाजीपुर/एनएसबी।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के अथक प्रयास से हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के रेल यात्रियों को एक और महत्वपूर्ण सौगात मिली है। केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी द्वारा भुजझबरौनी अमृत भारत एक्सप्रेस का ठहराव हाजीपुर जंक्शन पर स्वीकृत किए जाने से क्षेत्र के यात्रियों में खुशी की लहर है।

हाजीपुर जंक्शन पर इस महत्वपूर्ण ट्रेन के ठहराव से हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को भी आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। लंबे समय से क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा और बेहतर रेल कनेक्टिविटी की आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस स्वीकृति के लिए लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास)के पार्षद सह जिला प्रभारी जनाब अशरफ अंसारी ने जिला इकाई एवं समस्त हाजीपुर लोकसभा क्षेत्रवासियों की ओर से केंद्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान जी तथा केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के विकास, बेहतर रेल सुविधा और आम यात्रियों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हाजीपुर जंक्शन पर अमृत भारत एक्सप्रेस का ठहराव क्षेत्र के विकास और रेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी श्री गुड्डु कुमार जायसवाल ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता की सुविधा से जुड़े विषयों को प्राथमिकता के साथ उठाया जा रहा है। रेल सेवा में विस्तार और महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव से क्षेत्र के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी तथा यात्रियों का आवागमन और अधिक सुगम होगा। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) जिला इकाई ने इस निर्णय के लिए केंद्र सरकार, रेल मंत्रालय एवं दोनों केंद्रीय मंत्रियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे हाजीपुर की जनता के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।



## ‘मेरे सपनों का भारत कार्यक्रम’ का हुआ शुभारंभ

**गोरौल/एनएसबी।** गोरौल प्रखंड के नगर पंचायत गोरौल के प्राथमिक विद्यालय गोरौल चकव्यास में "मेरे सपनों का भारत कार्यक्रम: सेवा चित्र" प्रतियोगिता का आगाज हुआ। नगर उपमुख्य पार्षद धनमंती देवी ने दीप जलाकर उद्घाटन किया।विभागीय निर्देश के आलोक में जिले में इस कार्यक्रम हेतु100 विद्यालयों का चयन किया गया । जिसमें गोरौल प्रखंड के आठ विद्यालयों का चयन किया गया है।प्रधानाध्यापक प्रणव कुमार के नेतृत्व में विद्यालय स्तर पर वर्ग 1 से 8 के बच्चों के लिए विद्यालय स्वच्छता कार्यक्रम,सामूहिक योग,पौधारोपण करते हुए छात्र ,वर्षा जल संरक्षण, आपदा राहत कार्य,रक्तदान शिविर आदि विषयों पर सेवा चित्र प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें वर्ग तीन चार एवं पांच के बच्चों ने हिस्सा लिया।जल संरक्षण विषय पर शिवानी कुमारी प्रथम स्थान, राधिका कुमारी ,द्वितीय एवं आलिया भारती तृतीय स्थान पर रही। इसमें प्रथम स्थान प्राप्त बच्चे संकुल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में 28 सितंबर एवं वहां से प्रथम स्थान प्राप्त बच्चे 3 अक्टूबर को प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर जिला जाएंगे।इन सभी बच्चों को उपमुख्य पार्षद द्वारा पुरस्कृत किया गया साथ ही इस प्रतियोगिता में उपस्थित सभी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए गए।आज के इस कार्यक्रम में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने उपमुख्य पार्षद को उपहार देकर सम्मानित किया ।शिक्षकों में शिशुपाल सुंदरम, सारिका सिंह, दीप्ति कुमारी, राजेश रंजन, रोजी परवीन,सौरभ राज एवं सुभाष कुमार उपस्थित थे।




## सेवा संकल्प अभियान के तहत किया गया पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**महुआ/एनएसबी।** महुआ प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश विद्यालयों में शिक्षा विभाग के द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में उपस्थित अभिभावकों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा विभाग के द्वारा दिए गए विभिन्न मानकों को के बारे में भी विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। इसी कड़ी में प्रखंड क्षेत्र के आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर महुआ में छमाही मूल्यांकन के उपरांत शनिवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में सभी छात्र-छात्राओं को उसके प्रोग्रेस कार्ड को सोपा गया। इस अवसर पर वर्ग पहले से लेकर आठवीं तक के छात्र- छात्राओं के बीच से प्रत्येक वर्गो के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री अरविंद कुमार आलोक शिक्षक संघ जिला सचिव पंकज कुशवाहा, सहायक शिक्षिका सुधा कुमारी, शकुंतला सिन्हा, सुमन लता, मोहम्मद अफजल हुसैन, विनीता कुमारी,आशा कुमारी ,गीता कुमारी, सारिका कुमारी के अलावा काफी संख्या में अभिभावकों के साथ-साथ छात्र-छात्रा उपस्थित थे। वही महुआ नगर परिषद स्थित राजकीय मध्य विद्यालय महुआ कन्या में भी शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित अभिभावकों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक ध्रुव कुमार के द्वारा छात्राओं के द्वारा विद्यालय में किए जा रहे पठन पाठन के अलावे उनके द्वारा समय समय पर किए जा रहे उत्कृष्ट प्रदर्शन से भी अवगत कराया। वही इस मौके पर सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यालय के छात्रों के द्वारा एक से बढ़कर एक पेंटिंग का भी निर्माण किया गया।

### पैसे के लेन देन के विवाद में पेट्रोल छिड़क जलाया था

**पुलिस आरोपित की तलाश में कर रही छापेमारी**

**पटना सिटी/एनएसबी।** चौक थाना के कैमाशिकोह के पास चाउमिन दुकान के पास शुक्र वार रात देर रात पैसा के लेन देन को लेकर हुए विवाद में आशुतोष राज पर पेट्रोल छिड़कर जलाने का प्रयास किया. इसमें जख्मी हुए आशुतोष को उपचार के लिए एनएमसीएच में भर्ती कराया गया है. वहीं किला रोड निवासी उदय राय भी पेट्रोल के अंश पड़ने की वजह से जख्मी हो गया था. एएसपी राजकिशोर सिंह ने बताया कि मारूफगंज पत्थर घाट निवासी आशुतोष राज दुकान पर चाउमिन दुकान पर मंन्चूयरियन खरीदने आया था. वहीं पर कैमाशिकोह निवासी उपेंद्र बाइक से दोस्त पोलिया के साथ दही खरीदने आया था. जहां पर आशुतोष को देख कर कहा कि तुम्हारा भाई जो पैसा लिया है,वो क्यों नहीं दे रहा है. इसी पर दोनों के बीच विवाद हुआ. इसके बाद उपेंद्र ने बोतल से उसके शरीर पर कुछ फेंका,गैस चूल्हा जलने के कारण आग पकड़ लिया.

## अग्नि वीर आदित्य कुमार के अस्थि कलश को पूरे गार्ड ऑफ ऑनर के साथ गंडक नदी में विसर्जित किया गया

**हाजीपुर/एनएसबी।** अरुणाचल प्रदेश में आए प्राकृतिक आपदा में लापता हुए अग्नि वीर आदित्य कुमार का अस्थि कलश उनके पैतृक गांव सैदपुर रजौली हाजीपुर में पहुंचा। अग्नि वीर आदित्य कुमार 14 अगस्त 2026 को बादल फटने के कारण आए प्राकृतिक आपदा में अपने यूनिट से गायब हो गए थे। बड़ी मुश्किल से उनका पार्थिव शरीर खोजा जा सका तथा उनका अंतिम दाह संस्कार उनके यूनिट में ही कर दिया गया था। आज उनके यूनिट से कर्नल सुशांत गोविल,सूबेदार मेजर संजय कुमार समेत एक पूरा दल उनका अस्थि कलश लेकर उनके घर पर पहुंचा तथा मृतक परिवार को सांत्वना दिया। इसके बाद उनके अस्थि कलश और चित्र को माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे तथा भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा था। इसके बाद शाहिद अग्निवीर आदित्य कुमार की शहादत यात्रा उनके घर से निकलकर कौन हारा घाट पहुंची। इसमें भी हजारों की संख्या में लोग भाग लिए। कौन हारा घाट में शाहिद के अस्थि कलश को पूरे गार्ड ऑफ ऑनर के साथ गंडक नदी में विसर्जित किया गया। इस अवसर पर कर्नल संजय कुमार (से. नी.)जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी,विशाल कुमार, अनुमंडल दंडाधिकारी हाजीपुर, पुलिस उपाधीक्षक चांदनी,वैशाली जिला पूर्व सैनिक संघ के तरफ से सुमन कुमार अधिवक्ता महासचिव, राजा कुंवर संगठन सचिव, एसपी यादव मुन्ना कुमार, लक्ष्मण रजक,जेपीएन सिंह, मनोहर शाह, कामेश्वर राय, जय कैलाश राय, बजरंगी सिंह, प्रेमचंद सिंह, अनिल मिश्रा, आरपी यादव, नरेश पंडित, बृजेंद्र कुमार सिंह अनिल कुमार सिंह, संजय राय समेत दर्जनों पूर्व सैनिक उपस्थित थे। इस अवसर पर लोजपा रामविलास के वरिष्ठ नेता अवधेश कुमार सिंह तथा जिला परिषद सदस्य मुकेश पासवान ने भारत सरकार के मंत्री चिराग पासवान के तरफ से शाहिद के अस्थि कलश पर माल्यार्पण किया तथा उनके परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुखिया बच्चा बाबू राय,पूर्व मुखिया आलोक चंद्र, शिक्षक विमल किशोर,सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार, पवन यादव समेत समाज के दर्जनों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



## संक्षिप्त खबरें

### अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी में निपुर्ण पथ - पढना लिखना एवं गणना थीम पर चर्चा

**बच्चों के मानसिक विकास पोषण स्वास्थ्य पर दिया गया जोर**



**फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश)** शिक्षा विभाग के निर्देश के आलोक में शनिवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय तुरुकहां में ष्निपुण पथरू पढना लिखना एवं गणना थीम पर आधारित अभिभावक - शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक चंद्रिका बैठा के नेतृत्व में आयोजित शिक्षक संगोष्ठी में उपस्थित सभी अभिभावकों का विद्यालय परिवार के तरफ से स्वागत किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य तथा बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के महत्व पर चर्चा करना था। इस दौरान अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई लिखने एवं गणना करने की क्षमता के विकास में घर और विद्यालय की संयुक्त भुमिका के बारे में बताया गया। बच्चों की शैक्षणिक प्रगति एवं नियमित उपस्थिति पर अभिभावकों से चर्चा की गई तथा बच्चों को प्रतिदिन नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक चंद्रिका बैठा ने बताया कि बच्चों की उपलब्धियों एवं प्रतिभाओं को अभिभावकों के साथ साझा किया गया। बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता पर चर्चा की गई।इस अवसर पर ष्मेरे सपनों का भारतष सेवा चित्र पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। बच्चों की प्रतिभा एवं उपलब्धियों को अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर शिक्षक नारायण राम, प्रमोद कुमार, शिक्षिका संगीता कुमारी सहित अभिभावक मौजूद रहे।

### बारिश के बीच उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी मोबाइल चार्ज करने से लेकर पेयजल तक की समस्या

**कटेया (दैनिक नवसंदेष)** बीते गुरुवार से हवा के साथ रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण प्रखंड क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है।कई इलाकों में तीन दिनों के दौरान महज करीब 10 घंटे बिजली मिलने से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है।लगातार बिजली बाधित रहने से घरों में लगे विद्युत उपकरण बंद पड़े हैं।वहीं बिजली से संचालित मोटर नहीं चलने के कारण कई घरों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। बिजली नहीं रहने से लोगों को मोबाइल फोन चार्ज करने के लिए दूसरे स्थानों का सहारा लेना पड़ा।छोटे दुकानदारों और व्यवसायियों का कामकाज भी प्रभावित हुआ।ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय तक बिजली आपूर्ति ठप रहने से लोगों को रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी। बारिश और तेज हवा के कारण बिजली के तारों व पोलों में तकनीकी खराबी आने की आशंका जताई जा रही है।उपभोक्ताओं का कहना है कि मौसम खराब होते ही बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित हो रही है।इससे बच्चों,बुजुर्गों और बीमार लोगों को अधिक परेशानी हो रही है।उपभोक्ताओं ने विभाग से जल्द खराबी दूर कर नियमित बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।वहीं विभागीय कर्मी खराबी का पता लगाकर उसे दूर करने में जुटे हैं।

### नगर थाना पुलिस ने मोबाइल -पटमारी गिरोह का किया खुलासा, तीन गिरफ्तार

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेष)** गोपालगंज में नगर थाना पुलिस ने मोबाइल झपटमारी की घटना का सफल उद्भेदन करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से झपटमारी के दो मोबाइल फोन और घटना में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल बरामद की है। बताया जाता है कि 22 सितंबर की रात पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता भोजन करने के बाद पैदल अपने आवास लौट रहे थे। इसी दौरान जंगलीया मोड़ के पास रेमंड शोरूम के समीप बाइक सवार तीन बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद नगर थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार प्रभाकर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना और मानवीय संकलन के आधार पर वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल की पहचान की। इसके बाद नन्हे कुमार राय और विकास कुमार शर्मा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी रात के समय बाइक से शहरी क्षेत्र में घूमकर पैदल आने-जाने वाले लोगों को निशाना बनाते और मौका मिलते ही मोबाइल झपटकर फरार हो जाते थे। छीने गए मोबाइल को अजय कुमार उर्फ बादल के जरिए बेचने की बात भी सामने आई। इसके बाद पुलिस ने अजय कुमार उर्फ बादल के ठिकाने पर छापेमारी कर दो मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी जारी है।



### विद्यालय से छुट्टी के बाद पति के साथ बाइक से लौट रही शिक्षिका की सड़क दुर्घटना में मौत

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)**जिले के मांझा थाना के भड़कुईया गांव के समीप एनएच-27 पर शनिवार को तेज बारिश के बीच हुए सड़क हादसे में बाइक सवार शिक्षिका की मौत हो गई, जबकि उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई.मृत शिक्षिका की पहचान नगर थाना क्षेत्र के सरैया वार्ड नंबर दो निवासी 52 वर्षीय शांति प्रभा के रूप में हुई है. वह मांझा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लंगटुहाता में शिक्षिका के पद पर कार्यरत थीं.बताया जाता है कि शांति प्रभा प्रतिदिन अपने पति विजय कुमार के साथ बाइक से विद्यालय आती-जाती थीं. शनिवार को विद्यालय में छुट्टी होने के बाद वह अपने पति के साथ बाइक से घर लौट रही थीं. इसी दौरान भड़कुईया एनएच-27 पर तेज बारिश के बीच एक अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी.टक्कर इतनी तेज थी कि शांति प्रभा बाइक से सड़क पर गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं.हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई.वहीं, उनके पति विजय कुमार भी गंभीर रूप से घायल हो गए.घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई. स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना मांझा थाना पुलिस को दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली. पुलिस ने मृत शिक्षिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया.घायल विजय कुमार को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है.पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में शामिल अज्ञात ट्रक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है.घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा सकती है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

### प्रखंड कार्यालय के सामने गिरा विशाल यूकेलिप्टस का पेड़, आवागमन ठप

**कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश)** चार दिनों से लगातार हो रही वर्षा के बीच शनिवार दोपहर कुचायकोट प्रखंड कार्यालय के सामने अचानक विशाल यूकेलिप्टस का पेड़ गिर गया।पेड़ के सड़क पर गिरने से इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।हादसे के दौरान बीएलओ की बैठक से लौट रहे दो शिक्षक बाल-बाल बच गए। पेड़ गिरने से बिजली का खंभा टूट गया और तार भी क्षतिग्रस्त हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब दो बजे सड़क किनारे स्थित यूकेलिप्टस का विशाल पेड़ अचानक धराशायी हो गया। पेड़ गिरते ही आसपास अफरातफरी मच गई। संयोगवश उस समय वहां से गुजर रहे किसी राहगीर या वाहन की चपेट में पेड़ नहीं आया।इसी दौरान बीएलओ की बैठक से लौट रहे दो शिक्षक पेड़ की चपेट में आने से बच गए।पेड़ के सड़क पर गिरने से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। आवागमन बाधित होने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।कई लोगों को वैकल्पिक रास्तों से होकर अपने गंतव्य तक जाना पड़ा।लगातार वर्षा के कारण सड़क पर गिरे पेड़ को हटाने और क्षतिग्रस्त बिजली लाइन को दुरुस्त करने में परेशानी होने की संभावना है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द पेड़ हटाकर सड़क पर आवागमन बहाल कराने की मांग की है।



# पर्यावरण मित्र डॉ. सत्य प्रकाश के कार्यों की पूर्व मंत्री ने की सराहना

**एमएलसी ने पर्यावरण मित्र को किया सम्मानित ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**



(सम्मानित करते पुर्व मंत्री व विधान पार्षद)

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए जिले के पर्यावरण मित्र डॉ. सत्य प्रकाश को सम्मानित किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती के अवसर पर शहर के राजीव रीजेंसी में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. सत्य प्रकाश को अंगवस्त्र प्रदान कर उनके पर्यावरणीय कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह सत्तारूढ़ दल के उप मुख्य सचेतक जनक चमार ने पर्यावरण मित्र डॉ. सत्य प्रकाश के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय मानवता के हितैषी थे और समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के हित एवं कल्याण पर बल देते थे। उन्होंने कहा कि इसी भावना के अनुरूप पर्यावरण मित्र डॉ. सत्य प्रकाश मानव जीवन की रक्षा के लिए पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्य में निरंतर लगे हुए हैं। उन्होंने अपना जीवन पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया है। ऐसे समाजसेवियों को समाज की ओर से प्रोत्साहन मिलना चाहिए। वहीं, एमएलसी सह बिहार आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू ने डॉ. सत्य प्रकाश को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसे लोग बहुत कम मिलते हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के समाज को स्वच्छ एवं शुद्ध हवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगातार पौधरोपण के कार्य में जुटे रहते हैं। डॉ. सत्य प्रकाश का पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण मानव सेवा का एक प्रेरणादायी उदाहरण है। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष हरिनारायण सिंह ने की, जबकि संचालन भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रकाश लाल श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर साधु शरण पाण्डेय, संघ के जिला प्रचारक जीतेश कुमार, प्रांत बौद्धिक प्रमुख राजेश कुमार, बुद्धिजीवी मंच सुशील श्रीवास्तव, जिला कार्यवाहक हेमंत कुमार, राकेश सिंह, पिंकू श्रीवास्तव, चंद्रमोहन पाण्डेय, आनंद बिहारी श्रीवास्तव, रितेश सिंह, संदेश साह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे और अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण मित्र डॉ. सत्य प्रकाश ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर संघ के सदस्यों को 21 पौधे भेंट किए। उन्होंने सभी से पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण की भी अपील की। उन्होंने कहा कि पौधरोपण केवल प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के जीवन को सुरक्षित रखने का संकल्प भी है।

**गुप्त सूचना पर माधोपुर पुलिस की कार्रवाई**

## शराब कांड का अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार



(गिरफ्तार तस्कर)

**267 लीटर से अधिक विदेशी शराब हुई थी बरामद**

**गिरफ्तार आरोपी पर पहले से कई शराबबंदी के मामले दर्ज**

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)**गोपालगंज के माधोपुर थाना क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। माधोपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए सीवान जिले के जामो बाजार थाना क्षेत्र के रहने वाले राजन कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ शराब से जुड़े कई मामले पहले से दर्ज बताए जा रहे हैं। मामला माधोपुर थाना कांड संख्या 78/26 से जुड़ा है। पुलिस के मुताबिक एक अगस्त को मोहम्मदपुर दर्जी टोला बाँसवारी में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई थी। इस दौरान मौके से करीब 267 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई थी। पुलिस की कार्रवाई के दौरान कुछ लोग मौके से फरार हो गए थे। मामले की जांच के दौरान फरार आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही थी। इसी क्रम में पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपी उपेंद्र कुशवाहा से पूछताछ की गई। पूछताछ और जांच के दौरान सामने आए मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर राजन कुमार की इस शराब कांड में संलिप्तता की पहचान की गई। इसके बाद माधोपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए राजन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी ने भी मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। हालांकि पुलिस की ओर से इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। गिरफ्तार राजन कुमार सीवान जिले के जामो बाजार थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ शराबबंदी कानून से जुड़े कई मामले पहले से दर्ज हैं। इनमें जीबी नगर तरवारा, गोपालपुर, मीरगंज और माधोपुर थाने में दर्ज मामले शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी के आपराधिक इतिहास का सत्यापन शुरू कर दिया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत माधोपुर पुलिस की यह कार्रवाई सामने आई है।

## गंडक के बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट

**नदी किनारे माइकिंग कर ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक**



(माईकिंग करते अंचल पदाधिकारी)

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)** गोपालगंज में गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर को लेकर जिला प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। नेपाल की तरफ से करीब साढ़े तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद नदी किनारे और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को लगातार सावधान किया जा रहा है। सदर सीओ रजत कुमार बरनवाल खुद प्रभावित इलाकों में पहुंचकर माइकिंग के जरिए लोगों को जरूरी दिशा-निर्देश दे रहे हैं। नेपाल से छोड़ा गया पानी अगले दिन दोपहर तक गोपालगंज पहुंचने की संभावना जताई गई है। इसे देखते हुए गंडक नदी के आसपास बसे गांवों में प्रशासन ने विशेष निगरानी शुरू कर दी है। जादोपुर दुखहरण पंचायत क्षेत्र में पहुंचकर सदर सीओ ने ग्रामीणों को नदी से दूरी बनाए रखने की अपील की। प्रशासन ने साफ कहा है कि जलस्तर बढ़ने के दौरान लोग नदी में नाव लेकर न उतरें और बच्चों समेत किसी को भी नदी के किनारे जाने की अनुमति न दें। किसानों और पशुपालकों को भी मवेशियों को नदी के आसपास नहीं ले जाने की सलाह दी गई है। सदर सीओ के मुताबिक करीब 3.5 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की सूचना है, जिसके गोपालगंज पहुंचने के बाद नदी का जलस्तर बढ़ सकता है। हालांकि जिले के तटबंध करीब 6.5 से 7 लाख क्यूसेक तक पानी का दबाव सहने में सक्षम बताए गए हैं। प्रशासन ने लोगों से घबराने के बजाय सतर्क रहने की अपील की है। जलस्तर में संभावित वृद्धि को देखते हुए धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है। नदी में नाव चलाने और आम लोगों के नदी में उतरने पर रोक को लेकर लोगों को माइकिंग के जरिए जानकारी दी जा रही है। प्रशासन का कहना है कि बढ़ते पानी के बीच नदी में जाना जानलेवा हो सकता है। नदी के किनारे पानी के दबाव से कटाव और अंडरकट की स्थिति भी बन सकती है। ऐसे में ग्रामीणों को नदी के किनारे जाने से बचने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को जरूरत पड़ने पर तटबंध के ऊंचे और सुरक्षित हिस्से की ओर जाने को कहा गया है। बारिश और बाढ़ के दौरान सांप निकलने की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने लोगों को विशेष सावधानी बरतने को कहा है। सांप काटने की स्थिति में झाड़-फूंक के बजाय तत्काल नजदीकी पीएचसी या सदर अस्पताल पहुंचने की अपील की गई है। प्रशासन के मुताबिक अस्पतालों में एंटी-वेनम की व्यवस्था उपलब्ध है। फिलहाल प्रशासन की टीमें गंडक के जलस्तर और तटबंधों पर लगातार नजर रख रही हैं। नदी किनारे बसे गांवों में माइकिंग के जरिए लोगों को अलर्ट किया जा रहा है। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों से बचने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सूचना देने की अपील की है। नेपाल से छोड़े गए पानी के गोपालगंज पहुंचने की संभावना के बीच प्रशासन की तैयारियां तेज हैं। तटबंधों की निगरानी से लेकर ग्रामीणों को सतर्क करने तक लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन का संदेश साफ हैकृघबराने की जरूरत नहीं, लेकिन सुरक्षा को लेकर किसी तरह की लापरवाही भी नहीं होनी चाहिए।

## आगामी 2 अक्टुबर की तैयारी में जुटा जदयू




(बैठक करते जिलाध्यक्ष)

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेष)** गोपालगंज जनता दल यूनाइटेड जिला कार्यालय से जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने वर्चुअल बैठक के माध्यम से आगामी 2 अक्टूबर 2026 को गोपालगंज जिला में नीतीश संवाद- जीविका के 20 साल बेमिसाल कार्यक्रम के सम्बन्ध मे वर्चुअल बैठक की बैठक में वर्चुअल बैठक में प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, विधान परिषद में मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्री शंभू कुशवाहा जी, डॉव अमरदीप जी ने गोपालगंज जद(यूव) अध्यक्ष के साथ वर्चुअल बैठक कर कहां की 2 अक्टूबर 2026 को जीविका के 20 साल पूरा हो रहा है जिसमें हमारे नेता नीतीश कुमार जी ने 20 वर्षों के मुख्यमंत्री कार्यकाल में जीविका योजना समूह का गठन कर महिलाओं के विकास के लिए जो काम किया है वे बेमिसाल है! जनता दल युनाइटेड इसे उत्सव के रूप मे दो अक्टुबर को मनायेगी! जदयू जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने कहा कि 28 सितम्बर को जदयू जिला कार्यालय में 1 बजे से कार्यक्रम की ऐतिहासिक सफलता के लिए तैयारी बैठक रखी गई है जिसमें पार्टी के मानिए सांसद मंत्री विधायक विधान पार्षद पूर्व विधायक एवं कार्यक्रम के प्रभारी पार्टी के प्रमुख साथी महिला प्रकोष्ठ के प्रमुख साथी उपस्थित रहेंगे! जनता दल युनाइटेड के कार्य कर्ता और विशेष रूप से बिहार की महिला और जीविका दिदियाँ नीतीश कुमार जी आभार व्यक्त करेगी! 20 वर्षो मे महिलाओं मे जो बदलाव हुआ है उनके जीवन में उस पर विस्तार से चर्चा होगी! बैठक में राधेश्याम साहनी, ललन मांझी, अमरेंद्र कुमार, योगेंद्र राम, राघवेंद्र सिंह, रमाशीष सिंह सहित दर्जन लोगों उपस्थित थे!

## श्रीपुर में चोरी की बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार

**गश्ती के दौरान पुलिस को देखकर भागने लगा बाइक सवार,जांच में चोरी की बाइक का खुलासा**



**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)** गोपालगंज के श्रीपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। 25 सितंबर की रात विशेष छापेमारी अभियान के तहत पुलिस गश्त कर रही थी। इसी दौरान बतराहा पेट्रोल पंप के पास एक बाइक सवार पुलिस वाहन को देखकर भागने लगा। पुलिस बल ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान उत्तर प्रदेश के देवरिया निवासी मुन्ना यादव के रूप में हुई। बाइक के कागजात नहीं दिखाने पर पुलिस ने ऑनलाइन जांच की, जिसमें बाइक मऊ जिले के रामनरेश चैहान के नाम से पंजीकृत मिली। वाहन मालिक से संपर्क करने पर उन्होंने बाइक के वर्ष 2025 में चोरी होने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद कर आरोपी के खिलाफ श्रीपुर थाना में मामला दर्ज किया और उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## 'निपुण पथ' से बच्चों में पढ़ने,लिखने व गणना की क्षमता होगी मजबूत

### अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान पर दिया गया जोर



(छात्रों को पुरस्कृत करते षिक्षक)

**कटेया (दैनिक नवसंदेष)** शिक्षा विभाग के निर्देश पर शनिवार को कटेया प्रखंड के कक्षा एक से आठ तक संचालित सभी सरकारी विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के पत्रांक 2676, दिनांक 15 सितंबर 2026 के निर्देश के आलोक में आयोजित संगोष्ठी का मुख्य विषय ह्यनिपुण पथ रू पढ़ना, लिखना एवं गणनाह्ल रहा।इसमें बच्चों की बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को मजबूत करने में विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों की भूमिका पर चर्चा की गई।संगोष्ठी में शिक्षकों ने अभिभावकों को बताया कि प्रारंभिक कक्षाओं में बच्चों की पढ़ने, लिखने और गणना करने की क्षमता मजबूत होना उनके आगे के शैक्षणिक विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।इसके लिए विद्यालय में कराई जाने वाली शैक्षणिक गतिविधियों के साथ घर पर भी बच्चों को नियमित अभ्यास कराने की जरूरत है।शिक्षकों ने अभिभावकों को घर पर बच्चों के साथ भाषा और गणित से जुड़ी सरल गतिविधियां कराने के तरीके बताए।बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करने,अक्षर व शब्द पहचानने, लिखने तथा दैनिक जीवन के उदाहरणों से जोड़-घटाव और संख्या ज्ञान का अभ्यास कराने के लिए प्रेरित किया गया।संगोष्ठी के दौरान बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने पर भी चर्चा हुई।शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा घर पर उनकी पढ़ाई में सहयोग करने की अपील की।

## विकास योजनाओं को समय पर पूरा कराने के लिए डीएम ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश




(बैठक में मौजुद अधिकारी व अन्य)

**गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)** गोपालगंज में विकास और आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं को रफ्तार देने के लिए जिला प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। डीएम समीर सौरभ ने जिले में चल रही विभिन्न निर्माण योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों और कार्यकारी एजेंसियों को समय सीमा के भीतर काम पूरा कराने का निर्देश दिया है। समीक्षा के दौरान सांसद एवं मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना, पंचायत सरकार भवन, सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड और आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण समेत कई योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। समाहरणालय में हुई समीक्षा बैठक के दौरान डीएम ने योजनाओं की वर्तमान स्थिति, निर्माण कार्य की प्रगति, भूमि से जुड़े मामलों और लंबित अनापत्ति प्रमाण पत्र की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रशासनिक स्तर पर लंबित मामलों का जल्द निपटारा कर निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। पंचायत सरकार भवनों के निर्माण की समीक्षा करते हुए डीएम ने कार्यपालक अभियंताओं को निर्माण की गति बढ़ाने को कहा। स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन और भवन निर्माण प्रमंडल के अभियंताओं को निमार्णाधीन भवनों की लगातार निगरानी करने और गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में काम पूरा कराने का निर्देश दिया गया। वहीं सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड और आंगनबाड़ी केंद्र भवनों के निर्माण की भी बिंदुवार समीक्षा की गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को लंबित योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने और निर्माण कार्यों को जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। योजनाओं से संबंधित एनओसी और भूमि से जुड़े मामलों को लेकर भी डीएम ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जाए, ताकि निर्माण कार्य किसी भी स्तर पर बाधित नहीं हो। बैठक में जनगणना-2027 की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। डीएम ने जनगणना से संबंधित आगामी कार्यों को निर्धारित दिशा-निर्देश के अनुसार समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। डीएम ने सभी विभागों और कार्यकारी एजेंसियों को विकास योजनाओं की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचनाओं से जुड़ी योजनाओं का सीधा लाभ आम लोगों तक पहुंचना चाहिए। ऐसे में निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में डीडीसी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन और भवन निर्माण प्रमंडल के अभियंताओं सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।